खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 24° C

मुरादाबाद, गुरुवार 10 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 330 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार में भी चुनाव चोरी करने की कोशिशः राहुल पेज 2



टेस्ट रैंकिंग में 15 स्थान की लम्बी छलांग के साथ छठे नंबर पर पहुंचे शुभमन गिल खेल टाइम्स



ओली के हवा हवाई दावे से भारत का बेफिक्र रहना ही अच्छा सम्पादकीय



दावाः पूर्व पीएम शेख हसीना ने प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का दिया था आदेश पेज 2

# योगी ने छांगुर बाबा को दी जल्लाद की संज्ञा



**कहाः राष्ट्रविरोधी व समाज विरोधी तत्वों को चकनाचूर करके रहेंगे**

आजमगढ़, वार्ता

**सीएम योगी** आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाज विरोधी व राष्ट्रविरोधी कार्रवाई में लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। उन्होंने अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की ओर इशारा करते हुए कहा कि मंगलवार को बलरामपुर में एक जल्लाद को हम लोगों ने गिरफ्तार किया है।

वह जल्लाद हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करता था। पैसे में सौदेबाजी करता था, लेकिन अब ऐसे तत्वों के साथ सख्ती की जा रही है। हम समाज को टूटने भी नहीं देंगे और राष्ट्रविरोधी-समाजविरोधी तत्वों को भी चकनाचूर करके रहेंगे।

### छांगुर बाबा की कोठी में छह जर्मन शेफर्ड व घोड़े मिले, कोठी पर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर, बाथरूम से विदेशी सामान बरामद

**बलरामपुर।** यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की कोठी पर दूसरे दिन भी बुलडोजर चला। बलरामपुर में प्रशासन की टीम बुधवार सुबह 10 बजे कोठी में पहुंची। जहां लाल निशान लगा, उसे तोड़ना शुरू कर दिया। कोठी के अंदर एक मिनी पावर हाउस मिला है। बाथरूम में भी विदेशी ब्रांड के सामान मिले। इसके अलावा, कोठी के अंदर एक घोड़ा भी बंधा मिला। तहसीलदार राजेंद्र बहादुर ने बताया कि मंगलवार और बुधवार दो दिन की कार्रवाई में 1500 स्क्वायर फीट में बने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। 2041 स्क्वायर फीट में हुए निर्माण को प्रशासन ने अवैध बताया था। अभी 500 स्क्वायर फीट में अवैध निर्माण गिराया जाना बाकी है, जिसे गुरुवार को गिराया जाएगा। छांगुर बाबा ने 6 जर्मन शेफर्ड कुत्ते भी पाल रखे थे, जिन्हें गांव वाले उठा ले गए थे। हालांकि, जब पुलिस ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी, तो गांव वालों ने कुत्ते वापस सौंप दिए। 3 बीघे में करीब 3 करोड़ की लागत से बनी कोठी में 70 से ज्यादा कमरे और हॉल हैं। इनमें 40 कमरों वाले हिस्से को प्रशासन ने अवैध बताया है।

## जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश, दोनों पायलटों की मौत

**नई दिल्ली।** वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान राजस्थान के चुरू के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गई। वायुसेना ने कहा है कि यह विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत हो गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति गठित की गई है। वायुसेना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि भारतीय वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## ट्रेड यूनियनों के भारत बंद का नहीं दिखा खास असर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ और विभिन्न मांगों को लेकर प्रमुख ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के आह्वान का बुधवार को देशभर में मिलाजुला असर रहा। पश्चिम बंगाल और केरल में इस बंद का ज्यादा असर देखा गया और कई राज्यों में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रही। बंद का आह्वान दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने किया था। केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में आयोजित इस बंद के तहत कुछ वाम संगठनों ने राजधानी दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। दिल्ली में बंद का खास असर नहीं दिखाई दिया और यहां बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले रहे एवं सड़कों पर वाहन भी सामान्य रूप से चलते रहे। एक तरफ जहां पश्चिम बंगाल और केरल में बंद का ज्यादा असर देखने को मिला, वहीं भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में बंद का कोई खास असर नहीं दिखा। पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों और उससे संबद्ध ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के दौरान ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा। बंद के कारण सार्वजनिक परिवहन में भारी व्यवधान हुआ।

## एनआईए ने लश्कर से जुड़े मामले में तीन को किया गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े उग्रवादी की जेल में मदद करने के आरोप में जेल के मनोचिकित्सक और एक पुलिस अधिकारी सहित तीन प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी के मुताबिक बेंगलुरु और कोलार जिलों में पांच स्थानों पर व्यापक तलाशी के बाद मंगलवार को ये गिरफ्तारियां हुईं। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान केंद्रीय कारागार, परप्पाना अग्रहारा, बेंगलुरु के मनोचिकित्सक डा. नागराज, सिटी आर्म्ड रिजर्व पुलिस के सहायक पुलिस निरीक्षक चांद पाशा और एक फरार आरोपी जुनैद अहमद की मां अनीस फातिमा के तौर पर की गई है। एजेंसी के अनुसार छापेमारी में आरोपियों और अन्य संदिग्धों के घरों से डिजिटल उपकरण, नकदी, सोना और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

## युद्धपोत 'निस्तार' नौसेना में शामिल

**नई दिल्ली।** गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चलाने में सक्षम स्वदेशी युद्धपोत निस्तार नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया है। देश की प्रमुख शिपयार्ड कंपनी हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने विशाखापत्तनम में नौसेना को यह युद्धपोत सौंपा। इस युद्धपोत को भारतीय नौवहन के अनुसार डिज़ाइन और निर्मित किया गया है और यह गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चला सकता है। इसके साथ ही भारतीय नौसेना यह क्षमता हासिल करने वाली दुनिया की चुनिंदा नौसेनाओं में शामिल हो गई है। इस युद्धपोत का नाम 'निस्तार' संस्कृत से लिया गया है जिसका अर्थ मुक्ति, बचाव या मोक्ष है।

# ब्रिक्स से चिढ़ गए ट्रम्प


## भारत समेत ब्रिक्स देशों पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाएगा अमेरिका

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को ब्रिक्स देशों पर एक अगस्त से 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी। ट्रम्प ने आरोप लगाया ब्रिक्स ग्रुप अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि ब्रिक्स हमें नुकसान पहुंचाने और हमारे डॉलर को कमजोर करने के लिए बनाया गया था। जो भी ब्रिक्स में हैं उन्हें 10 फीसदी टैरिफ देना होगा। अमेरिकी डॉलर की ताकत बनी रहेगी और इसे चुनौती देने वाले को बड़ी कीमत चुकानी होगी। ट्रम्प ने कहा कि डॉलर राजा है, हम इसे ऐसे ही रखेंगे। मैं बस इतना कह रहा हूं कि अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं, तो वे कर सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मुझे नहीं लगता कि उनमें से कोई भी वो कीमत चुकाने के लिए तैयार है। भारत के बारे में पूछे जाने पर ट्रम्प ने कहा कि ब्रिक्स मेंबर होने की वजह से भारत को भी 10 फीसदी टैरिफ देना होगा, किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। ब्रिक्स ने इसकी आलोचना की है और इसे डब्ल्यूटीओ नियमों के खिलाफ बताया है। ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार समझौते की बात भी की। यह समझौता इस महीने ही या ट्रम्प की भारत यात्रा के दौरान हो सकता है। इस समझौते के तहत दोनों देश 2030 तक आपसी ट्रेड को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहते हैं। इसमें खेती और डेयरी जैसे सेक्टर शामिल नहीं होंगे। अमेरिका अपने कृषि उत्पादों, मेडिकल इक्विपमेंट और इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स पर कम टैरिफ चाहता है, जबकि भारत टेक्सटाइल एक्सपोर्ट के लिए बेहतर मौके चाहता है। ट्रम्प ने पिछली सरकारों पर तंज करते हुए कहा कि उनकी वजह से अमेरिका को नुकसान हुआ। ट्रम्प ने कहा कि मेरे पहले टर्म में सैकड़ों अरब डॉलर के टैरिफ जमा हुए। तब कोई महंगाई नहीं थी, वह देश का सबसे सफल आर्थिक समय था। मुझे लगता है कि इस बार और बेहतर होगा। हमने अभी शुरू भी नहीं किया और 100 अरब डॉलर से ज्यादा के टैरिफ जमा हो चुके हैं। कुछ देश निष्पक्ष व्यापार चाहते हैं, कुछ बिगड़ गए हैं। सालों से उन्होंने अमेरिका का फायदा उठाया है। अगर अमेरिका के पास पिछली बार जैसा मूर्ख राष्ट्रपति होता, तो आपका स्टैंडर्ड गिर जाता, यहां डॉलर नहीं होता। यह एक वर्ल्ड वॉर हारने जैसा होगा। मैं ऐसा नहीं होने दे सकता। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि एक अगस्त 2025 से टैरिफ लागू होंगे। इसमें कोई बदलाव या छूट नहीं होगी। टैरिफ का मकसद निष्पक्षता लाना है, लेकिन अगर कोई देश निष्पक्ष समझौता करना चाहे, तो बातचीत हो सकती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या एक अगस्त की डेडलाइन फिक्स है, तो ट्रम्प ने कहा कि मैं कहूंगा पक्की है, लेकिन 100 फीसदी नहीं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- डॉलर राजा है, इसे चुनौती देने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी**



# गुजरात में महिसागर नदी पर पुल गिरा, 13 लोगों की मौत

वडोदरा, वार्ता



**गुजरात में** वडोदरा जिले के पादरा क्षेत्र में बुधवार को महिसागर नदी पर बने गंभीरा पुल के अचानक ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई और अन्य छह घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस निरीक्षक विजय चरण ने बताया कि वडोदरा-आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा पुल का एक हिस्सा सुबह अचानक ढह गया, जिससे वहां से गुजर रहे चार वाहन नदी में गिर गए। उन्होंने बताया कि अब तक 13 लोगों के शव नदी से बाहर निकाले गए हैं और अन्य छह लोगों को बचा लिया गया है। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मोदी ने गुजरात हादसे में मरे लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा जिले में पुल के ढहने से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है और प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गुजरात के वडोदरा जि़ले में एक पुल के ढहने से हुई जनहानि बेहद दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

**■ मृतक आश्रितों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद का ऐलान**

# उत्तराखंड में बादल फटा

**नई दिल्ली।** यूपी में बुधवार को भारी बारिश हुई है। अयोध्या में घरों में पानी भर गया है। प्रयागराज में बारिश के पानी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई।

वाराणसी में दशाश्वमेध घाट और अस्सी घाट तक पानी पहुंच गया है। इसके चलते गंगा आरती का स्थान बदला गया है। उत्तराखंड में मानसून जमकर बरस रहा है। मंगलवार को चमोली जिले के नंदप्रयाग घाट के पास मुख गांव में बादल फटने से तबाही मच गई। एसडीआरएफ ने बताया कि जनहानि की सूचना नहीं है। सर्च जारी है। अगले चार दिन राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मध्य प्रदेश में नर्मदा उफान पर है।

**■ अयोध्या में घर, वाराणसी में घाट डूबे प्रयागराज में चार मौतें**

## पंजाब को दहलाने की साजिश नाकाम

**गुरदासपुर।** पंजाब में गुरदासपुर जिला के जंगल से हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद कर एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने पाकिस्तान स्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्य और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा समर्थित हरविंदर रिदा की एक बड़ी आतंकी साजिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

# उदयपुर फाइल्स के खिलाफ तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्सः कन्हैया लाल टेलर मर्डर' की रिलीज के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से बुधवार को इन्कार कर दिया।



न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने मोहम्मद जावेद की याचिका पर तत्काल विचार करने से इन्कार किया, लेकिन उनकी ओर से पेश अधिवक्ता से कहा कि वो 14 जुलाई को (गर्मी की छुट्टियों के बाद) अदालतें फिर से सामान्य रूप से खुलने पर मामले का उल्लेख कर सकते हैं। जावेद उदयपुर के 2022 को कन्हैया लाल तेली हत्याकांड के आरोपियों में शामिल है। उसने 11 जुलाई को रिलीज के लिए तैयार इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है।

## तहव्वुर राणा की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एनआईए कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ा दी है। वहीं, एनआईए ने बुधवार को राणा के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। कोर्ट 13 अगस्त को इस चार्जशीट पर सुनवाई करेगी। ये राणा के खिलाफ दूसरी चार्जशीट है।

# वोटर लिस्ट में कोई गैर भारतीय नहीं रहेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची की स्क्रीनिंग पर मचे राजनीतिक कोहराम के बीच चुनाव आयोग (ईसीआई) ने साफ किया है कि यह कवायद देश के हर राज्य में की जाएगी। इसमें घर-घर जाकर मतदाताओं की पुष्टि की जाएगी।



इसके जरिये ईसीआई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि कोई गैर भारतीय वोटर लिस्ट में न रहे। आयोग के सूत्रों ने बताया कि अगली बारी उन राज्यों की है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी शामिल हैं। बिहार में चुनाव के बाद इन राज्यों में अभियान चलाया जाएगा। इस कवायद की असली परीक्षा असम और पश्चिम बंगाल में होगी। यहां बांग्लादेशी घुसपैठियों की मौजूदगी पर पहले से राजनीति गरमाई हुई है। 2029 से पहले सभी राज्यों में स्क्रीनिंग करने की योजना अगले फेज में उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, गोवा और मणिपुर का नंबर है। यहां 2027 में चुनाव हैं। सूत्रों ने बताया कि 2029 में लोकसभा चुनाव से पहले सभी राज्यों की वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग पूरी करने की योजना है। 2028-29 में 17 राज्यों के चुनाव हैं। वहीं, विपक्ष ने आयोग के फैसले पर सवाल उठाते हुए आंदोलन का ऐलान किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) और विपक्षी पार्टियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिकाओं में तर्क दिया गया है कि नागरिकता तय करना आयोग का नहीं, सरकार का काम है। स्क्रीनिंग के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे दस्तावेज मान्य नहीं हैं, जबकि बिहार के 90 फीसदी लोगों के पास यही हैं। लाखों लोग दूसरे राज्यों में जाते हैं। यह उनके लिए बड़ी चुनौती है। मामले 10 जुलाई को सुनवाई होनी है।

**■ स्क्रीनिंग का बिहार मॉडल पूरे देश में लागू करने की तैयारी, अगला नंबर असम और बंगाल का**

# भारत-नामीबिया ने रक्षा तथा सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**विडहोक/नई दिल्ली।** नामीबिया की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नामीबियाई राष्ट्रपति डा. नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने बुधवार को यहां वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा और रक्षा तथा सुरक्षा सहित विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

वार्ता के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा और मैंने आज अपनी वार्ता के दौरान भारत-नामीबिया संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की।

## मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

**विडहोक /नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ़ द मोस्ट एन्शिएंट वेल्वित्शिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया है।

# टैक्स को लेकर भाजपा नेताओं का प्रदर्शन

## भाजपाइयों की चेयरमैन से तीखी नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा शासनादेश के तहत सर्वसम्मति से लागू किए गए हाउस टैक्स और जलकर टैक्स के विरोध में सत्ताधारी भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने पालिका परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी के बीच जमकर तीखी बहस हुई।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मुकेश रस्तौगी, डॉ. विनीत देवरा, पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुजम्मा, अमित शर्मा, शशांक विश्नोई, जब्बार अंसारी, सुरेश तोमर, आदेश कुमार, राधे प्रजापति, अशोक शर्मा, शैलेन्द्र बब्बू, सुरेंद्र कुमार त्यागी, प्यारे लाल सैनी, प्रमोद बाल्मीकि, नीटू जोशी, जयपाल सिंह, इकबाल चौधरी, पीयूष रस्तौगी, आसिफ मंसूरी, आदेश कुमार, सतेंद्र कुमार, अरविंद्र बाल्मीकि, आमिर, उमर, सुरेंद्र शर्मा व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर नगर पालिका परिसर में एक धरना प्रदर्शन किया गया। भाजपाइयों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा हाउस टैक्स, जलकर टैक्स में की गई बढ़ोतरी की वजह से सरकार बदनाम हो रही है और इससे नगर की जनता पर भी भार पड़ रहा है, इसको वापस लिया जाए।

इस मौके पर भाजपा नेताओं ने अपने-अपने विचार शांतिपूर्वक रखें तो वही जब प्रदर्शन के दौरान भाजपा समर्थक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े युवा नेता पीयूष रस्तोगी के भड़काऊ भाषण से माहौल तनावपूर्ण हो गया। अपने ऑफिस से निकल कर आए पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि यह हाउस टैक्स और जलकर टैक्स हमारे द्वारा नहीं लगाया गया है। यह शासन का आदेश है और मैं नहीं चाहता हूं कि नगर की जनता पर किसी तरह का कोई भी बोझ डाला जाए यदि आप सभी लोग प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समय ले लो और मैं तुम सबको अपने खर्चे पर लखनऊ लेकर चलूंगा ताकि यह हाउस टैक्स खत्म हो जाए।

भाजपा नेता और पालिकाध्यक्ष में जमकर तीखी नोंक झोंक हुई, जिसपर अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंचे पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने मामले को शांत किया और भाजपा नेताओं के द्वारा ज्ञापन अधिशासी अधिकारी को दिया गया।

सभी भाजपा नेता पालिका अध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज करने के लिए थाना परिसर में चले गए। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश रस्तोगी व डॉ. विनीत देवरा न पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। आज हुई नगर पालिका में इस कहासुनी को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। भाजपा नेताओं की तरफ से दी गई थाने में तहरीर के बारे में जब थाना प्रभारी से जानकारी करनी चाहिए तो उनका फोन रिसीव नहीं किया गया।





### दुकान खाली करने के लिए नोटिस देने पर दबाव बनाने का प्रयास: चेयरमैन

पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने बताया कि भाजपा नेता डॉ. विनीत देवड़ा के स्वर्गीय पिता डॉ. नेवी शरण के नाम नगर पालिका की छह दुकान अलॉट की गई थी। अब काफी समय पहले उनकी मृत्यु भी हो गई है। इस तरह के और भी लोग हैं, उन सभी को नगर पालिका की ओर से नोटिस दिया गया कि आप अपनी दुकान खाली करें और इन दुकानों का नवीनीकरण होते हुए फिर से बोली लगाई जाएगी। किसी दूसरे व्यक्ति को दुकान दी जाएगी और नगर पालिका की ओर से रूपए 300 का किराया किया गया है लेकिन उसको भी देने के लिए इंकार किया जा रहा है। यह नगर पालिका पर दबाव बनाने के लिए हाउस टैक्स की आड़ लेकर आए हैं ताकि उनके द्वारा नगर पालिका की संपत्ति पर जो अवैध कब्जा कर रखा है। इस संबंध में भाजपा नेता डॉ. विनीत देवरा ने कहा कि यह नगर पालिका की भूखंड जमीन है दुकान हमारी हैं। 2016 में मेरे पिताजी का देहांत हुआ था। उसके बाद भी लगातार हम 2023 तक नगर पालिका को किराया देते आए हैं और नगर पालिका को नवीनीकरण करने के लिए भी कहा गया लेकिन नगर पालिका ने खुद ही नहीं किया। नगर पालिका अध्यक्ष की पैदाइश से पहले से ही हमारे पास ही दुकान है। हमारे पास इसके बहुत कागज मौजूद हैं।

---

## एक नजर

### बीएसपीएम अभियान का शुभारंभ



**स्योहारा।** नौ जुलाई से सीएचसी में बाल स्वास्थ्य पोषण माह (बीएसपीएम) की शुरुआत हुई। अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने एक बच्चे को विटामिन ए की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। डॉ. स्नेही ने जानकारी दी कि यह अभियान प्रदेशभर में वर्ष में दो बार 6-6 माह के अंतराल पर चलता है, जिसमें 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की 9 खुराकें दी जाती हैं। इससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और वे कुपोषण से सुरक्षित रहते हैं। विटामिन ए आंखों की रोशनी, दस्त और श्वांस रोगों से बचाव में मदद करता है। अभियान के तहत छाया वीएचएनडी यूएचएनडी सत्रों के माध्यम से बच्चों को खुराक दी जाएगी। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की सूची तैयार करने और उन्हें सत्रों में लाने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित सत्रों का निरीक्षण भी अधीक्षक द्वारा किया गया। इस अवसर पर वीर सिंह आईओ, राजेश कुमार (हेल्थ सुपरवाइजर) हरीश कुमार शालिनी बिश्नोई (बीपीएम), मौहम्मद फारूख, मुकेश शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

### कृषि उत्पादन मंडी समिति में पौधारोपण



**चांदपुर।** नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर मंडी सचिव ने कहा कि जो व्यक्ति एक पौधा मां के नाम लगाएं वो पौधे की सुरक्षा का प्रण भी ले, तभी हम अपने वचन को पूर्ण कर सकेंगे। पशु एवं पर्यावरण प्रेमी वीरेंद्र राजपूत ने कहा कि वृक्ष हमारी धरती का श्रृंगार है, ये श्रृंगार मनुष्य जाति को प्राण वायु प्रदान करते है, पशु पक्षियों, पर्यावरण के लिए भी एक अमिट अमूल्य धरोहर होते हैं। इस अवसर पर मण्डी सचिव अभिषेक शर्मा, मंडी निरीक्षक पूनम रानी, रोहिताश सिंह, मनीष कुमार, विपिन कुमार, समाजसेवी वीरेंद्र राजपूत, आशु गोयल, निखिल अग्रवाल, अरविंद जोशी, प्रदीप ठाकुर, संजय चौहान, अमरकांत शर्मा, सुशील कुमार गुप्ता, अश्वनी और लकी टॉक मौजूद रहे। वीरेंद्र राजपूत ने बताया कि पौधारोपण पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने पेड़ पौधों के रखरखाव का भी संकल्प लिया।

---

## सराय आलम पहुंचे चंद्रशेखर मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना



**नांगल सोती।** गांव सराय आलम निवासी इस्तेकार (41 वर्ष) व उसकी पत्नी यास्मीन 27 जून को बाइक से दवाई लेने रुड़की (उत्तराखंड) गए थे। वापस लौटते समय रायसी और लक्सर के बीच डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी थी, जिससे दंपति की मौके पर ही मौत हो गई थी। दंपति के पांच बच्चे हैं। बुधवार को सांसद चंद्रशेखर ने मृतकों के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों को सांत्वना दी। सांसद ने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

---

## विद्युत उप केंद्र में ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन

### जेई को सौंपा मांग पत्र, समस्याओं के समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** मुबारकपुर विद्युत उप केंद्र में ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विद्युत लाइन संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने विद्युत उप केंद्र के जेई सर्वेश कुमार को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि गांव पैगम्बरपुर और मुबा. रकपुर की विद्युत लाइन एक होने के कारण जब एक साइड की लाइन खराब होती है, तो दूसरी साइड की बिजली भी बंद हो जाती है। ग्रामीणों ने दोनों गांवों की विद्युत लाइन



अलग-अलग करने, बिजली बिल निकालने की तिथि निश्चित करने की मांग की, ताकि उन्हें पता चल सके कि कब बिल जमा करना है। साथ ही मीटर में मौजूद रीडिंग के अनुसार बिल बनाने की मांग की, ताकि उन्हें गलत बिल न मिले।

ग्रामीणों ने अघोषित विद्युत कटौती से भी मुक्ति दिलाये जाने की मांग की, ताकि उन्हें बिजली की समस्या न हो। धरना प्रदर्शन में महेंद्र पाल, कविराज सिंह, इंद्रपाल सिंह, चंद्रभान, नरेश, दिलावर, पदम सिंह, सतेंद्र कुमार, संजीव, अजय आदि शामिल रहे।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो वे आंदोलन करेंगे।

---

## पीडब्ल्यूडी का जेई मूल पद से दूर, दूसरे विभागों में 'मलाई' की तलाश में सक्रिय

### पदलोलुपता और विभागीय साठगांठ पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले के लोक निर्माण विभाग में तैनात एक जूनियर इंजीनियर इन दिनों विभागीय चर्चाओं के केंद्र में हैं। इन पर आरोप है कि वह अपने मूल पद की जिम्मेदारियों से दूरी बनाकर लगातार अन्य विभागों में चार्ज लेने में रुचि और प्रयास दोनों कर रहे हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो यह अधिकारी चांदपुर विनियमित क्षेत्र का प्रभार पहले से ही संभाले हुए हैं, अब उन्हें नूरपुर, धामपुर और अफजलगढ़ नगर पालिकाओं का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंप दिया गया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि अधिकारी यहीं नहीं रुके अब वे धामपुर विनियमित क्षेत्र का चार्ज लेने की भी कोशिश कर रहे हैं। विभाग के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि यह सब राजनीतिक संरक्षण और जिला स्तरीय अधिकारियों से गहरे मेलजोल का परिणाम है। उधर विश्वसनीय सूत्रों का दावा है कि उक्त अधिकारी ने जिला स्तर पर प्रभावशाली नेताओं और 'मठाधीशों' से नजदीकी संबंध बनाकर खुद को लगातार लाभकारी पदों पर तैनात करवा लिया है। इसका असर यह हुआ है कि कई योग्य अधिकारी किनारे कर दिए गए हैं और विभाग में असंतोष पनप रहा है।

जिस अधिकारी की मूल नियुक्ति लोक निर्माण विभाग में है, वह लगातार नगर पालिकाओं और विनियमित क्षेत्रों का प्रभार क्यों लेना चाहता है, यह सवाल अब कई वरिष्ठ अधिकारियों के मन में उठ रहा है। चर्चा यह भी है कि इन विभागों में निर्माण कार्यों से मिलने वाली कमीशन और लाभ इस दौड़ के मुख्य कारण हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या यह सिर्फ कर्तव्यनिष्ठा है या सुनियोजित पदलोलुपता?

### विस्तृत कार्यक्षेत्र, मगर सीमित समय सवालों के घेरे में कार्यशैली

बिजनौर मुख्यालय से धामपुर 40 किमी, अफजलगढ़ 75 किमी और नूरपुर 40 किमी दूर हैं। ऐसे में यह भी सवाल उठता है कि एक ही अधिकारी इतने दूर-दराज क्षेत्रों में कार्यों की निगरानी कैसे करेगा? वर्तमान में सावन और बरसात के मौसम में जब विकास कार्यों का दबाव अधिक होता है, तब एक अधिकारी के पास इतनी जिम्मेदारियां होना कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा दोनों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

### विभाग चुप, अंदरूनी चर्चा तेज

इस पूरे मामले पर विभागीय अधिकारी मौन साधे हुए हैं, कोई भी औपचारिक बयान देने को तैयार नहीं है। मगर अंदरखाने 'चार्ज के खेल' की चर्चा जोरों पर है। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या शासन प्रशासन इस तरह की साठगांठ और पदलोलुपता पर अंकुश लगाएगा, या भ्रष्टाचार यूं ही पनपता रहेगा?

---

## इंचार्ज अध्यापिका ने शिक्षामित्र से की मारपीट

### बच्चों से शौचालय में झाड़ू-पोछा कराने एवं भेदभाव करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मोहल्ला पतियापाड़ा स्थित कंपोजिट स्कूल की एक शिक्षा मित्र अध्यापिका ने अपने ही स्कूल की अध्यापिका पर स्कूल में बच्चों से झाड़ू लगवाने एवं हिंदू बच्चों के साथ भेदभाव करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए अपने साथ मारपीट करने का भी आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है।

कल देर शाम कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चांदपुर के नाम दिए अपने प्रार्थना पत्र में शिक्षामित्र अध्यापिका नुसरत जहां पत्नी मोहम्मद कासिम निवासी मोहल्ला कटारमल ने कहा कि वह कम्पोजिट स्कूल पतियापाड़ा कस्बा चांदपुर ब्लाक जलीलपुर में शिक्षा मित्र के पद पर वर्ष 2007 से कार्यरत है। प्रार्थनी का विवाद विद्यालय की इंचार्ज अध्यापिका आयशा खातून से इस बात को लेकर हुआ कि विद्यालय की इंचार्ज आयशा खातून विद्यालय में छोटे छोटे बच्चों से विद्यालय का शौचालय व गन्दगी की जबरन साफ सफाई करा रही थी। विरोध करने पर आयशा खातून ने कहा कि मैं स्कूल की इंचार्ज हूं मेरा जो मन चाहेगा मैं वह करूंगी, तुम



कौन होती हो मेरे कार्य में दखलअंदाजी करने वाली। वह मुझ पर आक्रोशित हो गई और मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने लगी। आरोप हैं कि यह ऐसी टीचर है जो कि हिन्दू बच्चों के एडमीशन भी नहीं होने देती तथा हिन्दू बच्चों के साथ अभद्र टिप्पणी व अशोभनीय व्यवहार भी करती है तथा उन्हें घृणा की दृष्टि से देखती है। प्रार्थनी ने इंचार्ज अध्यापिका आयशा खातून का इस बात को लेकर विरोध किया तो आयशा खातून ने प्रार्थनी के साथ





मारपीट व गाली गलौच की तथा प्रार्थी को जान से मारने की नियत से प्रार्थनी का गला दबा दिया और जमीन पर गिरा दिया। शोर मचने पर विद्यालय के बच्चे मौके पर एकत्रित हो गये। बच्चों की भीड़ को देख कर उसने जान से मारने की धमकी दी, जिसका प्रमाण उसके पास ऑडियो व वीडियों के रुप में सुरक्षित है। विवाद के समय इंचार्ज अध्यापिका आयशा खातून ने अपने पति रिफाकत को भी विद्यालय में बुला लिया था। उक्त आयशा खातून इससे पूर्व भी प्रार्थनी के साथ अभद्र व्यवहार कर चुकी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है।

उधर इस मामले में मुख्य अध्यापिका आशा खातून से संपर्क कर उनसे जानकारी करनी चाही लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुट गई है। जांचोपरान्त ही कार्रवाई किए जाने के बाद भी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कही है।

इस बीच मामले की जानकारी होने पर खंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर इस संबंध में जानकारी ली। जांचोपरान्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया हैं।


---

## निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी सड़कों पर

### कार्यालय/कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज एंड इंजी. नियर्स के आह्वान पर आज देश के 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की। उत्तर प्रदेश के लगभग एक लाख बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजी. नियरों और अभियंताओं ने कार्यालय/ कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के त्रिवेदी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज के महामंत्री मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के महामंत्री सुदीप दत्ता, इंडियन नेशनल



इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन के महामंत्री कुलदीप कुमार और ऑल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन के महामंत्री समर सिन्हा ने बुधवार को जारी बयान में कहा है कि केंद्र सरकार की एवं राज्य सरकारों की बिजली के निजीकरण की जन विरोधी नीतियों के विरोध में और खास कर उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में देश के सभी प्रांतों के लगभग 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर अपनी एकजुटता का परिचय दिया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि बिजली के निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाए और केंद्र सरकार से मांग की है कि विद्युत मंत्रालय इस मामले में पहल कर उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का निर्णय निरस्त करवाना सुनिश्चित करें। बिजली नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उत्तर प्रदेश में दो विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण का निर्णय वापस न लिया गया और उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों का उत्पीड़न करने की कोशिश की गई, तो देश के तमाम बिजली कर्मी मूकदर्शक नहीं रहेंगे और देशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

---

## बिहार में भी चुनाव चोरी करने की कोशिश: राहुल

**पटना, वार्ता**

राहुल गांधी बुधवार को पटना में महागठबंधन के प्रदर्शन में शामिल हुए। बिहार में वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग को लेकर विपक्षी पार्टियां विरोध कर रही हैं। यहां राहुल ने आरोप लगाया कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार के चुनाव को चुराने की साजिश रची जा रही है, उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात करते हैं। उन्हें (भाजपा) पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है। राहुल ने कहा कि आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा, कानून आपको नहीं छोड़ेगा, मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा,



**कहा: महाराष्ट्र में ऐसा कर चुके हैं, चुनाव आयोग के कमिश्नर भाजपा-आरएसएस की तरह बात कर रहे**

आप अपना काम नहीं कर रहे हो। राहुल बोले कि विधानसभा चुनाव में 10 प्रतिशत वोटर बढ़े राहुल ने कहा कि कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ, उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जीत दर्ज की। कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गई।

---

## दावा: हसीना ने दिया था प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का आदेश

### तख्तापलट से पहले अफसर से बातचीत का आडियो लीक, बोलीं- जहां दिखे, गोली मार दो

**ढाका, वार्ता**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का एक अज्ञात सरक. ारी अफसर से बातचीत का आडियो लीक हो गया है।

बीबीसी ने आडियो की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि पिछले साल तख्तापलट से पहले पूर्व पीएम ने छात्र प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई का आदेश दिया था। फोन काल पर शेख हसीना ने कहा कि मैंने उन सभी को आज रात गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। सबको कह दिया गया है, जहां भी आपको वे (प्रदर्शनकारी) दिखें, उन्हें पकड़ लीजिए। मैंने अब खुला आदेश जारी कर दिया है। अब वे घातक हथियारों का उपयोग करेंगे। वे जहां भी दिखेंगे, उनको गोली मार देंगे। बीबीसी के मुताबिक, यह आडियो 18 जुलाई, 2024 को ढाका में बांग्लादेशी पीएम के आवास से की गई एक फोन काल के दौरान रिकार्ड किया गया था। 5



अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ था। हसीना का आडियो इस साल मार्च में लीक हुआ बीबीसी ने पुलिस दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि इस काल के बाद, ढाका में मिलिट्री-ग्रेड राइफलों का इस्तेमाल किया गया। जुलाई 2024 में बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान लगभग 1400 लोग मारे गए थे।

पूर्व प्रधानमंत्री पर प्रदर्शनों के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध का भी आरोप है। शेख हसीना की यह फुटेज 5 अगस्त, 2024 की है, जब वे हेलिकाप्टर से देश छोड़कर भाग गई थीं। पीएम पद छोड़कर भारत भाग गई थीं हसीना बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कोटा सिस्टम को लेकर छात्रों का बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलेक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खरबूजा बन गईं बिजनौर पुलिस

## कोर्ट ने विवेचक के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसपी से कहा

**समीउल्लाह**

**बिजनौर।** भाजपा नेता व कारोबारी के बीच विवाद व मारपीट के मामले में शहर कोतवाली पुलिस खरबूजा बन गई है। एक तरफ भाजपा नेता उसके ऊपर पक्षपात करने और कारोबारी व उसके पुत्र की मदद करने का आरोप लगा रहे हैं। तो दूसरी तरफ कोर्ट ने भी उसके ऊपर शिकंजा कस लिया है। गंभीर धाराएं लगाने पर पुलिस खुद कटघरे में आ गई है। पुलिस की कार्रवाई को गलत मानते हुए कोर्ट ने कारोबारी को तुरंत जमानत दे दी और कारोबारी पर जानलेवा हमले की धारा में की गई कार्रवाई को कोर्ट ने अत्यधिक कठोर मानते हुए एसपी को पत्र भेजा है और विवेचक के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। शहर कोतवाली पुलिस के लिए एक तरफ कुआं और दूसरी तरफ खाई वाली स्थिति बन गई है। जबकि शहर कोतवाली पुलिस ने पूरी निष्पक्षता से काम किया है।

गौरतलब है कि छह जुलाई की रात को भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी व उनके साथी तुषार मलिक का आरा मशीन कारोबारी खालिद व उसके पुत्र अब्दुल्ला का वाहन हटाने को लेकर विवाद हुआ था। दोनों तरफ से अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया था। ऐसा नहीं है कि कोई एक पक्ष ही अकेला कसूरवार हो। मौके पर तमाम तमाशबीन जमा हो गए थे। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष व उसके दोस्त के साथ गाली-गलौच, धक्का-मुक्की व मारपीट हुई थी। शहर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक आरोपी अब्दुल्ला को हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने विवाद को देखते हुए खालिद व उसके पुत्र अब्दुल्ला के खिलाफ जान से मारने की कोशिश समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया था। लेकिन इससे भी भाजपा नेताओं का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। वह लगातार पुलिस पर दबाव बनाए हुए हैं कि फिर से कार्रवाई की जाए। इस बीच कोर्ट ने माना है कि इस मामले में ओवर एक्शन किया गया है। कोर्ट ने विवेचक द्वारा की गई कार्रवाई पर आपत्ति जताई। कोर्ट ने पाया कि न तो कोई घातक हथियार इस्तेमाल हुआ और न ही किसी को गंभीर चोट आई। इसके बावजूद आरोपी पर जानलेवा हमले की धाराएं लगाई गईं, जो प्रथम दृष्टया विवेचना की निष्पक्षता पर सवाल खड़ी करती है। कोर्ट ने पूरे मामले में पुलिस की भूमिका को अनुचित मानते हुए एसपी अभिषेक को पत्र भेजा है। इसमें मामले की दोबारा जांच कर निष्पक्षता से विवेचना करने और विवेचक पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब की यह मामला काफी गर्माया हुआ है। भाजपा नेता लगातार पुलिस पर दबाव बना रहे हैं। जबकि पुलिस ने भाजपा नेताओं के दबाव में जो कार्रवाई की है, उसमें ही गर्दन फस गई है। भाजपा नेता चाह रहे हैं कि खालिद और उसके भाई तालिब को बर्बाद कर दिया जाए। उनके कारोबार पर चोट पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इस मामले को इतना बड़ा बना दिया गया है कि हर कोई सवाल कर रहा है। सोशल मीडिया पर तो भाजपा नेताओं की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष का लाइसेंस निरस्त करने की मांग भी की जा रही है।

# धामपुर में सपा से जुड़े आदर्श चौहान गिरफ्तार

## चेक बाउंस मामले में जारी हुआ था गैर जमानती वारंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में उस वक्त हलचल मच गई जब खुद को समाजवादी पार्टी से जुड़ा बताने वाले नेता आदर्श चौहान को पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। उन पर चेक बाउंस के मामले में गैर जमानती वारंट जारी हुआ था।

जानकारी के मुताबिक आदर्श चौहान, निवासी आरएसएम तिराहा, लंबे समय से खुद को आरटीआई एक्टिविस्ट, सपा नेता और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी से जुड़े पूर्व पदाधिकारी बताते रहे हैं। उन्होंने पार्टी के किसान सभा में प्रदेश अध्यक्ष और मीडिया प्रभारी जैसे पदों पर काम किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अमरो. हा न्यायालय से जारी nbw मंगलवार को धामपुर पुलिस को प्राप्त हुआ था। कोतवाली प्रभारी राजेश चौहान की अगुवाई में टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि चौहान ने कुछ माह पूर्व एक व्यक्ति को भुगतान हेतु चेक दिया था, जो बाउंस हो गया। मामले में न्यायालय ने कई बार समन भेजे, लेकिन जब वे हाजिर नहीं हुए, तो अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया।

कोतवाल राजेश चौहान ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद चौहान को अमरोहा की अदालत में पेश किया गया है। राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले इस गिरफ्तारी को लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। उधर बताया जाता है कि कोर्ट में पेश होने के बाद फिर से राहत मिल गई।

# सीएमओ कार्यालय में गरीब विकलांगों का शोषण: पाशा

## दलालों का गिरोह सक्रिय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसो. के अध्यक्ष एम.आर.पाशा ने सीएमओ कार्यालय में विकलांगों का शोषण होने का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां पर दलालों का गिरोह सक्रिय है और इसकी सरगना चर्चित महिला है।

प्राप्त समाचार के अनुसार राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.आर. पाशा जनपद में विकलांगों की उपेक्षा से खफा है। खासतौर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में हो रही विकलांगों की उपेक्षा व शोषण को लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि सीएमओ कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। यहां पर दूरदराज से गरीब व असहाय विकलांग अपना प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जैसे-तैसे आते है। मगर यहां पर भीषण गर्मी में उनके बैठने के लिए न तो समुचित व्यवस्था होती है और न ही कूलर व पंखे लगाए जाते है। साथ ही पीने के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था भी नहीं की जाती है। जबकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपने कार्यालयों में एअर कंडीशन में आराम फरमाते रहते है। प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर विकलांगों को परेशान किया जाता है। यहां पर दलालों का गिरोह भी सक्रिय है। जिसकी मुखिया एक चर्चित महिला है। इनके द्वारा विकलांगों को डराया जाता है कि तुम्हारा ऐसा प्रमाण पत्र जारी होगा, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। इस गिरोह के द्वारा डर दिखा कर अवैध वसूली की जाती है। कई बार यह मामला उठाने के बावजूद दलालों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई। जिससे कर्मचारियों की मिलीभगत भी उजागर होती है।

# साप्ताहिक बंदी के दिन भी खुल रहा बाजार

## आदेशों का कड़ाई से पालन कराने में अफसर नाकाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में साप्ताहिक बंदी के आदेश का बिल्कुल भी पालन नहीं किया जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिला प्रशासन के द्वारा जनपद के सभी नगरों के लिए साप्ताहिक बंदी के दिन निर्धारित किए गए थे। निर्धारित दिन में इन नगरों में बाजार बंद रहना चाहिए था। बिजनौर में बुधवार का दिन बंदी के लिए निर्धारित किया गया था। मगर इसका कतई भी पालन नहीं किया जा रहा है। मुख्य बाजार से लेकर सिविल लाइन सहित अन्य बाजार आज भी पूर्व की तरह खुले रहे। किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने बाजार में पहुंच कर न तो दुकानें व अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कराने का प्रयास किया और न ही आदेशों का उल्लंघन करने पर इनका चालान काटा। खास बात यह है कि जनपद मुख्यालय पर ही साप्ताहिक बंदी के आदेश का पालन नहीं कराया जा रहा है, तो अन्य नगरों व कस्बों में कैसे बाजार बंद हो सकता है। यहां के दुकानदारों का दो टूक कहना है कि बिजनौर में जिला. धिकारी से लेकर अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय व निवास है। सबसे पहले बिजनौर मुख्यालय पर इस आदेश का पालन कराया जाना चाहिए, तब जा कर अन्य स्थानों के बाजार बंद कराए जा सकते है।





सूत्रों का कहना है कि अफसरों के भ्रष्टाचार की वजह से वह अपने आदेशों पर सख्ती के साथ अमल नहीं करा पाते है।

अफसर आदेश कर सिर्फ खानापूर्ति करते है। दूसरी तरफ विभिन्न संगठनों के द्वारा इस तरह के आदेशों का विरोध किया जाता है। वह अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए इन आदेशों पर अमल नहीं होने देते है।

## एक नजर

### रोजगार मेला 14 जुलाई को

**बिजनौर।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में राजकीय आईटीआई बिजनौर में 14 जुलाई को प्रात: 11 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न कंपनियां शामिल होंगी, जो जनपद के बेरोजगार युवाओं को साक्षात्कार के बाद चयन कर नियुक्ति पत्र प्रदान करेगी। प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि मेले में युवक एवं युवतियां अपने समस्त शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

### चोरियों को लेकर ग्रामीणों में रोष



**कालागढ़।** बीते दिनों की रात को ग्राम भिक्कावाला में चोरों ने एक ट्यूवेल को अपना निशाना बनाते हुए ट्यूवेल से इनवर्टर बैट्री एवं कृषि यंत्र चोरी करके ले गए। चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि दो महीने पूर्व धीरेंद्र नेगी एवं धर्मेंद्र रावत के खेतों में लगे ट्यूवेल के बैटरी केबिल एवं कृषि यंत्रों की चोरी भी कर ली गई थी। जिसकी शिकायत उक्त लोगों ने थाना अफजलगढ़ में दर्ज कराई थी। लेकिन कई महीने बीत जाने के पश्चात चोरों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। ग्रामवासियों ने कई बार पुलिस प्रशासन से चोरों की खोज बीन करने के लिए गुहार लगाई, लेकिन पुलिस के हाथ चोरों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। जिससे ग्राम वासियों में रोष पनपा हुआ है। ग्राम वासियों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने के कारण चोरों के हौसले बुलंद है। ग्रामवासियों ने जल्द से जल्द पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई कर चोरों को पकड़ने की मांग की है।

### डीएम को सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर।** प्रदेश में योगी सरकार द्वारा पांच हजार विद्यालयों को बंद करने के निर्णय को लेकर समाजवादी शिक्षक सभा ने राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपते हुए इस निर्णय को वापस लेने सहित चार सूत्रीय मांगें रखी। जिला अध्यक्ष लईक अहमद खान के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिला अधिकारी जसजीत कौर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में लगभग पांच हजार विद्यालयों को बंद करने का जो निर्णय लिया है वह शिक्षा विरोधी है और संविधान के अनुच्छेद 21 ए द्वारा प्रदत मौलिक अधिकार नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा के भी प्रतिकूल है । यह निर्णय ग्रामीण एवं पिछले क्षेत्र में रहने वाले लाखों बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है। यह कदम विशेष कर पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक एवं गरीब वर्ग के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश है। ज्ञापन में मांग रखते हुए कहा गया है कि तत्काल प्रभाव से विद्यालयों को बंद करने के निर्णय को वापस लिया जाए। प्रत्येक ग्राम क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण के साथ सुलभ शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। शिक्षा क्षेत्र में बजट वृद्धि और शिक्षक बहाली की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए। साथ ही इस निर्णय पर न्यायिक और संवैधानिक जांच कराकर इसकी समीक्षा करवाई जाए और अगर सरकार द्वारा यह जन विरोधी और शिक्षा विरोधी निर्णय वापस नहीं लिया जाता है, तो समाजवादी शिक्षक सभा पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान, शिक्षक सभा के महासचिव करणवीर सिंह, एसपी गंगवार, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह नगराध्यक्ष बालेश्वर सिंह, जिला मंत्री तेजपाल सिंह, रश्मि देवी, विनीत सिंह, लाल सिंह कश्यप, हितेश यादव, संजय पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## किसान मजदूर सभा ने सौंपा मांग पत्र



**बिजनौर।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की ऑल इंडिया हड़ताल के समर्थन में अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ता दोपहर 12 बजे जिला अधिकारी कार्यालय बिजनौर पहुंचे। राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र जिला अधिकारी को दिया। मांग पत्र में कर श्रम सीं. हताओं को वापस लिए जाने, सुरभि के अधिकार बहाल करने, 300 यूनिट घरेलू बिजली उत्तर प्रदेश सरकार मुफ्त देने, स्मार्ट मीटर लगाना बंद किए जाने, उत्तर प्रदेश में सरकारी स्कूलों के विलय के आदेश को वापस लिए जाने, प्रदेश सरकार के द्वारा 69 000 सहायक अध्यापकों को हटाने वाला आदेश वापस लेने, सभी भूमिहीनों को आवास/ खेती के पट्टे दिए जाने, कृषि विपणन नीति रद्द करने, नौजवानों को रोजगार, महिलाओं को समान अधिकार दिये जाने, दलितों, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बंद किए जाने, किसान की फसल खरीदने के लिए एसपी गारंटी कानून बनाए जाने, मनरेगा मजदूरों के पैसे का भुगतान किए जाने, 200 दिन काम और 500 रुपए प्रतिदिन मनरेगा मजदूरी देने संबंधी मांगें ज्ञापन में की गई। ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड शमशाद हुसैन, जिला महासचिव सुभाष चंद्र, कुलविंदर सिंह, कपिल कुमार, रवि कुमार, डॉक्टर दानिश अली, नवनीत कुमार, मुस्तकीम, रमजान अली, जिला मीडिया प्रभारी कादिर अंसारी, शेषराज भगत, मुस्तकीम, रमजान अली, मौहम्मद सलमान आदि शामिल रहे।

# साइम राजा व मन्नान ने लगाए पौधे





## पेड़ों का जीवन में महत्व बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट व मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल मंडावर रोड किरतपुर में अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने एक पेड़ मां के नाम वृहद वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत पेड़ लगाए और जनता से भी पेड़ लगाने का आह्वान किया।

सरकार द्वारा चलाए जा रहे वृहद वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम नगर के विभिन्न जगहों पर पेड़ लगाए गए। इस क्रम में मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हाय एजुकेशन व मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल में भी उक्त अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर कॉलेज के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने बताया कि पेड़ हमारे जीवन के लिए उतना ही जरूरी है, जितना जीने के लिए खाना जरूरी है। हमें पेड़ लगाकर उसकी देखभाल एक बच्चे की तरह करनी चाहिए। स्कूल मैनेजर मरियम साईम ने भी पेड़ों का इंसान की जिंदगी में महत्व बताया।

नगर पालिका द्वारा भी एक पेड़ माँ के नाम के क्रम में पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान व पालिका अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता सहित वार्ड सभासदों द्वारा पौधरोपण किया गया। नगर पालिका टीम द्वारा जगह जगह चिन्हित किये गये स्थलों पर पर पौधे रोपित किये गये। इस कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान व अधिशासी अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा चलाये जा रहे वृहद वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत हर सदस्य को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के क्रम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। जिससे हमारा शहर हरा भरा हो व चारों तरफ हरियाली हो। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान, अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता व पालिका वार्ड सभासदगण सहित प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा, लेखाकार सुरेंद्र सिंह, बाबूराम, ज्ञानेश्वरा नंद, मुस्तकीम, उमेन्द्र, सोनू, प्रशांत, नासिर, अदनान, अजहर, नौमान, शहजाद, विजय, संजीव आदि पालिका कर्मचारी मौजूद रहें।

# पीडीए की लड़ाई नहीं लड़ रहे सपाई

## खालिद प्रकरण में भाजपाई एकजुट, मगर सपाई गुंगे-बहरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा नेताओं को विधायक बनने और सरकार बनाने के लिए पीडीए के वोट तो चाहिए, मगर अब भाजपा सरकार में पीडीए और खासतौर पर मुस्लिमों पर अत्याचार होता है, तो यह गुंगे और बहरे बन जाते है। खालिद प्रकरण में एक तरफ जहां भाजपा के मंत्री और पूर्व सांसद व सहयोगी दलों के द्वारा पुलिस प्रशासन पर नाजायज दबाव बनाने के लिए बयानबाजी, ज्ञापन एवं आंदोलन की धमकी देने का हथकंड़ा अपनाया जा रहा है, वहीं मुख्य विपक्षी दल सपा के विधायकों, जिला संगठन के पदाधिकारियों, पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसद एवं टिकट के दावेदारों ने गुंगा-बहरा बन कर पर्दे के पीछे से भाजपा की मदद करने का घिनौना काम किया है।

गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व मामूली विवाद ने अहंकार के चलते तूल पकड़ लिया था। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मछली बाजार निवासी कारोबारी खालिद एवं उनके पुत्र अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने उनका चालान कर कोर्ट में पेश किया था। मगर कोर्ट ने पिता-पुत्र को जमानत दे दी थी। उनको जमानत मिलना भाजपा के एक गुट के नेताओं को बहुत बुरा लगा। जिसके बाद पुलिस पर दबाव बनाया गया। बड़ी संख्या में पुलिस खालिद के घर पहुंच गई थी। जिसकी खबर पूरे बिजनौर में फैल गई। वहां पर बड़ी संख्या में समर्थक पहुंच गए थे। पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी ने भी वहां पहुंच कर शांति बनाए रखने का आह्वान किया था। साथ ही मौजूद पुलिस स्टाफ से घटनाक्रम की जानकारी ली थी। सूचना मिलते ही मीडियाकर्मी भी वहां पहुंच गए थे। मीडियाकर्मियों ने जब पुलिस से दबिश की वजह पूछी, तो जवाब मिला कि खालिद व अब्दुल्ला को पूछताछ के लिए थाने ले जाना है। सूत्र बताते है कि पूर्व जज मनोज कुमार ने भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से वार्ता की थी। लगभग दो घंटे बाद पुलिस यहां से खाली हाथ लौट गई थी।

इसके बाद भाजपा नेताओं की तरफ से पुलिस पर आरोप लगाए जाने लगे। किसी ने कहा कि पुलिस ने उन्हें पंखे में बिठाया और किसी ने कहा कि पुलिस ने मामला लिखत पढ़त में गंभीर नहीं बनाया। यह भी कहा गया कि पुलिस ने हथियार बरामद नहीं दिखाया। पुलिस पर पिता-पुत्र की मदद करने के आरोप लगाए गए।

इसी क्रम में मुजफ्फरनगर के पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, सहारनपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व सांसद कुंवर भारतेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह आदि रोबिन चौधरी के घर पहुंच गए और उसके प्रति सहानुभूति जताई। पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने पुलिस को कटघरे में खड़ा करते हुए चेतावनी दी कि उसकी वजह से पिता व पुत्र को जमानत मिल गई है। उन्होंने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं की गई, तो आंदोलन किया जाएगा।

आज शिवसेना (शिदे) के नेताओं ने भी जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर इस मामले में कार्यवाही की मांग की शिव सेना (शिदे) के जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह ने तो पुलिस अधीक्षक अभिषेक के ट्रांसफर तक की मांग कर डाली।

लेकिन दूसरी तरफ इकलौते सपा नेता शमशाद अंसारी को छोड़कर कोई भी सपा नेता, पदाधिकारी व विधायक इस मामले में सामने आने को तैयार नहीं है। सपा के नेता 'पीडीए' का झूनझूना तो बजा रहे है, मगर इस झूनझूने में से आवाज नहीं निकल रही है। जनपद में हजारों की संख्या में सपा के वरिष्ठ नेता मौजूद है। मगर वह शायद भाजपा सरकार के डंडे से डरते है या फिर पर्दे के पीछे से भाजपा नेताओं के मद्दगार है। यह मुस्लिमों से वोट तो मांगते है, मगर जब इस समाज के लोगों पर कोई आफत आती है, तो मैदान छोड़ कर भाग जाते है। इन्हें मुस्लिमों के घरों पर बिरयानी व चिकन फ्राई खान तो अच्छा लगता है और शादी समारोह में अपनी पूरी टीम के साथ पहुंच कर बर्तन खाली कर देते है। दावतों का लुत्फ उठाने की वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर इस तरह से वायरल करते है कि जैसे उन्होंने मेजबान पर बड़ा अहसान कर दिया है।

खालिद प्रकरण में पूरे जनपद में चर्चा आम है कि सपा नेता मुस्लिम समाज की मदद क्यों नहीं करते है। बिजनौर में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के साथ फोटो खींचवाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले तमाम वरिष्ठ नेता रहते है। मगर किसी ने भी इस मामले में मुंह खोलने की हिम्मत नहीं दिखाई। सवाल यह उठता है कि बिजनौर के मुस्लिमों को लावारिस क्यों छोड़ दिया गया है।

### आसपा व बसपा नेता भी नजरबंद

**बिजनौर।** लगता है कि आसपा व बसपा नेता भी अघोषित रूप से स्वयं नजरबंद है। आगामी विधानसभा चुनाव में यह अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेंगे और मुस्लिम समाज से हमदर्दी दिखाते हुए वोट भी मांगेंगे। मगर जब मुस्लिमों के अधिकारों की रक्षा करने की बात आती है, तो यह कहीं न कहीं दूसरे पाले में खड़े नजर आते है। बिजनौर कभी बसपा का गढ़ था। लेकिन आज बसपा इस स्थिति में पहुंच गई कि सभासद व प्रधान का चुनाव भी उसका प्रत्याशी नहीं जीत सकता है। बसपा का इतिहास मैदान छोड़ने का रहा है। बसपा नेता अपनी गलतियां सुधारने की कोशिश भी नहीं कर रहे है। बसपा के नक्शे कदम पर ही आसपा चल रही है। इस नई पार्टी के नेताओं से भी कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# वृक्षारोपण को प्राथमिकता प्रदान की जाए: डीएम

## शिथिलता बरतने पर होगा नोटिस जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नोडल अधिकारी लो. केश एम ने सभी विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि वृहद वृक्षारोपण अभियान-2025 के अंतर्गत जिन विभागों को वृक्षारोपण के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है यदि उनके द्वारा वृक्षारोपण कार्य में शिथिलता बरता जाना प्रकाश में आता है, तो उनको नोटिस जारी कर उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे तीन विभागों की पहचान की जाए जहां वृक्षारोपण में जिओ टैगिंग अथवा पौधों के संरक्षण की स्थिति असंतोषजनक है, उन विभागों को जिलाधिकारी की ओर से चेतावनी/नोटिस जारी कर उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पिछले वर्ष वृक्षारोपण के प्रमुख स्थलों पर रो. पित किए गए वृक्षों की समीक्षा की जाए कि अब तक उन स्थलों पर कितने वृक्ष जीवित हैं और उनका संरक्षण किस प्रकार किया जा रहा है।



उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंगा नदी के किनारे, खादर क्षेत्र एवं आरक्षित वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण को प्राथमिकता प्रदान की जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जलवायु सुधार में भी योगदान मिल सके। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण का प्रमुख उद्देश्य वनों की सघनता में वृद्धि करना है। अत: ऐसे पौधों का चयन किया जाए जो कम समय में विकसित हो सकें तथा दीर्घकालीन स्थायित्व रखते हों। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शैक्षिक संस्थानों (विद्यालयों) के परिसरों में अशोक के पौधे निकट दूरी पर रोपित किए जाएं ताकि वे प्राकृतिक बाउंड्री का कार्य करते हुए पर्यावरणीय सौंदर्य भी प्रदान करें तथा अमृत सरोवरों तथा नदियों के किनारे यथासम्भव अधिकतम पौधारोपण किया जाए, जिससे जल-स्रोतों की रक्षा के साथ-साथ जैव विविधता को भी बढ़ावा मिल सके। इसके अलावा औषधीय पौधों के वृक्षारोपण को प्राथमिकता दी जाए, जिससे औषधीय लाभ के साथ-साथ आर्थिक दृष्टिकोण से भी सकारात्मक प्रभाव प्राप्त हो।

नोडल अधिकारी डॉक्टर लोक. ेश ने यह भी निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास विभाग द्वारा पूर्व में कराए गए वृक्षारोपण का सर्वेक्षण कर यह आकलन किया जाए कि वर्तमान में कितने पौधे जीवित हैं। इस सफलता की प्रेरक कहानियां तैयार कर उन्हें जन-सामान्य के बीच प्रसारित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए नदी के कटाव प्रभावित क्षेत्रों में बांस (बैम्बू) के पौधों का वृक्षारोपण कराया जाए, जिससे भूमि संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों को आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो सके।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चत कराया जाएगा और वृहद वृक्षारोपण अभियान-2025 के अवसर पर रो. पित किए गए पौधों के संरक्षण के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, डीएफओ अभिनव कुमार, उपायुक्त मनरेगा, अरोड़ा, परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# दक्ष आदर्श वैदिक कालेज में लगाए फलदार पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक वृक्ष माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें छायादार व फलदार वृक्ष लगाए गए।



वृक्षारोपण कार्यक्रम से पूर्व छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य विनीत कुमार ने जीवन मे पेड़ पौधों की महत्ता का वर्णन किया तथा कहा कि वृक्षारोपण कर उसकी देखभाल भी नियमित रूप से करनी चाहिए। वृक्षों से न केवल हमे जीवनदायनी ऑक्सीजन मिलती है अपितु तमाम जड़ी बूटियां भी पेड़ पौधों से प्राप्त होती है। प्राइमरी प्रभारी विजय वर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षित एवं संतुलित करना है।

इस मौके पर मुख्य लिपिक संजय गोले, दिनेश कुमार, राकेश कुमार, देवेंद्र कुमार, राजीव कुमार, जितेंद्र कुमार, इदरीस अहमद, जाबिर अली, ब्रहमपाल सिंह, संजय कुमार आदि शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया।

## एक नजर

### विद्युत आपूर्ति आज रहेगी बाधित

**चांदपुर।** कल (आज) 33/11 केवी उपकेंद्र (टाउन) चांदपुर में टीपीएमओ के बदलने का कार्य होना प्रस्तावित है जिस कारण विद्युत उपकेंद्र की आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम दोपहर के 5 बजे तक बाधित रहेगी। सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील है कि उक्त अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था कर लें। यह जानकारी ई.ई. राजेंद्र कुमार के हवाले से उपखंड अधिकारी मनोज कुमार के निर्देशन में जेई टाउन दीपक जायसवाल ने दी है।

### नुमाइश मैदान से दो जॉइंट व्हील चोरी



**अफजलगढ़।** इकबाल गार्डन के समीप आयोजित नुमाइश समाप्त होने के बाद वहां रखा सामान मैदान में ही पड़ा हुआ था। सोमवार सुबह करीब सात से आठ बजे के बीच नुमाइश मैदान से ट्रेन की बूगी के दो जॉइंट व्हील चोरी हो गए। सामान मालिक ने बताया कि चोरी गए व्हील्स की कीमत करीब सात हजार रुपये है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि यह घटना स्थानीय व्यक्ति द्वारा अंजाम दी गई है, जिसकी सीएचसी पास चाय की दुकान है। पीड़ित द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट



**नहटौर।** मंगलवार की देर सायं को गांव चौहड़पुर निवासी योगेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय दयाराम सिंह गांव पपसरा की ओर से अपने घर आ रहा था। गांव में ही पुरानी रंजिश को लेकर छत्रपाल पक्ष ने उसे रोक लिया। आरोप है कि उसे अपने घर में खींचते हुए कमरे में बंधक बनाकर लाठी डंडों एवं धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ वार किए गए। जिससे योगेंद्र बेहोश हो गया। शोर सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और योगेंद्र को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि घायल की पत्नी नीटो की तहरीर पर कुलदीप व हिरेंद्र पुत्रगण छत्रपाल, सत्यम पुत्र हिरेंद्र, अनीता पत्नी हिरेंद्र व छत्रपाल पुत्र रिडका सिंह के खिलाफ संबंधित धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कुलदीप व हिरेंद्र को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है।

### कबड्डी में चमकेगा बिजनौर का लाल अक्षत



**नजीबाबाद।** जनपद बिजनौर के छोटे से गांव शाहपुर गंज की पृष्ठ भूमि में पलकर बड़े हुए और डीडीपीएस स्कूल से कक्षा 6 पास भाकियू के पूर्व युवा जिला उपाध्यक्ष रवि शेखर तोमर के बड़े बेटे अक्षत तोमर ने कबड्डी के खेल में अपना लोहा मनवाते हुए मंडल स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बाद अक्षत तोमर का कबड्डी खेल में की गई कड़ी मेहनत के बल पर अक्षत स्टेट लेबल का ट्रायल पास कर लिया, जिसकी वजह से अब अक्षत तोमर का एडमिशन मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स एकेडमी सैफई में कक्षा 7 में हुआ है। जहां अक्षत अब सरकारी खर्चे पर अपनी पढ़ाई के साथ कबड्डी के उच्चतम कोच के निर्देशन में कबड्डी खेलने के गुर सीखेगा, जहां अब अक्षत को नेशनल कबड्डी प्लेयर बनाने का काम किया जायेगा। आज जैसे ही अक्षत तोमर के लिंक एक्प्रेस से सैफई के लिए जाने की जानकारी भाकियू कार्यकर्ताओं को लगी तो भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ताओं ने अक्षत तोमर का नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर अक्षत को शॉल ओढा कर सम्मानित किया और अक्षत को ट्रेन में बैठाकर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मास्टर अवधेश शुक्ला, प्रियांशु चौधरी, नीतीश कुमार, रवि शेखर तोमर, तिलकराम, हेमंत चौहान, मोहित भटनागर आदि मौजूद रहे।

# इंस्टाग्राम संचालक नवेद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## अंजाम भुगतने की दी गई थी चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी को इंस्ट्राग्राम पर धमकी देने के मामले में शहर कोतवाली में इंस्ट्राग्राम आईडी नवेद 2.0x के खिलाफ शहर कोतवाली में धारा 351 (2) बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली में स्थानीय शांति नगर कॉलोनी निवासी हिमांशु कश्यप पुत्र लाल सिंह कश्यप ने तहरीर दी थी कि कुछ दिन पहले बिजनौर में विदुर कुटी रोड पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी और उनके ड्राइवर पर कुछ सां. प्रदायिक और असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किया गया था। उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। इस प्रकरण के संबंध में आठ जुलाई को ग्राम मोल्हड़पुर में न्याय प्राप्त करने हेतु सर्वसमाज के गणमान्य व्यक्तियों की एक बैठक हुई थी। जिसमें जनप्रतिनिधियों तथा पूर्व केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों ने भाग लिया था। जिसका एक रील वीडियो इंस्ट्राग्राम पर पोस्ट किया गया था। उक्त वीडियो पर साम्प्रदायिक कमेंट इंस्ट्राग्राम आईडी नवेद 2.0x द्वारा एक समुदाय विशेष को भड़काते हुए रोबिन चौधरी को अंजाम भुगतने की सांप्रदायिक धमकी दी गई।

शहर कोतवाली पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्यवाही करते हुए मुकदमा अपराध संख्या 588 धारा 351 (2) बीएनएस में पंजीकृत किया है।

# चंद्रशेखर आजाद आज पहुंचेंगे नगीना

**नगीना।** हज से लौटे हाजियों का स्वागत व सम्मान समारोह आज नगीना धामपुर रोड स्थित पैराडाइज बैंक्विट हॉल में दोपहर के लगभग 2 बजे किया जाएगा। आजाद समाज पार्टी के नगीना नगर के कार्यकर्ताओं के सहयोग से नगर के सम्मानित व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आयोजकों द्वारा हाजियों का सम्मान किया जाएगा और हाजी भी अपने हज के दौरान हुए अनुभव लोगों से साझा करेंगे। आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष मोहम्मद असलम सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर सांसद नगीना चंद्रशेखर आजाद को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है। ज्ञात हो कि हज पर जाते समय भी हाजियों की ट्रेनिंग व चिकित्सीय जांच शिविर के दौरान कई समाजसेवक सहायता के लिए पहुंचे थे और चिकित्सकों के साथ हाजियों के टीकाकरण, ट्रेनिंग आदि में सहयोग किया था।

# कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा इंजीन्यरिंग कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीन्यरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर में अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय द्वारा निर्देशित वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत आज वृक्षारोपण किया गया। जिसमें पीपल, नीम इत्यादि अनेक प्रकार के पोधे लगाए गए।



इस अवसर पर संस्था सचिव कु. उदयन वीरा, कुंवरानी रुचि वीरा (सांसद मुरादाबाद) ने कहा कि वृक्षारोपण जीवन बचाने हेतु बहुत आवश्यक है, मास का एक दिन वृक्षारोपण के लिए समर्पित हो, पेड़ बचेंगे तो जीव-समुदाय बचेगा । पेड़ रहेंगे तो लकड़ी की आवश्यकता की पूर्ति होगी और उद्ययोगों को कच्चा माल मिलता रहेगा । हमारी आगामी पीढ़ी को पेड़ों के अभाव में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा, पेड़ और वन होंगे तो वन्य-जीवन को आश्रय मिलता रहेगा।

इस अवसर पर संस्था के संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण सन्तुलन के महत्व को समझाते हुए सभी से एक एक पौधा अवश्य लगाने व उसकी उचित देखभाल करने का आह्वान किया। वृक्षारोपण वर्तमान समय की आवश्यकता है। अत: हर कोई वृक्षारोपण करे, पीपल का पेड़ सबसे अधिक ऑक्सीजन प्रदान करता है तथा हमारे जीवन में ऑक्सीजन की कितनी महत्ता है। यह सभी भली भांति जान गए है। अत: एक पेड़ काटा जाए, तो तीन पेड़ लगाए जाएं। इस अवसर पर उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत संस्था द्वारा गोद लिए गए ग्राम धर्मनगरी में भी पौधारोपण किया गया। जिसकी सभी के द्वारा प्रशंसा की गई। इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा व सभी विभागाध्यक्ष डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डॉ. अजय कुमार, डॉ. शुभम राजप. ूत, विभोर राजवंशी, सुनील भारद्वाज, डॉ. शुएब अली खान, डॉ. फैजल अंसारी आदि एवं विपिन कुमार, अमन शर्मा, एनपीएस भण्डारी, श्वेता गौड़, संगीता शर्मा, निकिता आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

# गंगा बैराज घाट पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

## 72,12,400 से अधिक पौधों का रोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज प्रात: नौ बजे कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश शासन अनिल कुमार की अध्यक्षता तथा शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी डॉ. लोकेश एम. (आई.ए.एस.) एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर के मार्गदर्शन में 'पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ' वृहद जन वृक्षारोपण महा अभियान 2025-26 (एक पेड़ मां के नाम) के उपलक्ष पर जिला बिजनौर में गंगा बैराज घाट पर वृहद जन वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला प्रशासन सहित समस्त विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं पूरे जिलेवासियों ने पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत वृक्षारोपण महाभियान में प्रतिभाग कर पौधे रो. पित किए। पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान 2025-26 के अन्तर्गत जिले में आज एक ही दिन में होने वाले वृहद वृक्षारोपण महाभियान के तहत आवंटित लक्ष्य 72,12,400 से अधिक पौधों का पौधारोपण किया गया।



आज वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत केबिनेट मंत्री द्वारा गंगा बैराज प्रांगण में एक पौधा मां के नाम से रो. पित कर वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई तथा उसके बाद नोडल अधिकारी डॉ. लोकेश एम. एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा गंगा बैराज पर ही पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर समस्त कार्यदायी संस्थाओं, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों द्वारा आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधारोपण करते हुए कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' सफल बनाने एवं रोपित किए गए पौधे को संरक्षित एवं बचाये जाने के लिए संकल्प भी लिया गया।

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा एवं अनुरक्षण करने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ-साथ नवीन विधि पौधारोपण एवं नवीन क्षेत्रों में वनीकरण पर बल देते हुए हरित आवरण में वृद्धि के लिए सभी कार्यदायी विभागों को निर्देश दिए गए। नोडल अधिकारी डॉ. लोकेश एम ने कहा कि धरती पर प्राणी एवं सभी प्रकार के वन्य जीव के जीवन के लिए वृक्षारोपण के महाअभियान का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण सामा. जिक, पर्यावरणीय और आर्थिक महत्व रखता है तथा इससे प्रदूषण कम होता है और हवा में ऑक्सीजन का स्तर भी बढ़ता है, जिससे और हवा की गुणवत्ता बेहतर होती है। उन्होंने कहा कि पेड़ों की उचित देखभाल भी जरूरी है। इस काम में सभी को पूरा सहयोग देना चाहिए। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने कहा कि भविष्य के लिए फलदार पौधारोपण किया जा रहा है और उन पौधों को सहेजने के लिए संकल्प लिया जा रहा है, ताकि उनके द्वारा रोपे गये पौधों को बच्चों की तरह देखभाल कर उन्हें बड़ा किया जा सके। इसके उपरांत फल लगने पर अपने बच्चों एवं परिवार के पोषण के लिए उपयोग किया जा सके।

वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम में जिले की नवविवाहित, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं, समाजसेवी संस्थाओं, भारी संख्या में जन सामान्य ने पूरे उत्साह के साथ में भाग लेते हुए भारी संख्या में फलदार पौधों का रोपण किया तथा साथ ही पौधों को छोटे बच्चे की तरह देखभाल कर उन्हें पालने-पोसने का संकल्प भी लिया। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती कौर एवं शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी डॉ. लोकेश एम. (आई.ए. एस.) ने भी शामिल होकर पौधारोपण किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, उपयुक्त मनरेगा आर बी यादव, डीएफओ अभिनव कुमार, रेंजर महेशचंद सहित अन्य संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं जनसामान्य आदि मौजूद थे।

# अभद्र टिप्पणी करने पर रोष

**नहटौर।** एक युवक द्वारा श्री राम पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर हिन्दू संगठनों में रोष फैल गया। बिजनौर पुलिस ने नहटौर थानाध्यक्ष को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर श्री राम के अभद्र टिप्पणी करने का मामला प्रकाश में आया है। सोशल मीडिया पर मामला वायरल होने पर शिकायत की गई है, जिसको लेकर हिन्दू संगठन में रोष व्याप्त है। राजू वाल्मीकि की ओर से एक्स हैंडल पर यूपी पुलिस, डीजीपी व बिजनौर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। बिजनौर पुलिस ने नहटौर थानाध्यक्ष को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामला संज्ञान में है। उसकी तलाश की जा रही है।

# नेत्र शिविर में 167 का परीक्षण

**नगीना।** आंखों के एक कैम्प का आयोजन नूर ऑप्टिकल्स एंड आई केयर पर हिमालयन हॉस्पिटल जॉलीग्रांट देहरादून के सौजन्य से किया गया, जिसमें 167 मरीजों की जाँच की गई और 12 मरीजों का चयन मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए किया गया, जिनको ऑपेरशन के लिए जॉलीग्रांट ले जाया गया। कैम्प में हिमालयन हॉस्पिटल से आये डॉ आशीष व डॉ अनुष्का द्वारा मरीजों की जांच की गई।

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना (बिजनौर)**

मूल प्रकीर्ण वाद सं. /2025

कविता चन्द्रा आयु 23 वर्ष पुत्री कैलाश चन्द्रा निवासी मौहल्ला मिल्कियान, कस्बा व परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

**बनाम**

1- मुकेशचन्द्र आयु करीब 32 वर्ष पुत्र कैलाश चन्द्रा, 2- सुरेशचन्द्र आयु करीब 25 वर्ष पुत्र कैलाश चन्द्रा, 3- नितिन चन्द्रा आयु करीब 24 वर्ष पुत्र कैलाश चन्द्रा निवासीगण मौहल्ला मिल्कियान, कस्बा व परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। 4-शोभा आयु करीब 34 वर्ष पुत्री स्व. कैलाश चन्द्रा पत्नी टिंकू निवासी मौहल्ला इन्द्रानगर दुर्गा मंदिर, कस्बा, पोस्ट व परगना हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड। 5. सुनीता उम्र करीब 36 वर्ष पुत्री स्व. कैलाश चन्द्रा पत्नी सूरज निवासी मौहल्ला बैंक कॉलोनी लालडाट पी. ओ. हरिपुर नायक विथोरिया नं. 1 हल्द्वानी जिला नैनीताल उत्तराखण्ड।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 न्यायालय उत्तराधिकार अधिनियम सं. 39 सन 1925 वास्ते प्राप्त करने उत्तराखण्ड।

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र हेतु आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 17.07.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 17.07.2025

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना (बिजनौर)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 6 के सम्पत्ति संख्या 120 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में श्री सगीर अहमद पुत्र शब्बीर अहमद के नाम दर्ज है। अत: सगीर अहमद पुत्र शब्बीर अहमद का नाम निरस्त कर मोहम्मद अकरम पुत्र अमीर अहमद का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला हिन्दू कटेरा, नगीना, जिला बिजनौर मेरा और मेरी पत्नी के कहने में नहीं है और अपने मां-बाप का ख्याल नहीं रखता है। इसलिए मैं और मेरी पत्नी अपने पुत्र नसीम को अपनी संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अब उसका, उसकी पत्नी व उसके बच्चों का हमारी संपत्ति में कोई हिस्सा नहीं होगा।

**-शकील अहमद पुत्र अल्लाबख्श निवासी मौहल्ला हिन्दू कटेरा, नगीना, जिला बिजनौर**

# डीएम ने दिए ग्रामों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना से आच्छादित 1500 तक आबादी वाली सभी ग्राम पंचायत को गति वितीय वर्ष में स्वयं के संसाधन से अर्जित आय (ओएसआर) की पांच गुना धनराशि संबंधित ग्राम पंचायत को प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त धनराशि ग्राम पंचायत को वित्तीय वर्ष में पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना मध्य में हस्तांतरित धनराशि लेस नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम में अभियान चलाकर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के निस्तारण के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए और डोर टू डोर कूड़ा एकत्र कार्य को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज शाम साढ़े चार बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित कर रही थीं। उन्होंने निर्देश दिए कि बीडीओ एवं एडीओ ग्राम पंचायत में आय के स्रोत बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास करें ताकि उन स्रा. ेतों से होने वाली आय से ग्राम पंचायत में विकास के कार्य कराए जा सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ग्रामीण पुस्तकालय और अधिक क्रियाशील और बहुउद्देशीय बनाने के लिए कार्य योजना बनाएं और ग्रामीणजनों को स्वयं एवं बच्चों को पुस्तकालयों से लाभान्वित करने के लिए जागरुक एवं प्रेरित करें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कार्यक्रम की प्रगति, स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत ओडीएफ प्लस की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन के लिए संस्थागत व्यवस्था सुनिश्चित करने, व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग किये जाने, कूडा-कचरा प्रबन्धन, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण आदि कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, परियोजना निदेशक डीआरडीए वरिष्ठ कोषाधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभाग विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**

संख्या: 07/न.पा.परि.बि. /2025-26, दिनांक:- 09.07.25

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-167 स्थित मौहल्ला काजीपाड़ा शुमाली, बिजनौर, जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में नजमा सुलताना, राशदा सुलताना पुत्री मौ. इब्राहिम के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में प्रार्थी श्री राहत अब्बास जैदी पुत्र गुलाम अब्बास जैदी निवासी मौ. काजीपाड़ा बिजनौर ने शपथ-पत्र वसीयत व रजिया सुलताना, राशदा सुलताना का मृत्यु प्रमाण-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्रीमती नाजमा पत्नी श्री महबूब मौहल्ला जाब्तागंज 2** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री अफजाल व इमरान पुत्रगण स्व. शरीफ अहमद** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा नामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति संख्या: **मौहल्ला जाब्तागंज 2** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम ABID से बदलकर MOHD AABID AHMED कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD AABID AHMED के नाम से जाना-पहचाना जाए। **मौ. आबिद अहमद पुत्र रजबुद्दीन गांव निकोफाल उर्फ बिलाई, हल्दौर, बिजनौर**

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र आफताब व पुत्रवधू शहाना गलत संगत में पड़ गये है और उनका आचरण व व्यवहार मेरे साथ ठीक नहीं है। मेरे साथ कई बार मारपीट करके घर से निकाल चुके है। मेरी बैनामा शुदा हवेली में मुझे व मेरे दूसरे बेटे शाहनवाज व उसकी पत्नी जैनब को रहने नहीं दे रहे है और हवेली जबरदस्ती अपने नाम कराना चाहते है। मेरे नाम से हवेली पर कर्ज ले लेते है और अदा नहीं करते है। मुझे जान से मारने की धमकी देते है। इनकी हरकतों से तंग आकर मैंने आफताब व शहाना से पारिवारिक सम्बंध समाप्त करके इन दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वे अपने किये के स्वयं जिम्मेदार है। **सलमा बेगम विधवा अशफाक हुसैन, ग्राम इस्लाम नगर, कस्बा स्योहारा, तहसील धामपुर (बिजनौर)**

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरी पत्नी शमशीदा व पुत्री अजमत परवीन व पुत्रगण मौ. जफर, मौ. वारिश, अब्दुल रजाक उर्फ मुन्ना मेरे साथ हर समय लड़ाई झगड़ा, मारपीट करते है। मेरे समझाने पर सुनवा नहीं है। मेरी हवेली के लालच में मेरा अपहरण करके कत्ल करा सकते है। इनसे मुझे जान-माल का खतरा है। इनके गलत आचरण व व्यवहार से तंग आकर मैंने इन सबसे अपना पारिवारिक सम्बंध समाप्त करके इन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अपने कृत्य के लिए ये खुद जिम्मेदार होंगे। मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। **मौ. इरशाद पुत्र शब्बीर अहमद मौहल्ला रहमुल्ला कॉलोनी, थाना कोतवाली देहात (बिजनौर)**

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सौंपा ज्ञापन

## बंधुआ मजदूर जैसी स्थिति में काम करने को मजबूर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। यह कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर पूर्व घोषित 'ताली-थाली बजाओ' शांतिपूर्ण आंदोलन के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सरकार का ध्यान आंगनबाड़ी कर्मियों की समस्याओं की ओर आकर्षित करना था।

ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 1975 में शुरू हुई एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS) योजना का इस वर्ष 50वां वर्ष चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद आंगनबाड़ी कर्मियों को आज भी न तो सेवा सुरक्षा मिली है और न ही सरकारी कर्मचारी का दर्जा। कार्यकर्ता बंधुआ मजदूर जैसी स्थिति में काम करने को मजबूर हैं और सरकार की उपेक्षा का शिकार हैं। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने मांग की कि आंगनबाड़ी कर्मियों को नियमित कर न्यूनतम वेतन दिया जाए, रिटायरमेंट की आयु सीमा 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष की जाए और रिटायरमेंट पर एकमुश्त धनराशि व पेंशन दी जाए। इसके साथ ही एजुकेटर की भर्ती को निरस्त करने और सभी कर्मियों को ऑनलाइन कार्य हेतु स्मार्टफोन, टेबलेट और रिचार्ज भत्ता दिए जाने की मांग भी की गई। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष पूनम बिश्नोई, जिला सचिव निशा चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष बबीता देवी के साथ डिंपल, हिरदेश, सुधा, विमलेश, शाहीन, रेखा, पवन, कविता, रेणु, कोमिला चौहान, आबिद, शाहाना सहित कई कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं शामिल रहीं।

## स्ट्रीट लाइट न लगने से परेशानी

**अफजलगढ़।** सरकार जहां गांवों को स्मार्ट और रोशन करने के दावे कर रही है। वहीं क्षेत्र के ग्राम शेरगढ़ में हकीकत इन दावों को मुंह चिढ़ा रही है।

गांव के बीचों-बीच तीन खंभे तो लगे हैं, लेकिन आज तक उन पर एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगवाई गई। बरसात का मौसम और चारों तरफ फैला अंधेरा अब ग्रामीणों के लिए खतरे की घंटी बनता जा रहा है। रात होते ही पूरा गांव घुत अंधेरे में डूब जाता है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का बाहर निकलना बेहद खतरनाक हो गया है। ग्राम प्रधान शीतल के खिलाफ ग्रामीणों में जबरदस्त नाराजगी है। लोगों का कहना है कि कई बार लाइट लगाने की मांग की गई, पर हर बार आश्वासन देकर टरका दिया गया। गांव में बना मदरसा भी अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान विकास कार्यों में घोर लापरवाही बरत रही हैं और सरकार की योजनाएं सिर्फ कागजों पर चल रही हैं।

# ट्यूशन पढ़ने से मना करने पर शिक्षक ने छात्र को पीटा

## परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव बाटपुरा स्थित एक निजी विद्यालय में कक्षा आठ के छात्र के साथ शिक्षक द्वारा की गई कथित मारपीट का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद परिजनों सहित ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया। परिजन थाने पहुंचकर आरोपी शिक्षक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करने लगे।

कस्बा हल्दौर निवासी गांव बाटपुरा के स्कॉलर प्राइड सीनियर सेकेंडरी एकेडमी में शिक्षक के पद पर नियुक्त है। आरोप है कि बुधवार को उक्त शिक्षक ने वाजिदपुर निवासी संदीप कुमार के पुत्र इशांत को ट्यूशन पढ़ने से मना करने पर बुरी तरह पीट



दिया। इशांत विद्यालय की कक्षा आठ का छात्र है। परिजनों का कहना है कि घटना की जानकारी मिलते ही वे विद्यालय पहुंचे, जहां अन्य ग्रामीण भी एकत्र हो गए। इतना ही नहीं, आरोप यह भी है कि आरोपी शिक्षक द्वारा गांव के ही विज्ञान सिंह की पुत्री वंशिका, जो कक्षा नौ की छात्रा है, के साथ भी पिछले कुछ दिनों में मारपीट की गई थी। घटना से गुस्साएं परिजन और ग्रामीण थाने पहुंचे और आरोपी शिक्षक के विरुद्ध नामजद तहरीर दी। छात्र इशांत के शरीर पर चोट के निशान भी बताए जा रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। विद्यालय के चेयरमैन इंद्रवीर सिंह और प्रधानाचार्य सतेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर समाधान निकालने की बात कही, लेकिन छात्र के पिता ने किसी भी समझौते से साफ इंकार करते हुए न्याय की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, ग्रामीणों ने ऐसे मामलों को दोहराने से रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाने की मांग की है।

## राधा इंटर कॉलेज में छात्रों ने किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राधा इंटर कॉलेज के मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलायी गयी योजना एक पेड़ मां के नाम के अन्तर्गत पौधारोपण किया गया।

इस सम्बन्ध में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने विस्तृत रूप से बताया कि हम सभी को एक पेड़ माँ के नाम मुहिम के अंतर्गत अपने घर पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिये।

प्रबंधक रामकुमार, प्रधानाचार्य मुरेश कुमार जी के छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ द्वारा किया गया। विद्यालय के स्टाफ में मुकेश, अजीत, विवेन्द्र एवं धर्मपाल ने भी पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

# नए श्रम कानूनों को रद्द करे सरकार

## किसान सभा ने सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में किसान सभा के कार्यकर्ताओं ज्ञापन दिया।

स्थानीय अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकर्ता नांगल के मुख्य बाजार में इकट्ठा हुए, जिसके बाद ये कार्यकर्ता राज्य सरकार और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध कर नारेबाजी करते हुए नांगल थाने पर पहुंचे। किसान सभा के नेता कामरेड संदीप चौधरी ने कहा कि देश का किसान मजदूर अनेकों समस्याओं से ग्रस्त है। किसानों और मजदूरों की दयनीय दशा किसी से



छुपी नहीं है। मजदूरों को उनकी मजदूरी के वाजिब दाम नहीं मिल रहे है, वहीं किसानों को उनकी फसलों के वाजिब दाम नहीं मिल पा रहे है, जिस कारण देश का किसान आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या हो मजबूर हो रहे है। देश में किसानों की आत्महत्या करने का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। जिसके बाद किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने मजदूर विरोधी चारों श्रम कानून वापस लो, सभी सरकारी विभागों में भर्ती सुनिश्चित करों, निजीकरण बंद करो, स्कूलों को बंद करना बंद करों, पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करो आदि मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम नांगल थाना प्रभारी सुशील कुमार को दिया।

इस मौके पर संदीप चौधरी, तौसीफुल हसन उर्फ डॉ. लड्डन, सहदेव शर्मा, सुनील कुमार, चुन्नम सिंह, विजेंद्र सिंह, झबरे सिंह, संतराम सिंह आदि मौजूद रहे।

## ब्लॉक प्रमुख ने लगाए पौधे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पौधारोपण महाभियान 2025 के तहत एक पेड़ माँ के नाम हरीशंकरी पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान के द्वारा हरीशंकरी (पीपल, बरगद व पिलखन) ग्राम जोतहिम्मा विकास खण्ड धामपुर के अमृत सरोवर में लगाये गये। पौधारोपण अभियान के अवसर पर ग्राम प्रधान राशीद अहमद, सचिव मोहित कुमार, सहदेव सिंह, हिमांशु चौहान, सौरभ कुमार, भूपेन्द्र मेहरा तकनीकि सहायक, रईसुद्दीन, ममता देवी, रामरती, अलका कुमारी, केशो देवी, नूतन कुमारी, अंजलि देवी आदि उपस्थित रहे।

# कुंवर पाल सिंह जिलाध्यक्ष चुने गए

## वित्त विहीन स्कूल प्रबंधक समिति की बैठक में विचार-विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जहानवी पब्लिक स्कूल टीचर्स कॉलोनी में वित्त विहीन स्कूल प्रबंधक समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से कुंवर पाल सिंह निवासी सिंघा (नूरपुर ब्लॉक) को समिति का जिलाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत समिति के संरक्षक अनिल कुमार ने माला पहनाकर किया।

बैठक में जनपद के सभी ब्लॉकों से आए ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी और विभिन्न स्कूलों के प्रबंधक उपस्थित रहे। इस दौरान शिक्षा क्षेत्र की समस्याओं, स्कूलों के संचालन से जुड़ी चुनौतियों और संगठन की मजबूती पर विचार-विमर्श किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कुंवर पाल सिंह ने कहा कि सभी प्रबंधकों के सहयोग से संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा और वित्त



विहीन स्कूलों से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में अजय कुमार (जैतरा), संजीव कुमार (धामपुर), अनुपम अग्रवाल, पवन कुमार, धीरेश कुमार, दिवेन्द्र कुमार, अनुपम शर्मा, अवनीश कुमार, मेघराज सिंह, राहुल त्यागी, योगेन्द्र सिंह, अरविन्द जी, प्रशांत कुमार, लवजी यादव, सुनील कुमार, कलवा सिंह, परविन्द्र सिंह और कपिल त्यागी सहित अनेक प्रबंधक उपस्थित रहे।

## बैंक में फील्ड अफसर न होने से उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा कालागढ़ में आए दिन कर्मचारियों की कमी देखी जाती है, जिसके चलते बैंक उपभोक्ता परेशान रहते हैं। आजकल छात्र बैंक से एजुकेशन लोन के लिए चक्कर लगाते देखे गए लेकिन बैंक में फील्ड अफसर ना होने के कारण सही डिटेल बैंक कर्मचारी नहीं दे पा रहे हैं।

बैंक में ब्रांच मैनेजर के ट्रांसफर के बाद नई ब्रांच मैनेजर अभी सीट पर बैठ नहीं पाए, जिससे जानकारी सही से उपलब्ध हो सके। फील्ड अफसर की सीट पर बैठे व्यक्ति ने बताया कि मैं अपनी आईडी से काम कर रहा हूं। फील्ड अफसर की आईडी नहीं है। इसलिए कुछ भी जानकारी उपलब्ध नहीं कर सकता हूं। यह पहला मामला नहीं है। बैंक में आए दिन बैंक उपभोक्ता अपने कार्य को लेकर परेशान दिखाई देते हैं। वहीं सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं, बेरोजगार व्यक्तियों आदि के लिए नई-नई स्कीम दी जाती हैं लेकिन बैंकों की मनमानी के चलते यह छात्र इसका फायदा नहीं ले पाते। यही कारण है कि पढ़ने वाले छात्र कई प्रकार की परेशानियों से जूझते देखे गए है खामोश होकर घर पर बैठ जाते हैं। इसका यही कारण है की कई लोगों को बैंकों के चक्कर काटने पड़ते हैं। बैंकों की इस लापरवाही के चलते बड़ी संख्या में छात्र अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़कर मानसिक तनाव झेलने पर मजबूर हो जाते हैं। कई छात्र तो अपनी परेशानियों से जूझते हुए आत्महत्या तक कर जाते हैं। उसके पश्चात भी बैंकों को उपभोक्ताओं को परेशान करने में कुछ ज्यादा ही आनंद आता है। कुछ गरीब परिवार बाहर से कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं। इस कर्ज के दबाव के चलते वह आत्महत्या तक कर जाते हैं। उसके पश्चात आज तक बैंकों में कोई सुधार नहीं हो पाया है। इसी समस्या को लेकर छात्रों ने अपनी शिकायत उच्च अधिकारियों से की है।

## एक नजर

### भाकियू ने लगाए पौधे

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण का सिलसिला लगातार जारी है । इसी क्रम में ग्राम पंचायत पाडला, विकास खंड किरतपुर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तहसील महासचिव हितेश चौधरी के नेतृत्व में ग्राम प्रधान विजय सिंह, कैलाश, अशोक राजेश ,भूपेंद्र आदि ने ग्राम समाज की खाली



जमीन पर पौधारोपण किया। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही और ब्लॉक अध्यक्ष गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू ने हितेश चौधरी के इस सद्कार्य की प्रशंसा की है।

### कन्या इंटर कॉलेज में पौधारोपण



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा देवी ने स्वयं छात्राओं के साथ मिलकर विद्यालय प्रांगण में पौधे रोपे। विद्यालय प्रांगण में आम, नीम, गुड़हल, अशोक आदि विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। शिक्षिका प्रीति रानी, नीरज, जॉली, विनोद शर्मा, प्रभुता, अंजलि आदि शामिल रहीं तथा आंचल, खुशी, ज्योति सुमायला, आफिया, गुंजन, अंजलि, सुनीता, अनन्या, गीता, साक्षी, अर्चना आदि छात्राएं उपस्थित रही।

## प्रशासन अभियान चलाकर चक मार्गों को कराए कब्जामुक्त

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक ब्लाक सभागार में संपन्न हुई। बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी बलजीत सिंह ने कहा कि आज के समय में किसानों को चक रोड पर अवैध कब्जे की समस्या से जूझना पड़ रहा है। अनेकों किसान चकरोड पर कब्जे की शिकायत अधिकारियों से करते हैं लेकिन उनमें समुचित कार्यवाही नहीं हो पा रही है। प्रशासन को अभियान चलाकर चक मार्गो को कब्जा मुक्त कराना चाहिए। बंद पड़ी चकरोड को तुरंत चालू कराया जाए। बैठक में खराब विद्युत व्यवस्था पर रोष जताया। विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने से किसानों को सिंचाई में समस्या आ रही है। बैठक का संचालन राहुल चौधरी ने किया। बैठक को डॉ. धर्मवीर सिंह, शौवीर सिंह, राम भजन सिंह, अब्दुल गफ्फार, ध्यान सिंह, गजेन्द्र सिंह, बलराम सिंह, अनीस अहमद, अमित कुमार, महेंद्र सिंह, महेश प्रधान ने संबोधित किया।

# श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज एवं हॉस्पिटल में पौधारोपण

## छात्र-छात्राओं को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आज पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य



अतिथि जितेंद्र अग्रवाल मंडल अध्यक्ष बीजेपी, विशिष्ट अतिथि नागेश्वर गहलोत महामंत्री, अवनीश चौहान बूथ अध्यक्ष धामपुर द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ममता सिंह ने नदियों, तालाबों, एक्सप्रेस वे, राजमार्ग के किनारे और पार्कों में पौधारोपण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# आरवी इंस्टीट्यूट में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

## एक पौधा अवश्य लगाने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में वृक्षारोपण 'एक पेड़ मां के नाम' का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लिपटिस, शागोन व अन्य प्रजाति के पौधे लगाए गये।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में संस्थान के प्रबन्ध समिति के सदस्य बलबीर सिंह, अध्यक्ष योगेन्द्र देशवाल, सचिव अरविन्द कुमार, उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार व सदस्य कुलदीप अहलावत, श्रीमति रेनू चौधरी व श्रीमति अनिता देवी, प्रबन्धक निदेशक सन्नी देशवाल, तकनीकी



निदेशक डॉ. संजीव कुमार, फार्मेसी निदेशक डॉ. हितेश कुमार, रजिस्ट्रार विपिन कुमार, सभी विभागाध्यक्ष, अध्यापकगण और छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। मनुष्य के जीवन में पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पर्यावरण मनुष्यों को हवा, भोजन और अन्य जरूरतें प्रदान करता है। पेड़ पौधे पर्यावरण को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हर मनुष्य की मौलिक जिम्मेदारी है कि वह एक पौधा अवश्य लगाये और उसकी देखभाल भी करें।

# अखाड़े में बुजुर्गों,नौजवानों व बच्चों ने खूब दिखाए करतब

## गणमान्यों को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मोहर्रम के अवसर पर सोमवार की रात मौहल्ला किला नेजे चौक पर कमकर, कामबोज बिरादरी की ओर से पारंपरिक ढंग से अखाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मनोज पारस ने कहा कि अखाड़े में सिखाए जाने वाले विभिन्न करतब आत्मरक्षा की दृष्टि से बहुत ही लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखते हैं। नगर पालिका परिषद किरतपुर के चेयरमैन



अब्दुल मन्नान ने कहा कि यह कला सदियों पुरानी है और आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में भी मोहर्रम जैसे आयोजनों के माध्यम से अखाड़े की परंपरा को जीवित रखा जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मौहम्मद साईम राजा ने कहा कि मोहर्रम के मौके पर हर वर्ष विभिन्न मौहल्लों में अखाड़ा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिन्हें देखने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़ते हैं। इन करतबों को देखकर दर्शक खूब लुत्फ लेते है। वरिष्ठ समाजसेवी शाकिर रजा ने कहा कि अखाड़े की यह कला हमारी सांस्कृतिक विरासत है, जिसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के करतब शरीर को स्वस्थ और सशक्त बनाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विधायक मनोज पारस, चेयरमैन अब्दुल मन्नान, मौहम्मद साईम राजा, शाकिर रजा, शब्बन जुनैदी, शेख अजमल, अशरफ जमील एड., पूर्व सभासद इरशाद कंबोज, याकूब मलिक, मौहम्मद मेहरबान पत्रकार सचिन अग्रवाल, सलीम राशिद, परवेज फोटोग्राफर, फहद खान, सलीम राशिद समेत अन्य गणमान्य लोगों को कमेटी द्वारा पगड़ी व फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में करतबों का प्रदर्शन वरिष्ठ सपा नेता मौहम्मद साईम राजा सहित अन्य खिलाड़ियों ने किया। आयोजन के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा।

# अर्थदंड जमा न करने वाले विद्यालयों पर लगेगा दूसरा अर्थदंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सीबीएसई बोर्ड एवं आईसीएसई बोर्ड के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ एनसीईआरटी की पुस्तकों को लागू करने और जिन विद्यालयों पर अर्थ दंड लगाया गया था उन पर दूसरा अर्थदंड लगाने की कार्यवही सुनिश्चत करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ने बताया कि जिन विद्यालयों पर अर्थदण्ड लगाया गया उनमें से 27 विद्यालयों ने अर्थदण्ड जमा कर दिया है तथा 6 विद्यालयों ने अभी अर्थदंड जमा नहीं किया है। बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने 9 जुलाई 2025 सांय 5 बजे तक अर्थदण्ड जमा नहीं किया तो उस पर पुन: विचार करते हुए दूसरा अर्थदण्ड लगाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य को मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वृक्षारोपण का एक अभियान एक जन आंदोलन के रूप में चलाया जा रहा है, जिसमें अपनी सहभागिता निभाएं और उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के रूप में पौधारोपित करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में विकास खंडवार किष्किन्धा वन के रूप में वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रधानाचार्य प्राथमिकता के आधार पर वृक्षारोपण करें जिससे पर्यावरण सही रहे साथ ही वृक्षारोपण का जियो टैग फोटो भी अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शुल्क एवं नियामक समिति की बैठक में समिति के सदस्य सीए उश्रृण गुप्ता ने विद्यालयों की ऑडिट रिपोर्ट परं जिलाधिकारी को जानकारी दी। डीएम ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि ऑडिट की रिपोर्ट विद्यालयों को प्रेषित करने के निर्देश दिए जिससे कि दो दिवस के अंदर विद्यालय अपना पक्ष रख सकें। डीएम ने कहा कि समस्त प्रधानाचार्य अपने विद्यालयों में पुराने बच्चों का डाटा एवं जो नए बच्चे स्कूल में एडमिशन के लिए आए हैं उनका डाटा यथा शीघ्र जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराएं जिससे उस पर पुन: विचार किया जा सके। इसके अलावा डीएम ने प्रधानाचार्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी कमी है उसको समय से ठीक करें और बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें जिससे जनपद में शिक्षा का स्तर बढ़ सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, आदि मौजूद रह

## सदर विधायक इकबाल महमूद ने लिखा डीजीपी को पत्र

## तहसील परिसर से बाइक चोरी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** युवक की तहसील परिसर में खड़ी बाइक चोर लेकर चंपत हो गये।

मंगलवार को नीरेश कुमार पुत्र वीरपाल सिंह निवासी दिनोरा थाना धानारी जनपद संभल तहसील गुन्नौर में कुछ काम से आया था।उसने तहसील परिसर में बाइक खड़ी की। जब वह काम करके वापस आया तो देखा उसकी बाइक वहां नहीं दिखाई थी।उसने काफी देर इधर उधर तलाश किया लेकिन बाइक नहीं मिली।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर घटना को सीसीटीवी कैमरे में देखकर तलाश करने की गुहार लगाई है।



सम्भल। ग्राम सलारपुर कलां में निरीक्षण करते खंड विकास अधिकारी।



सम्भल। तहसील सभागार में जन चौपाल को सम्बोधित करती।

# नए रंग रूप के साथ लौटी राजनीतिक विरासत

### चेयरपर्सन व उनके पति के प्रयासों से चमचमाते लाल पत्थरों की दीवार पर स्थापित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पुरातत्व विभाग की उपेक्षा का शिकार बारिश में धराशायी हुई एतिहासिक विरासत को फिर से लौट गयी है। चैयरमेन के प्रयासों से सौन्दर्यकरण के साथ चक्की का पाट नये रंग रूप में लगा दिया गया है।

नगर का प्राचीन और एतिहासिक चक्की का पाट बरसों तक भारतीय पुरातत्व विभाग और स्थानीय व जिला स्तरीय अधिकारियों की उपेक्षा का दंश झेलता रहा। धीरे-धीरे जर्जर हालत में पहुंचा एतिहासिक चक्की का पाटा बारिश में भरभराकर गिर गया था। उसे संरक्षित कर रख लिया गया था। नगर की पहचान और एतिहासिक विरासत पल भर में ही धाराशायी होते ही अधिकारियों की जमकर किकिरी हुई थी। सौन्दर्यकरण और अपनी विरासत बचाने की बाट जो रहे चक्की के पाट को सौर्न्यकरण के साथ पुन: स्थापित करने के लिए नगर पालिका



परिषद की चैयरपर्सन आसिया मुशीर के प्रतिनिधि उनके पति चौ. मुशीर खां और अधिशासी अधिकारी ने बीड़ा उठाया और उसके सौन्दर्यकरण का कार्य शुरू कराया। काफी समय से चल रहे कार्य पूरा होते ही बुधवार को एतिहासिक विरासत को नये रंग रूप के साथ स्थापित करा दिया गया। एतिहासिक धरोहर चक्की का पाट की दीवारों को चम चमाते हुए लाल पत्थर से तैयार कराया गया है। पहले के मुकाबले अब और बेहद खूबसूरत नजर रहे चक्की के पाट को निहारने के लिए मुख्य बाजार डाक घर रोड पर लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। नये क्लेवर के साथ लगाए गए चक्की के पाट को देखकर जनमानस पालिका चैयरपर्सन आसिया मुशीर उनके प्रतिनिधि पति चौ. मुशीर खा व ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी की जमकर प्रशंसा करते थक नहीं रहे हैं।

# वाल्मीकि बस्ती का निरीक्षण करने पहुंचे खंड विकास अधिकारी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मूलभूत सुविधाओं से वंचित वल्मीकि बस्ती में भी विकास कार्य शुरू हो जायेंगे। **शाह टाइम्स** की खबर पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी ने वाल्मीकि बस्ती का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द कार्य शुरू कराने का आशवासन दिया।

विकास खंड सम्भल के ग्राम सलारपुर कला में वाल्मीकि बस्ती मूल भूत सुविधा विहीन होने पर रोष प्रकट करते हुए जनक्रांति संस्था की ओर से खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वाल्मीकि बस्ती में सड़क, नाली, पानी, सुविधा विहीन होने के आरोप लगाये थे। जिसे **शाह टाइम्स** ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। खबर का असर रहा कि खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधान, सहायक, व अन्य कर्मचारियों संग वाल्मीकि बस्ती कां मुआयना करने पहुंचे। खंड विकास अधिकारी ने गांव का निरीक्षण किया और वालमीकि बस्ती में सुविधाओं की जानकारी ली। खंड विकास अधिकारी ने जल्द से जल्द कार्य शुरू कराये जाने का आशवासन दिया। इस मौके परं जनक्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. अनुज राजोरिया, एड. अमरजीत सिंह राष्ट्रीय महासचिव, आयुष भंडारी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, सुमंत कुमार (राष्ट्रीय सलाहकार) व अभिषेक विक्रमा, मुकुल मरोठिया, रोहित वाल्मीकि, दीपेश वाल्मीकि, आकाश विक्रमा, विपिन कुमार, विनीत ढिलौर, राजकुमार व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने सुनी समस्यायें

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिला सम्बंधी मामलों की सुनवायी कर दो का मौके पर निस्तारण किया जबकि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ जनसुनवाई जागरूकता चौपाल का आयोजन किया।

लोकनिर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में राज्य महिला आयोग की सदस्या अवनी सिंह ने प्रथम सत्र में महिला उत्पीड़न शिकायतों सुनवाई की। इस दौरान 04 प्रकरण उनके समक्ष पेश किए गए। इनमें दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि दो मामलो भूमि से संबंधी होने के चलते सम्बंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही किरने के लिए अग्रसारित किया गया। दूसरे सत्र में महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूकता चौपाल का आयोजन तहसील सभागार, तहसील में किया गया। चौपाल में बाल कल्याण समिति सम्भल की सदस्य नूतन चौधरी ने बाल कल्याण समिति के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बालक जिन्हें देखरेख एवं सरंक्षण की आवश्यकता है। सामाजिक कार्यकर्ता निधि पटेल ने महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी।डा. सचिन सक्सेना मेमोरियल एजुकेशनल सोसायटी से डा. रितु सक्सैना द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता प्रदान की।

## जागरूकता बढ़ाने को सराहनीय पहल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** यातायात जागरूकता को पहल करते हुए यातायात पुलिस ने स्कूली बच्चों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। चौराहे पर यातयात नियम जागरूकता स्लोगन लिखे चार्ट लेकर वाहन चालकों को जागरूकता संदेश दे रहे थे। बच्चों ने राहगीरों और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने को प्रेरित भी किया। इस अवसर पर बच्चों ने रचनात्मकता के साथ बेहतरीन स्लोगन प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर सभी प्रभावित हुए। श्रेष्ठ स्लोगन लिखने वाले बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी प्रदान किए गए। यातयात पुलिस की यह पहल न केवल बच्चों में जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बनी, बल्कि आमजन को भी यातायात नियमों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

# एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं: चैयरमेन कौसर अब्बास

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे को हरा-भरा बनाने के लिए नगर पंचायत चैयरमेन के नेतृत्व में वृक्षारोपण कर उनके संरक्षण और एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाने को प्रेरित किया।

वृहद वृक्षारोपण के तहत लक्ष्य के सापेक्षा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम नगर पंचायत चैयरमेन कौसर अब्बास ने वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण शुद्व व अच्छे स्वास्थ्य के लिए वृक्षारोपण अधिक से अधिक करने पर ज़ोर देते हुए कहा कि वृक्षारोपण से ही जल स्तर ऊंचा करने में मदद मिलेगीं। इस मौके पर खुर्शीद, आशिक अब्बास, कयामुददीन आदि सभासद के अलावा हाजी तसद्दुक हुसैन, मीसम अब्बास सभासद प्रतिनिधि व लिपिक रईस अहमद आदि मौजूद रहे।




सिरसी। कस्बे को हरा भरा बनाने को पौधारोपण करते चेयरमैन कौसर अब्बास।

# डीपीआरओ और बीडीओ का वेतन रोकने के निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पीएमश्री विद्यालय क निरीक्षण के दौरान विद्यालय के कार्य में निष्क्रियता दिखाने वाले जिला पंचायत राज अधिकारी व खंड विकास अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

बुधवार को जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने विकास खंड बहजोई के ग्राम पाठकपुर के पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने पीएम श्री विद्यालय में कक्षों, शेड आदि को देखकर दीवारों की मरम्मत कराने के अकिारियों को निर्देश दिए।

इस दौरान मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय के अंतर्गत साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। जबकि जिलाधिकारी ने विद्यालय के कार्य में निष्क्रियता दिखाने पर जिला पंचायती राज अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी बहजोई का वेतन रोकने एवं ग्राम पंचायत सचिव को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, ग्राम प्रधान पाठकपुर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक आदि मौजूद रहे।

सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।यथा शीघ्र जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराएं जिससे उस पर पुन: विचार किया जा सके। इसके अलावा डीएम ने प्रधानाचार्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी कमी है उसको समय से ठीक करें और बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें जिससे जनपद में शिक्षा का स्तर बढ़ सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों में चले जमकर लाठी-डंडे कई लोग घायलम

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के कस्बे में दो पक्षों में लाठी, डंड, व फावड़े से एक दूसरे पर हुए हमले में अनेक लोग घायल हो गए। झगड़े से मौहल्ले में भय का माहौल बन गया। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। चौकी प्रभारी की तहरीर पर दोनों पक्षों के दर्जन भर से अधिक व्यक्तियों के विरूद्व मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## जान से मारने की नीयत से हमले का आरोप, तीन गिरफ्तार

कस्बे के मौहल्ला शर्की में झगड़े से सम्बंधि ततहरीर चौकी प्रभारी शाह फैसल ने दोनों पक्षाके 17 व तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्व थाने में दी। जिसके आधार पर मुदकाम दर्ज कर लिया गया है। चौकी प्रभारी की तहरीर के अनुसार उन्हे शांति व्यवस्था ड्यूटी जलूस के दौरान सूचना मिली कि ग्राम मिठौली जाने वाले मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के पास दो पक्षों में झगड़ा हो रहा हें तभी हमराहियों सहित घटना स्थल पर पहुचे। मौके पर दोनों पक्षा में लाठी डंडे, तबल, फावड़े, ईंट पत्थर चल रहे थे। जबकि जान से मारने की धमकी देते हुए कह रहे थे कि जुलूस में हुईबेइज्जती को लेकर आरपार की होकर रहेगी।हालात खराब होते देख चौकी से अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार मय फोर्स के मौके पर आ गए। पुलिस फोर्स को देखते ही बवाल कर रहे लोग भाग गए। उपनिरीक्षक मौ. शाह फैसल की तहरीर पर प्रथम पक्ष के तुफैलपुत्र अली अब्बास, व आठ अन्य एवं तद्वतीय पक्ष के मंजर पुत्र नन्हे सहित सात अन्य के विरूद्व सामुहिक रूप से उपद्रव करने, जान से मारने की नियत से हमला करने व जन सामान्य में भय पैदा करने, लोक शांति व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने के आरोप में दोनों पक्षों के 17 व 30 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।। झगड़े में दोनों पक्षों के घायलों को जिला संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया। जहां उनका चिकित्सीय परीक्षण किया गया। चौकी प्रभारी मौ. शाह फैसल ने बताया कि ढगड़े में नामजद मन्जर अब्बास, कमाल अब्बास, फतेह अली को गिरफ्तार कर चालान किया गया है।

# भक्ति चाहते हैं तो अर्थ को मस्तिष्क पर न चढ़ने दें: सतीश सत्यम

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्री गोपाल धाम बाबरे बाबा आश्रम पर भागवद कथा के अंतिम दिन गुरु भक्ति, ईश्वर भक्ति के साथ रुक्मिणी विवाह तथा सुदामा चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया।

सिहावली स्थित श्री गोपाल धाम बाबरे बाबा आश्रम पर चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन शास्त्री सतीश सत्यम ने कहा कि ईश्वर की पहचान करने वाला एक गुरु ही है। गुरु के माध्यम से ही हम भवसागर से तर सकते हैं। उन्होंने ईश्वर भक्ति को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि आप भक्ति चाहते हैं तो अर्थ को मस्तिष्क पर न चढ़ने दें। गुरु भक्ति के द्वारा ही ईश्वर भक्ति प्राप्त हो सकती है। उन्होंने भागवत कथा में रुक्मिणी विवाह का विस्तार से वर्णन किया। श्रोताओं रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुना। इसके अलावा भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि यदि मित्रता का नाम आता है तो भगवान श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता हमेशा याद की जाती है। सुदामा के चरित्र की चर्चा करते हुए संदीप ने आश्रम में श्रीकृष्णा और सुदामा द्वारा विद्या ग्रहण करने से लेकर सुदामा की गरीबी और कर्तव्य को विस्तार से समझाया। सुदामा की पत्नी सुशीला द्वारा भगवान श्री कृष्ण के पास द्वारिका भेजना और भगवान श्री कृष्ण द्वारा मित्रता का भाव दिखाते हुए सुदामा का सम्मान करने का वर्णन किया गया। जिसके बाद आरती की गई। सभी महिला तथा पुरुष श्रोताओं ने कथा का प्रसंग सुना।

# श्रीहरि बाबा धाम पर आज काफी संख्या में पहुंचेगें श्रृद्वालु

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** श्रीहरि बाबा धाम पर गुरु पूर्णिमा पर्व पर लाख की संख्या में लोग दर्शन को पहुंचेगे। मन्दिर व्यवस्थापक ने बताया कि ऐसा ही अनुमान है। लोगों की बाबा में गहरी आस्था है।

गुन्नौर तहसील क्षत्र में स्थित हरिबाबा धाम पर भंडारे व रासलीला, भजन कीर्तन चल रहा है। धाम पर लोगों की दर्शन को भीड़ लगी रही। परिक्रमा करके लोग पुण्य लाभ कमा रहे हैं। विदित हो कि श्री हरिबाबा धाम गंवा लोगों की आस्था का केंद्र है। यहाँ दिल्ली पंजाब हरियाणा राजस्थान आदि के अलावा उत्तर प्रदेश के शहरों से लोग आते हैं। लोगों में हरिबाबा के प्रति गहरी श्रृद्वा है। श्रीहरि बाबा का जन्म फाल्गुन शुक्ल चतुर्दशी को पंजाब के जिले होशियारपुर के गंधावाल में हुआ था। वह एमबीबीएस की अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे तभी वह गंगा किनारे मोलनपुर के पास घूमते हुए आकर रुके। क्षेत्र उस समय बाढ़ की विभिषका से जूझ रहा था। उन्होंने क्षेत्र दु:ख दर्द को समझा। उन्होंने लोगों के सहयोग से 34 किमी बांध बहुत कम समय में बना दिया। क्षेत्र को बाढ़ के दंश से बचाया। तभी से लोगो में उनकी आस्था बढती गयी। आज भी लोग यहाँ आकर बांध पर मिटी डालकर अपनी आस्था जताते हैं।

## वृक्ष जीवन का आधार :सारस्वत

**बबराला।** उत्तर प्रदेश शासन एवं वन विभाग द्वारा संचालित वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, में हरित कार्यक्रम का आयोजन यारा फर्टिलाइजर के परिसर में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत के निर्देशन में किया गया। उन्होंने पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से इस अभियान को एक मिशन बताया। इस अवसर पर कुल 20 पौधे लगाए गए, जिनमें गुटेल, करंज, अर्जुन, अशोक, जामुन और आँवला जैसी औषधीय एवं फलदार प्रजातियाँ सम्मिलित रहीं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 89-DRM-MB-25-26 dt. 08.07.2025 |
| Name of work | Through fitting renewal of track under ADEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date / Time | 04.08.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 84,27,220.32 |
| Earnest Money (Rs.) | Rs. 1,68,600.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 |
| Bidding Start Date | 21.07.2025 |
| Period of Completion | 06 Month |

सं.: No.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 09.07.2025 2070/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए (एकल पैकेट प्रणाली) के अन्तर्गत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है-

| | |
|---|---|
| ई-निविदा एनआईटी संख्या | 17-विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./139-बी |

**कार्य का नाम व स्थान :** मुरादाबाद मण्डल के रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में रोजा में क्रास ओवर शिपिटंग, लखनऊ-मुरादाबादखण्ड में पीताम्बर पुर के कि.मी. 1288/17-19 परगेट सं0-352 सी के बदले आरओबी, सीतापुर के कि.मी. 78/130.201 पर गेट सं0-51 स्पेशल के बदले आरओबी, रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में डाउन मैन लाईन के कि.मी. 14/305.923 पर ब्रिज सं0 13 एवं सेक्शनिंग पोस्ट सीतापुर सिटी के विद्युतीकरण हेतु 25 हजार वोल्ट सिगंल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य।

| | |
|---|---|
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 1,87,73,215.60 |
| बयाना राशि जो जमा की जानी है (निविदा दस्तावेज के खण्ड 3.0 के अनुसार) | रुपए 2,43,900/- |
| ई-निविदा जमा करने एवं ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 31.07.2025 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते है। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, निविदा दिनांक 31.07.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई-निविदा एवं निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 17.07.2025 से दिनांक 31.07.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई-निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपना ई-पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हे क्लास-III डिजीटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नही है), जो आई टी नियम-2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये है। केवल ई-निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी तथा किसी अन्य रूप में प्रस्तुत निविदाएं तुरन्त अस्वीकार कर दी जाएंगी। |

प्रपत्र सं0 17-विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./139-बी

दिनांक 09.07.2025 2068/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय एवं कारखाना:** द्वारिकेश नगर - 246 762, जिला बिजनौर, (उ.प्र.)
**फोन:** 01343 - 267057-64; **फैक्स:** 01343 - 267065
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 511, मेकर चैम्बर्स वी, 221, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021.
**फोन:** 2283 2486, 2204 2945; **फैक्स:** 2204 7288
**ई-मेल:** investors@dwarikesh.com; **वेबसाईट:** www.dwarikesh.com
**सीआईएन:** L15421UP1993PLC018642

**योग्य शेयरधारकों के लिए ट्रांस्फर डीड दोबारा जमा करने के लिए विशेष विंडो खोले जाने की सूचना**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 01 अप्रैल, 2019 की प्रभावी तिथि से भौतिक रूप में उपलब्ध प्रतिभूतियों का हस्तांतरण बंद कर दिया था। तदुपरांत यह स्पष्ट किया गया कि 1 अप्रैल, 2019 की समय-सीमा से पहले जमा किए गए और डॉक्युमेंट में कमी की वजह से अस्वीकृत/वापस किए गए ट्रांस्फर डीड आवश्यक डॉक्युमेंट के साथ 31 मार्च, 2021 तक दोबारा जमा किए जा सकते हैं।

सेबी ने 2 जुलाई, 2025 दिनांकित सर्कुलर संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 के माध्यम से यह सुविधा बढ़ाने और मूल रूप से 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किए गए और डॉक्युमेंट या प्रक्रिया में कमी या अन्यथा किसी कारण से अस्वीकृत, वापस कर दिए गए या विचार नहीं किए गए भौतिक शेयरों के हस्तांतरण के अनुरोध दोबारा दर्ज करने के लिए एक विशेष अवधि देने/विंडो खोलने का निर्णय लिया है। **यह 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक छह महीने की अवधि होगी।**

योग्य शेयरधारकों से यह ध्यान रखने का अनुरोध किया जाता है कि इस अवधि में हस्तांतरण के लिए दोबारा जमा की गई प्रतिभूतियां/शेयर (आज की तिथि तक कंपनी/आरटीए के पास लंबित अनुरोध सहित) सिर्फ डीमैट रूप में जारी किए जाएंगे और इसकी प्रक्रियाएं विधिवत पूरी की जाएंगी। 01 अप्रैल, 2019 से पहले जिन शेयरधारकों ने भौतिक रूप में उपलब्ध शेयरों के हस्तांतरण का अनुरोध किया, परंतु उल्लिखित कारणों से यह अस्वीकार कर दिया गया या वापस कर दिया गया इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं और ऐसे शेयरों को हस्तांतरण के लिए दोबारा जमा कर सकते हैं।

किसी प्रश्न के उत्तर या सहायता के लिए कम्पनी के आरटीए से संपर्क कीजिए:

**आरटीए का नाम:** मेसर्स एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड)

**ईमेल:** rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com

**फ़ोन:** +91 22 49186000-79

**पता:** सी 101, 247 पार्क, एलबीएस मार्ग, विख्रोली (पश्चिम), मुंबई- 400 083

**यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.dwarikesh.com पर भी अपडेट कर दी गई है।**

कृते द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
बी. जे. माहेश्वरी
प्रबंध निदेशक एवं सीएस-सह-सीसीओ
डीआईएन : 00002075

स्थान : द्वारिकेश नगर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश
दिनांक : 10 जुलाई, 2025

# सड़क हादसे में टीएमयू के डॉक्टर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** मुरादाबाद जनपद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा नेशनल हाईवे पर उस समय यात्रियों में हरकंप मच गयाए जब एक लड़की से भरी टैक्टर ट्राली में एक कार जा घुसी, हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मूंढ़ापांडे राजीव कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों की मदद से चार चालक को कार से बाहर निकाला, आप को बताते चले कि सीतापुर से मुरादाबाद टीएमयू आ रहे डॉक्टर पीयूष श्रीवास्तव की सड़क हादसे में मौत, डॉक्टर पीयूष श्रीवास्तव की मौत होने से पूरे परिवार में को. हराम मच गया है, मृतक डॉक्टर पीयूष श्रीवास्तव के परिजनों ने बताया कि हमारा एक ही बेटा था, मृतक डॉक्टर पीयूष श्रीवास्तव के परिवार में पत्नी और तीन बच्चे है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमास्टम के लिए भेज दिया हैए और पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।





## दुष्कर्म के दोषी को सुनाई सात साल की सजा

**कांठ।** एडीजे/ एफटीसी प्रथम प्रीति सिंह की अदालत ने मंगलवार को किशोरी से दुष्कर्म के 13 साल पुराने मामले में मुलजिम हरि सिंह को दोषी करार देते हुए सात साल की कैद और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। छजलैट थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण ने 21 जनवरी 2012 को छजलैट थाने में संदलीपुर निवासी हरि सिंह समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि आरोपी उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अगवाकर ले गए। पुलिस ने इस मामले में किशोरी को बरामद किया और उसका मेडिकल रिपोर्ट और बयानों के आधार पर केस में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई। इस मामले की सुनवाई एडीजे/एफटीसी प्रथम प्रीति सिंह की अदालत में चली।

सरकार की ओर से एडीजीसी अशोक यादव ने पक्ष रखा। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी हरि सिंह को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

# बैलगाड़ी को बचाने के चक्कर में पलटा डंपर, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** बैलगाड़ी पर बैठी सवारी को बचाने के चक्कर में डंपर के चालक ने अपना डंपर पलट लिया नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। चालक की इस सतर्कता के कारण बैलगाड़ी में बैठी सवारियों की जान भी बच गई।

सुबह सवेरे रामनगर से बाजरकुट लेकर एक ट्रक अमरोहा के लिए चला था जैसे ही वह रामगंगा पार करके हीरापुर के पास पहुंचा तभी सामने से कैंटर और बैलगाड़ी आ गई कैंटर चालक अपनी लापरवाही के चलते तेज गति से निकला तो डंपर के सामने बैलगाड़ी आ गई चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बैलगाड़ी को बचा लिया लेकिन इस चक्कर में उसका डंपर साइड के खेतों में पलट गया जिससे डंपर में भरे माल का नुकसान तो हुआ ही साथ ही तीन.तीन जेसीबी और क्रेन मंगा कर वाम.ुश्किल डंपर को सीधा कराया गया। चालक का कहना था कि यदि वह इतना बड़ा रिस्क नहीं लेता तो बैलगाड़ी में बैठे महिला और बच्चों की जान जा सकती थी कुल मिलाकर चालक की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया इस दौरान सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारे भी लग गई।



# दस सालों से मिट्टी परीक्षण जांच केंद्र की चल रही मांग को आज तक नहीं किया पूरा

■ अब भाकियू अपनाएगी आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** मिट्टी परीक्षण केंद्र तहसील स्तर पर स्थापित कराने की मांग को एक दशक के बाद भी प्रशासन पूरा नहीं कर पाया आज मासिक बैठक के दौरान भारतीय किसान यूनियन ने अब इन मांगों को पूरा कराने के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाए जाने का मन बनाया है भारतीय किसान यूनियन की बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में किसान भवन छजलैट पर किया गया जिसमें किसान भवन के रुके निर्माण को बरसात के मौसम के बाद सुचारु करने पर सहमति बनी किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ रही तेंदुए की दहशत को विभाग नजरअंदाज कर रहा है मिट्टी परीक्षण केंद्र अब तक नहीं खुला है गन्ना मिलो में आज भी तौल बैलगाड़ी के वजन पर आधारित है जिसे 25 कुंतल कराने की मांग काफी समय से की जा रही है सहकारी समिति यो एवं गन्ना समिति के सचिवों की लाप. रवाही के कारण किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है जिला सहकारी बैंक द्वारा किसानों से 7 प्रतिशत ब्याज लिया जा रहा है जबकि तीन प्रतिशत ब्याज लेने का नियम है विद्युत विभाग के शटडाउन ब्रेकडाउन एवं जर्जर तारों से किसानों को धान रोपाई में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस पर किसानों का कहना था की काफी समय से चली आ रही है मांग को पूरा न किए जाने के कारण अब भारतीय किसान यूनियन ने आंदोलन का रास्ता अपनाने का मन बनाया है।

इस मौके पर किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंहए नेपाल सिंह अतर सिंह यूनुस का पीयूष चौधरी रामपाल सिंह कविंद्र सिंह अरविंद जॉनी हंस सिंह रामकला सिंह विजेंद्र सिंह सुधांशु खजान सिंह अजय कुमार अरविंद महेश ठाकुर अनिल कुमार राहुल चौधरी अनुज कुमार आदि काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने की विचार गोष्ठी

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चंदौसी इकाई की ओर से संगठन के स्थापना दिवस पर एक विद्यालय में विचार गोष्ठी व वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने समाजहित व राष्ट्र हित में विद्यार्थी परिषद के 77 वर्ष के योगदान पर प्रकाश डाला और एबीवीपी के महत्व के बारे में बताया। ?जिला संयोजक सोशल मीडिया यश ठाकुर ने कहा कि छात्रों को शिक्षा के महत्व को समझना चाहिए। आज के समय में शिक्षा कितनी जरूरी है, इसको जानना होगा और युवा देश की रीढ़ की हड्डी है। इस दौरान यश ठाकुर, डी.के. अग्निहोत्री, जयेश कुमार पांचाल, अखिलेश श्रीवास्तव, राहुल राय, हर्ष ठाकुर, राहुल राय, विकास मौर्य, अंकित सागर, शिव गुप्ता, जॉनसन गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस अब 14 जुलाई को, अमित शाह होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

**कांठ।** भारत विकास परिषद दिल्ली के तत्वाधान में परिषद का63 वां स्थापना दिवस समारोह 14 जुलाई को विज्ञान भवन नई दिल्ली में होगास केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे स नई दिल्ली में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने के लिए भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष अजय कुमार कट्टा के नेतृत्व में प्रांतीय पदाधिकारी का 17 सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल भाग लेगा स अजय कुमार कट्टा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमित शाह गृहमंत्री, भारत सरकार समारोह को संबोधित करेंगे। विशिष्ट अतिथि अमृत सागर मित्तल वाइस चेयरमैन, सोनालिका ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, कार्यक्रम अध्यक्ष आदर्श कुमार गोयल राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारत विकास परिषद् एवं पूर्व न्यायाधीश उच्चत्तम न्यायालय, गरिमामय उपस्थिति प्रो. केके अग्रवाल, राष्ट्रीय संरक्षक, भारत विकास परिषद् एवं अध्यक्ष, साउथ एशियन यूनिवर्सिटी, दुर्गा दत्त शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री, भारत विकास परिषद्ध मौजूद रहेंगेस स्थापना दिवस में भाग लेने के लिए जगन्नाथ चावला क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण, अजय कुमार बिश्नोई क्षेत्रीय संयोजक संपर्क कविता खुराना क्षेत्रीय संयोजक महिला सहभागित, हरी गोपाल प्रांतीय संरक्षक, अजय कुमार कट्टा प्रांतीय अध्यक्ष, सुधीर कुमार शर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष, नीरज मित्तल प्रांतीय सचिव, राहुल वार्ष्णेय प्रांतीय वित्त सचिव, रोहित अग्रवाल प्रांतीय संयोजक संपर्क, माधव गुप्ता प्रांतीय संयोजक सेवा, गौरव अग्रवाल; पार्टी संयोजक संस्कार, निवेदिता मित्तल; प्रांतीय सह संयोजक महिला सहभागिता रविन्द्र कुमार गुप्ता प्रांतीय संयोजक महापुरुष जयंती सुदेश बिश्नोई; प्रांतीय मीडिया प्रभारी, दुर्गा टंडन प्रांतीय संयोजक समूह गान, संजीव शर्मा प्रांतीय संयोजक स्थापना दिवस, लव कुमार आर्य प्रांतीय संगठन सचिव, आदि प्रतिभाग करेंगे।

### आरोपी के खिलाफ एससी एक्ट में केस दर्ज

**भोजपुर।** गांव रूस्तमपुर तीगरी निवासी ग्रामीण विकास कुमार की तहरीर पर पुलिस ने गांव के अब्दुल कलाम पुत्र बाबू के खिलाफ रास्ते में रोक. कर जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। केस की विवेचना डिप्टी एसपी ठाकुरद्वारा रूद्र प्रताप सिंह कर रहे हैं।

## स्वास्थ्य पोषण माह का विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया शुभारंभ

**बिलारी।** चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हरिश्चंद्र द्वारा वाल स्वास्थ्य पोषण माह का विटामिन ए की खुराक पिलाकर शुभारंभ किया गया चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया की बच्चों में 9 माह पर विटामिन ए की खुराक टीकाकरण के साथ पिलाई जाती है विटामिन ए की खुराक पिलाने से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है एवं रतौंधी रोग से बचाव होता है और बच्चा स्वस्थ रहता है बाल स्वास्थ्य पोषण माह 9. 7.2025 से 9.8.2025 तक आयोजित किया जाएगा की शुभारंभ में मुख्य रूप ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद ब्लॉक कम्युनिटी प्रक्रिया प्रबंधक मनीष कुमार अमित कुमार एआरो विकेश कुमार सानू आरती आदि उपस्थित रहे।

# इकबाल आलम ने बीआरसी कार्यालय तो कपिल ने किया हकीमपुर प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट में पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** बुधवार को बीआरसी केंद्र कांठ में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से एक पेड़ मां के नाम थीम आधारित पौधारोपण अभियान मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत कांठ इकबाल आलम अंसारी और खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा बीआरसी केंद्र के परिसर में पौधारोपण करके अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत कांठ के सभासद चमन प्रकाशएखलील सिद्दीकीए वसीम अहमदए नसीम अल्वीए दिलशाद अंसारीए परवेजए मनोज आदि सभासद और नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे द्य वरिष्ठ लिपिक डॉ मुकेश कुमारए मौहम्मद अफजालए मास्टर जुबैर अहमद अंसारीए आफताब आलम एवं समस्त बीआरसी केंद्र के स्टाफ ने कार्यक्रम में सहयोगात्मक प्रतिभाग किया द्य खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार की मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने सप्ताह में एक दिन बीआरसी केंद्र के परिसर की सफाई सुनिश्चित करवाने हेतु अधिशासी अधिकारी एवं अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उधर हकीमपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कपिल सिरोही द्वारा पौधा रोपण कराया गया इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजना एक पेड़ मां के नाम 2.0 व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 9 जुलाई को राज्यव्यापी पौधारोपण महाअभियान के तहत 1 दिन में लगभग 37 करोड़ पौधों लगाए जाने हैं। राज्यव्यापी महाअभियान को सफल बनाने हेतु उच्च प्राथमिक विद्यालय हकीमपुर कंपोजिट में भी पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर समेंद्र कुमार सिंह इंचार्ज अध्यापक, डॉक्टर कपिल सिरोही अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा संघ छजलैट, मोनिका बिश्नोई, रामचंद्र, अंजू चौधरी, मीनाक्षी वर्मा, रजनी अरोड़ा, ब्रजबाला, हरपाल सिंह व छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।






## चरस तस्कर गिरफ्तार

**डिलारी।** पुलिस ने चरस तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द पेश कर दिया। गांव तुमरिया कला निवासी आरोपित युसूफ जटपुरा के पास बेचने के लिए चरस लेकर घूम रहा था, तभी मुखबिर की सूचना पर चौकी इंचार्ज जलालपुर पुलिस ने आरोपित को दबोच लिया।

**कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वश्री 1. श्रीमती पूनम पत्नी श्री आशाराम / भू०पू०अध्यक्ष, 2. श्री गोपाल सिंह पुत्र श्री बन्शी सिंह/भू०पू०उपाध्यक्ष, 3. श्रीमती राधा पत्नी श्री दारा सिंह / भू०पू० सदस्य, 4. श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री महावीर सिंह/भू०पू०सदस्य, 5. श्री अमित कुमार पुत्र श्री ओमप्रक. ाश सिंह / भू०पू० सदस्य, 6. श्रीमती नरोत्मा देवी पत्नी श्री टेकचन्द्र/भूतपूर्व सदस्य, 7. श्री ओमप्रकाश सिंह पुत्र श्री रेवती सिंह/ भूतपूर्व सदस्य को सूचित किया जाता है कि संस्था जन कल्याण खादी ग्रामोद्योग विकास समिति, ग्राम व पोस्ट कादराबाद तहसील धामपुर, जिला बिजनौर जो पत्रावली संख्या एम0 बी0 डी0– 24412 पर पंजीकृत है, के मंत्री की हैसियत से संस्था की सूची वर्ष 2025–26 पंजीकृत किये जाने हेतु प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2025–26 में आप लोगों का नाम पद व सदस्यता से त्यागपत्र दिये जाने के कारण हटा दिया गया है। अत: उक्त के संबंध में कोई आपत्ति हो तो अपनी–अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में साक्ष्यों/प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकत है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा गुण–दोष के आधार पर संस्था की प्रबन्ध समिति की सूची पंजीकृत किये जाने के संबंध में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसा0 रजि० अधि0 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है। **आज्ञा से–**

**( आनन्द विक्रम सिंह )**
**सहायक रजिस्ट्रार।**

# महिला बीट पुलिस अधिकारी ने महिलाओं को दी सुरक्षा संबंधी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा,नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के तहत महिला संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु महिला उप निरीक्षकों ने बस स्टैंड एवं कस्बे का भ्रमण कर महिलाओं को जागरूक किया और उन्हें महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी। बुधवार को महिला बीट पुलिस अधिकारी मौसम रानी ने महिलाओं से संवाद स्थापित किया। महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 112 और महिला हेल्प डेस्क की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में थानों, महिला थानों एवं रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों में महिला संबंधित अपराधों, दहेज उत्पीड़न, रेलू हिंसा और तीन तालाक जैसे अपराधों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो रहा है।। मामलों में पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें दर्ज कराकर तुरंत न्याय पा सकतीं हैं। उन्होंने महिलाओं को बताया कि रात को 10 बजे से सुबह 6बजे तक महिलाएं कहीं बीच रास्ते में फंस जाएं तो महिला हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने पर पीआरवी 112 महिलाओं को एस्कॉर्ट कर सुरक्षित गंतव्य तक पहुंच. ाने की व्यवस्था कर रही है।



# किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने कराया पौधारोपण

**कांठ।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में किसान मोर्चा द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल काठं में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी द्वारा मंडल काठं के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयो को पेड़ के महत्व को समझाया गया उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में पेड़ का महत्व भी मां की तरह ही होता है सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा सहक. ारी समिति मोडी हजरतपुर मैं पौधारोपण संयुक्त रूप से किया गया। जिला अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी द्वारा सभी को बताया गया की पौधा लगाना एक अलग बात है लेकिन उसकी देखभाल करना उसका ध्यान रखना यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसे प्रत्येक कार्यकर्ता को निभाना चाहिए। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिले के उपाध्यक्ष सतपाल सिंह भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष देवराज सिंह जिला महामंत्री किसान मोर्चा अनुज बिश्नोई पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति जीतू वर्मा हरि सिंह जाटव राजेंद्र सैनी नितिन गुर्जर मुकुल बिश्नोई देवेंद्र चौहान वेद प्रकाश सिंह सैनी सोनू चौहान अयूब चौधरी मधु चौहान इंद्रपाल सिंह बरन सिंह डॉक्टर शहजाद समाजसेवी धर्मपाल सिंह सैनी मौजूद रहे। आभार भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील चौहान एवं संचालन महामंत्री किसान मोर्चा अनुज बिश्नोई द्वारा किया गया।



न्यायालय किराया प्राधिकरण मुरादाबाद/ ए.डी.एम. सिटी, महोदय, मुरादाबाद।
**वाद सं० :** डी–202513540000037
**तारीख पेशी:** 14.07.2025
**मौ० इमरान बनाम मौ० फैजान**
**बनाम**
मौ. फैजान पुत्र श्री बाबू नबी हुसैन निवासी मौहल्ला डहरिया, गोकुलदास कॉलिज रोड, मैदान वाली मस्जिद, मुरादाबाद।
हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत बेदखली हेतु योजित की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14 माह 07 सन् 2025 को समय प्रात: 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात से वाफिक किया गया हो और जो कुल अमूरात अहम मुताल्लिक मुकदमा का जबाव दे सके या हाजिर हो और जवाब देही दावे की करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिसपर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हों। लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी बगैर हाजिरी में सुना व फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 02.07.2025 को जारी किया गया।
**न्यायालय**
**अपर जिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट**
**नगर जनपद–मुरादाबाद।**

**तारीख पेशी:** 08.09.2025 W.S.Issues
**वाद के निपटारे के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5 )
**न्यायालय M.A.C.T ( जनपद न्यायाधीश ) महोदय, मुरादाबाद।**
**M.A.C.P. No.**: 396 सन् 2023
**श्रीमती समशीदा आदि बनाम दि० ओरिएन्टल इ० क० लि०।**
1. न्यू इंडिया ट्रांसपोर्ट कैरियर अन्डर कन्ट्रोल खुर्शीद अहमद पुत्र नबाव जान नि. मौ. सिगोटिया थाना रूद्रपुर जिला उधम सिंह नगर, 2. फैसल पुत्र सलीम निवासी वार्ड नं.6 गली नं. 5 भूतबंगला रूद्रपुर थाना रूद्रपुर जिला उधमसिंह नगर।
**श्रीमती समशीदा** ने आपको विरूद्व मुआवजा के लिए बाद संस्थित किया है। जो आपको इस न्यायालय में तारीख 08. 09.2025 W.S.Issues को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस बात से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकों उपसजाति के लिए जो दिन नियत किया गया। है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन के इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साथियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी। तारीख को इस न्यायालय में उपसजात नहीं जो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपको अनुपस्थिति में किया जाएगा।
यह आज तारीख 09 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
**READER**
**M.A.C.T.**
**MORADABAD.**

## एक दिवसीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु एक दिवसीय रोजगार मेला बुधवार को जिला सेवायोजन कार्यालय संभल, आई.एच.टी के तत्वाधान से ओम प्राइवेट आई0टी0आई0 कंप्यूटर इंस्टिट्यूट चंदौसी में संपन्न हुआ।

रोजगार मेला प्रात: 10:30 बजे से 03:00 बजे तक रहा जिसमें फ्लिपकार्ट गुडगाँव, बी0पी0एल0 मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग नॉएडा ने प्रतिभाग किया। 89 अभ्यर्थियों में से 23 अभ्यर्थियों इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी गौरव पुठिया, आईएचटी निदेशक उदय तिवारी, प्रधानाचार्य ओम आईटीआई पी.सी. राय मौजूद रहे।

# भोजपुर में पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए कस्बे एवं निकटवर्ती गांवों में अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों एवं स्वयं सेवी संगठनों ने भारी संख्या में पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने एवं प्रदूषित हवा में सांस लेने से मानव जीवन पर मंडरा रहे संकटों को दूर करने का संकल्प लिया।

सोमवार को प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने थाना प्रांगण में, किसान नेता नूर मोहम्मद चौधरी व हाजी जाकिर हुसैन ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सपा विधानसभा क्षेत्राध्यक्ष मोईन उद्दीन, खंड विकास अधिकारी अमर सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. मौहम्मद असलम, राजकीय महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ नरेश कुमार, प्राथमिक विद्यालय प्रथम के सहायक अध्यापक रिजवान अली, शांति देवी इंटर कालेज के प्रबंधक भजनलाल पाल, पीपलसाना बिजली घर पर तैनात एसडीओ अंकित आदि ने अपने कार्यालयों के प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। निकटवर्ती गांवों पीपलसाना, लालुवाला, महमूदपुर तिगरी, रूस्तमपुर तीगरी, अक्का साहपुर,गनीमत नगर उर्फ सिहाली, खय्या खद्दर, काफियाबाद, इस्लामनगर, सैदपुर, मौहब्बतपुर, गौहरपुर सुल्तानपुर, सिढ़लऊ नजरपुर, आदमपुर, बसावनपुर, बहेड़ी ब्रहमान, गजरौला सैद, मिर्जापुर, चिंतावाली मड़ैया, अकबरपुर, नहटौरा, वाजिदपुर, मिलक अमाव. ती,धारक नंगला, हिमांयुपुर, जहांगीरपुर, सिढ़ावली, गुलड़िया मुराद, गणेश पुर, देवीपुरा, श्यामपुर हादीपुर, बारूभूड़ा, रानी नांगल,को. हरवाकू,नेकपुर, सरदार नगर, अटरिया, सिरसवां, मानपुर, नकटपुरी, हमीरपुर, गोंधी, हठहठ, लखनपुर, चकबेगमपुर, जैतपुर, आंवला घाट, बीजना, रसूलपुर,कौनी त्रिलोकपुर, सेहल, चकरपुर पूरनपुर,सैलाथान, बाजिदपुर, दादुपुर आदि गांवों में ग्राम विकास अधिकारी एवं प्रधानों ने सरकारी कार्यालयों एवं ग्राम समाज की जमीन पर पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।



**सूचना**

नितिन पुत्र श्री नरेश कुमार निवासी ग्राम व पोस्ट रतनपुर कलां, थाना पाकबडा, जिला मुरादाबाद व श्रीमती सुरभि पत्नी नितिन पुत्री अनिल कुमार निवासी ग्राम भैंसोड पो० हरियाना, थाना कुन्दरकी, जिला मुरादाबाद की शादी दिनांक 03.03. 2025 को हिन्दू रीति–रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुई। दोनो पक्षो में और आपसी मतभेद बन गये तथा एक दूसरे के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट पर उत्तारू हो जाते थे, बामुश्किल लोगों के समझाने पर सुनवा होते थे। इस सम्बन्ध में समाज के लोगों ने वैवाहिक जीवन बचाने के लिए दोनो पक्षों को काफी समझाया परन्तु दोनो पक्ष समाज के लोगो की बात करके जो भी लेन देन था वह एक दूसरे ने वापस कर दिया और किसी भी पक्ष का एक दूसरे पर बकाया नही है। दोनो पक्षों के बीच कोई भी दुरभि सन्धि नही है। उक्त विवाह दिनांक 03.03.2025 को सामाजिक स्तर से विच्छेद करा दिया है अब कोई वैवाहिक रिश्ता बाकी नही रहा है। दोनो पक्षों के संसर्ग से कोई सन्तान उत्पन्न नही हुई है और ना ही द्वितीयपक्ष वर्तमान में गर्भवती है तथा दोनो ही हिन्दू है। लिहाजा यह संयुक्त विवाह विच्छेद/तलाकनामा आज बतारीख 05.07. 2025 को बामुकाम कचहरी मुरादाबाद में लिखवाकर तस्दीक करा दिया गया है। ताकि सनद रहे और वक्त जरूरत पर काम आवे।

**बेदखली सूचना**

**मैं कि गुलजार अहमद पुत्र मौ. सईद नि. बारादरी कूंचा दर्जियान किसरौल थाना नागफनी मुरादाबाद** अपने सगे पुत्र मौ. फैजान नि. मौहल्ला कसाई वाली मस्जिद फीलखाना थाना कोतवाली,मुरादाबाद सगा पुत्र मौ. फैजान उसका कहना न मानने के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में कभी भी मौ. फैजान व उसकी पत्नी श्रीमती रक्शन्दा के घर वाले तथा उसके रिश्तेदार कभी भी अपने द्वारा किए गए प्रत्येक कृत्य अन्य सवकृत्य का स्वयं जिम्मेदार होंगें। मैं, मेरी पत्नी श्रीमती रोशन आरा, मेरे पुत्रगण जीशान अली व मो. रेहान व पुत्री श्रीमती शाजिया पत्नी मौ. सलीम नि. गली नं. 3 चौकी हसन खां थाना नागफनी, मुरादाबाद- नही।

## एक नजर

### हम सभी एक पौधा मां के नाम लगाएंगे



**कुंदरकी।** क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर के अंबेडकर पार्क मे बिलारी एसडीएम विनय कुमार सिंह एव कुंदरकी विडियो राजेंद्र सिंह ने वृक्ष लगाने से पहले शपथ दिलाई की हम सभी एक पौधा मां के नाम लगाएंगे और उसकी देखभाल करेंगे अंबेडकर पार्क में नीम ,पीपल, बरगद,सागोन,जामुन आदि फलदार और छायादार पौधे लगाए गए पौधे लगाने मे जिला अध्यक्ष अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान, ग्राम प्रधान मोहनपुर बृजपाल सिंह सैनी, मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ,नरेंद्र चौधरी, डॉक्टर असलम मलिक,कल्लू हाजी,गनपत सिंह जाटव,महेंद्र सिंह जाटव, सुरेश सिंह जाटव,डॉक्टर वलवीर सिंह,अहसान,नावास सैफी,हाजी नन्नू सैफी,अरकान सैफी,मोहम्मद शमी,हाजी शौकीन,उबैद पाशा, हर ज्ञान सिंह, अबरार सैफी, वाहिद अली, असीम सैफी, हरपाल सिंह प्रजापति, जयपाल सिंह प्रजापति, जगदीश सिंह श्रीवास्तव, अहसान प्रधान आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षा में नवचेतना की बयार: परिषदीय विद्यालयों में बदलाव का संदेश

**चन्दौसी।** बुधवार को बीएसए संभल द्वारा विकासखंड बनियाखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय तारापुर का निरीक्षण किया गया तथा विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर बीएसए ने मीडियाकर्मियों को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाया गया 'ऑपरेशन कायाकल्प' परिषदीय विद्यालयों के पुनरुद्धार किया गया है। बीएसए ने कहा कि जब शिक्षक ठान ले तो विद्यालय का वातावरण बदल सकता है। अब शिक्षक केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों को जीवन कौशल, नैतिक शिक्षा और आधुनिक तकनीकों से जोड़ना भी आवश्यक है। प्रशिक्षण, प्रेरणा ऐप, और निरीक्षण तंत्र की वजह से शिक्षकों की उपस्थिति और पढ़ाने की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

### वन महोत्सव पर हुआ वृक्षारोपण, नगर व क्षेत्रों में किया गया वृक्षारोपण

**ठाकुरद्वारा।** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को नगर व देहात क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर पालिका परिषद द्वारा विशेष अभियान के तहत पालिका परिक्षेत्र में लगभग 7,000 पौधे विभिन्न प्रजातियों के लगाए गए। नगर पालिका अध्यक्ष एवं सभासदों की उपस्थिति में यह पौधारोपण किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि नगर की हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण के साथ-साथ इन पौधों की नियमित देखभाल भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि ष्हमारा लक्ष्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित करके एक हराभरा नगर बनाना है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुजीबुर रहमान, नफीस अहमद, मुस्तकीम अहमद, राजेंद्र कुमार (अधिवक्ता), उमेश गुप्ता, शिवराज सिंह, दीपक कुमार, जलीलुर रहमान, चंचल कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**ठाकुरद्वारा।** बुधवार को महिला सुरक्षा टीम 13 ठाकुरद्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज दृ 5 'के अंतर्गत एसएन पब्लिक स्कूल चमरावाला में बालिकाओं को 90 दिवसीय' चल रहे ऑपरेशन गरुड़, आपरेशन शील्ड, आपरेशन डेस्ट्राय, आपरेशन बचपन, आपरेशन खोज, आपरेशन मजनू, आपरेशन नशा मुक्ति, आपरेशन रक्षा, आपरेशन ईगल के सम्बन्ध में छात्राओं को एकत्रित कर जानकारी दी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे-विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना , सुकन्या समृद्धि योजना ,प्रधानमंत्री आवास योजना ,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वूमेन पावर लाइन-1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181 पुलिस आपातकाल.ीन सेवा -112, स्वास्थ्य सेवा-102,108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076, चाइल्ड लाइन 10 साइबर क्राइम 1930 आदि के बारे में जागरूक किया गया व यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गयी।

# बीएसए ने किया प्राथमिक विद्यालय तारापुर का निरीक्षण

## बच्चों को संभल तीर्थों के बारे में दी जानकारी, मंदिर में की मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों की स्थिति अब तेजी से बदल रही है। कभी उपेक्षा और अव्यवस्था का प्रतीक माने जाने वाले ये सरकारी स्कूल अब अपने अनुशासन, बेहतर आधारभूत सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पहचाने जाने लगे हैं। राज्य सरकार एवं बेसिक शिक्षा विभाग की सतत निगरानी, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी के चलते परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदल रही है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाया गया 'ऑपरेशन कायाकल्प' इन विद्यालयों के पुनरुद्धार का सबसे अहम कदम साबित हो रहा है। बुधवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अलका शर्मा व खंड शिक्षा अधिकारी मुंशीलाल पटेल, एसआरजी शालिनी सक्सैना व





अतिथि शिक्षिका रीनू बंसल विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव तारापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंचे जहां बच्चों एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा उनका स्वागत किया गया। बीएसए द्वारा विद्यालय की साफ-सफाई, शिक्षण व्यवस्था एवं पंजीकरण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बीएसए ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें संभल जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं तीर्थों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व से परिचित होना चाहिए, ताकि उनमें स्थानीय विरासत के प्रति गर्व की भावना विकसित हो। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना भी की गई। बीएसए ने विधिवत पूजन कर माता से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मंदिर तभी सार्थक होता है जब उसमें ज्ञान की देवी मां सरस्वती की उपस्थिति हो। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे न केवल शिक्षा बल्कि संस्कारों के माध्यम से भी बच्चों को विकसित करें। बेसिक शिक्षा मंत्री द्वारा गायत्री मंत्री, वर्णमाला, पहाड़े व अन्य जानकारी ली गई। कक्षा प्रथम के एक छात्र द्वारा संभल जनपद के समस्त तीर्थों के बारे में बताया गया। इस दौरान मोहित, अशोक, टीना शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता प्रसंग सुनकर श्रोतागणों की आंखों से छलके आंसू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर पट्टी स्थित मनोकामना सिद्ध कुटी चरण दासी संत समागम श्री श्री 108 रामदास बाबा जी के स्थान पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस में कथा का मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख पति डा. वीर सिंह सैनी ब्लॉक प्रमुख ने श्रीमद् भागवत कथा का फीता काटकर शुभारंभ किया । कथा में कथा वाचक सर्वेश्वर महाराज ने अपने मुख से सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित की कथा सुनाई। इस अवसर पर सर्वेश्वर महाराज ने कहा कि सुदामा, भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र थे जो अत्यंत गरीबी में जीवन यापन कर रहे थे। पत्नी के कहने पर वे द्वारका भगवान कृष्ण से मिलने पहुंचे, जहां श्रीकृष्ण ने उनका आत्मीय स्वागत किया और उनकी दरिद्रता को समाप्त कर दिया। यह प्रसंग



मित्रता, विनम्रता और भक्ति की सुंदर मिसाल है। कथा में यह भी बताया गया कि किस प्रकार राजा परीक्षित को श्री शुकदेव ने सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे राजा परीक्षित को मृत्यु के भय से मुक्ति प्राप्त हुई और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं, जैसे देवकी के छह पुत्रों की वापसी, सुभद्रा हरण, रुक्मणी विवाह और शिशुपाल वध आदि प्रसंगों का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया।

कथा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। कथा के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर के महंत राजपाल सिंह ,ऋषिपाल सिंह , यशपाल सिंह ,रामवीर सिंह , राजीव कुमार , राजू सैनी , विजयपाल सिंह बिश्नोई सुमेर कुमार राकेश कुमार, बाबा हरिदास, ललिता, पूजा, पार्वती, दयावती, मालती, सुनीता, यशपाल, आशु, अंकुर, ब्रहमपाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सहकारिता मंत्री ने किया वृक्षारोपण

**मुरादाबाद।** प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहका. रिता विभाग श्री जेपीएस राठौर ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शेफाली सिंहए महापौर नगर निगम मुरादाबाद श्री विनोद अग्रवालए एमएलसी श्री सत्यपाल सिंह सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जनपद के नोडल अधिकारी श्री अमित कुमार घोष एवं जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह के साथ मुरादाबाद शहर में सेक्टर . 7 स्थित पार्क में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह और स्वयंसेवी संगठनों के साथ.साथ विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को पौधे प्रदान किए। राज्य मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने श्शएक पेड़ मां के नाम अभियानश्श् के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण के अभियान से जोड़ने का कार्य किया है। वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री जी द्वारा 5 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था और वर्ष 2025 में यह लक्ष्य बढ़ाकर 37 करोड़ हो गया है। वृक्षारोपण अभियान के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ा है और लोग पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए वृक्षारोपण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष पृथ्वी का आभूषण है और इस आभूषण के साथ पृथ्वी को सुसज्जित बनाए रखना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। शासन द्वारा जनपद का लक्ष्य 22ण्99 लाख निर्धारित किया गया है जिसे पूर्ण करने के लिए 23 विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी श्री अमित कुमार घोष ने कहा कि पेड़ों के बिना जीवन संभव नहीं है और मुरादाबाद में वृक्षारोपण की काफी संभावनाएं हैं।

## आईएफटीएम परिसर में हुआ 'वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से वृक्षारोपण अभियान- 2025 के अंतर्गत ''एक पेड़ माँ के नाम'' पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अर्जुन, जामुन, शीशम आदि विविध प्रकार के पौधे रोपित किए गए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने पौधा लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. अग्रवाल ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' स्लोगन पर आधारित यह वृक्षारोपण कार्यक्रम बेहद भावनात्मक है। साथ ही उन्होंने पर्यावरण को शुद्ध रखने में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए रोपित किए गए पौधों की जीवितता सुनिश्चित करने हेतु उनकी नियमित देखभाल भी करने की सलाह दी। इस मौके पर एनएसएस इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने बताया



कि वृक्षारोपण का प्राथमिक महत्व हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन का उत्पादन, वातावरण से हानिकारक कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करना, वायु की गुणवत्ता में सुधार करना, जल संरक्षण, मिट्टी के कटाव को रोकना और वन्यजीवों की अनगि. नत प्रजातियों के लिए आवास प्रदान करना है। इस दौरान प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एण्ड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह, डॉ. दीपांकर भारद्वाज एवं डॉ. राजकुमारी सिंह समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षकों एवं एनएसएस इकाई के स्वयं सेवकों समेत 150 से अधिक शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रमेश पाल एवं श्रीमती रुचि चौधरी समेत एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों की विशेष भूमिका रही।

### सनातन धर्म हिन्दू इंटर कालेज में विभिन्न प्रजातियों के पौधेरोपित किए

**ठाकुरद्वारा।** नगर के सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज परिसर व खेल मैदान में वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधारोपण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनुज कुमार गुप्ता ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे सच्चे साथी हैं और देश की भूमि की शोभा बढ़ाते हैं। उन्होंने वृक्षारोपण के महत्त्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यदि हम नए-नए वृक्षों को उगा कर उनकी रक्षा करें, तो हमारी वृक्षारोपण समारोह मनाना सफल और सार्थक होगा। कार्यक्रम में कालेज और खेल मैदान में करीब सौ पौधे लगाए गए और शिक्षक वर्ग एवं शिक्षार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर जितेंद्र पाल सिंह, नरेश कुमार सिंह, नरेश चौहान, कुमारी सृष्टि, कुमारी मेहनाज आदि लोग मौजूद रहे। वृक्षारोपण समारोह का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देना है।


**महत्वपूर्ण सूचना**

**कांवड़ मेला-2025 के लिए**
**विशेष व्यवस्था**
**(11.07.2025 से 23.07.2025)**

कांवड़ मेला-2025 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, निम्नलिखित कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी तौर पर नये ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी संख्या 74023/74022 दिल्ली-शामली-दिल्ली डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 74023 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 74022 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:00 | दिल्ली | 09:25 | ---- |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रुड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:05 |

चलने की तिथि: 74023 दिल्ली से 11.07.2025 से 24.07.2025 और 74022 हरिद्वार से 12.07.2025 से 25.07.2025 तक।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 64557/64558 दिल्ली-सहारनपुर-दिल्ली एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 64557 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 64558 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:25 | दिल्ली | 08:45 | ---- |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रुड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | ---- | हरिद्वार | ---- | 02:00 |

चलने की तिथि: 64557 दिल्ली से 11.07.2025 से 24.07.2025 और 64558 हरिद्वार से 12.07.2025 से 25.07.2025 तक।
स्थान: सामान्य।

**मेला विशेष रेलगाड़ियो का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालन**

**रेलगाड़ी संख्या 04311/04312 मुरादाबाद-लक्सर-मुरादाबाद अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04311 | | ↑ स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं.: 04312 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| 07:15 | ---- | लक्सर | ---- | 12:00 |
| ---- | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | ---- |

चलने के दिन: 04311 मुरादाबाद एवं 04312 लक्सर से 11.07.2025 से 25.07.2025 तक।
ठहराव: बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा एवं काँठ स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04314/04313 हरिद्वार-दिल्ली शाहदरा-हरिद्वार अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04314 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04313 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:30 | हरिद्वार | 04:25 | ---- |
| 20:30 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 22:25 |

चलने के दिन: 04314 हरिद्वार एवं 04313 दिल्ली शाहदरा से 11.07.2025 से 24.07.2025 तक।
ठहराव: ज्वालापुर, रुड़की, टपरी, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-दिल्ली शाहदरा-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04316 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04315 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | ---- |
| 03:50 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 04:20 |

चलने के दिन: 04316 योग नगरी ऋषिकेश से 11.07.2025 से 24.07.2025 एवं 04315 दिल्ली शाहदरा से 12.07.2025 से 25.07.2025 तक।
ठहराव: रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, टपरी एवं शामली स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04318/04317 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04318 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04317 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | ---- |
| 10:45 | ---- | आलमनगर | ---- | 12:05 |

चलने के दिन: 04318 योग नगरी ऋषिकेश से 11.07.2025 से 09.08.2025 एवं 04317 आलमनगर से 12.07.2025 से 10.08.2025 तक।
ठहराव: रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

**दिनांक 11.07.2025 से 24.07.2025 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | आवृत्ति | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी आगमन | समय-सारणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सुबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सुबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इंदौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इंदौर एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |
| 54075 बरेली – दिल्ली स्पेशल एक्सप्रेस | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 54076 दिल्ली – बरेली स्पेशल एक्सप्रेस | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा पूछताछ वेबसाइट: www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## बिना मान्यता संचालित स्कूलों पर एबीएसए की सख्ती

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़।** क्षेत्र में बिना मान्यता के संचालित हो रहे निजी विद्यालयों पर बेसिक शिक्षा विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। 08 जुलाई को खंड शिक्षा अधिकारी (एबीएसए) विनोद कुमार द्वारा थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के ओपीएस इंटरनेशनल एकेडमी, सरस्वती ज्ञान मंदिर सहित अन्य विद्यालयों में निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जब विद्यालयों से उनकी मान्यता संबंधी दस्तावेज मांगे गए तो विद्यालय प्रबंधन और एबीएसए के बीच तीखी कहासुनी हो गई। सूत्रों के अनुसार, विद्यालय प्रबंधक बिना मान्यता के विद्यालय संचालन को सही ठहराने की कोशिश कर रहे थे, जबकि एबीएसए का स्पष्ट कहना था कि बिना वैधानिक मान्यता के किसी भी विद्यालय को संचालन की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह छात्रों के भविष्य और शिक्षा की गुणवत्ता से खिलवाड़ है। इससे पहले 20 अप्रैल 2025 को भी एबीएसए विनोद कुमार द्वारा जयराम बाल विद्या मंदिर बिचौटा काजी, एस.एस. शिक्षा निकेतन बलकरनपुर, ओपीएस इंटरनेशनल अकादमी, शांति देवी मेमोरियल स्कूल, तथा सरस्वती ज्ञान मंदिर जैसे स्कूलों में निरीक्षण कर अनियमितताएं पाए जाने पर नोटिस जारी किए गए थे।

### दोस्ती की मिशाल बने लकी यादव, स्वर्गीय मित्र का मनाया जन्मदिन

**बिलारी।** नगर के गांधी मूर्ति चौराहे पर चौधरी शुभम मलिक (हैप्पी), के न्मदिन पर हर वर्ष की तरह इस साल भी लकी यादव ने अपने परम मित्र चौधरी शुभम मलिक (हैप्पी) को उनके जन्मदिन पर याद किया गया। वुधवार को आयोजित विशाल भंडारा कर लकी यादव ने बताया कि अभी बीते दो साल पहले एक नवंबर 2022 को चौधरी शुभम मलिक जो की एक्सीडेंट में उनकी मृत्यु हो गई है तो आज उनका जन्मदिन है इसी लिए उनकी याद मैं लकी यादव और उनका छोटा भाई किट्टू मलिक और पूरी टीम ने भंडारा का आयोजन कर जन्मदिन मनाया।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0843669 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक, 0616960 का सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। मोहम्मद शाहिद पुत्र मो इस्माइल मोहल्ला पक्का बाग, पहाड़ी दरवाजा, धामपुर, जिला बिजनौर।

**तारीख पेशी:** 29.08.2025 W.S.Issues
**वाद के निपटारे के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5 )
**न्यायालय M.A.C.T ( जनपद न्यायाधीश ) महोदय, मुरादाबाद।**
**M.A.C.P. No.:** 379 सन् 2023
**श्रीमती रीता बनाम उ०प्र०रा० सड़क परि० नि०**

अंकुर कुमार पुत्र कृष्ण कुमार निवासी मौहल्ला-रहीशान कस्बा व थाना हल्दौर जिला बिजनौर (चालक)।

**श्रीमती रीता** ने आपको विरूद्ध मुआवजा के लिए बाद संस्थित किया है। जो आपको इस न्यायालय में तारीख 29.08. 2025 W.S.Issues को दिन में 10. 30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस बात से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकों उपसजाति के लिए जो दिन नियत किया गया। है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन के इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साथियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी। तारीख को इस न्यायालय में उपसजात नहीं जो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपको अनुपस्थित में किया जाएगा।

यह आज तारीख 09 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय को मुद्रा लगाकर दिया गया।

**READER**
**M.A.C.T.**
**MORADABAD.**

**तारीख पेशी:** 08.09.2025 W.S.Issues
**वाद के निपटारे के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5 )
**न्यायालय M.A.C.T ( जनपद न्यायाधीश ) महोदय, मुरादाबाद।**
**M.A.C.P. No.:** 397 सन् 2023
**राशिद आदि बनाम दि० ओरिएन्टल इ० क० लि०।**

1. न्यू इंडिया ट्रांसपोर्ट कैरियर अन्डर कन्ट्रोल खुर्शीद अहमद पुत्र नबाव जान नि. मौ. सिगोटिया थाना रूद्रपुर जिला उधम सिंह नगर, 2. फैसल पुत्र सलीम निवासी वार्ड नं.6 गली नं. 5 भूतबंगला रूद्रपुर थाना रूद्रपुर जिला उधमसिंह नगर।

**राशिद** ने आपको विरूद्ध मुआवजा के लिए बाद संस्थित किया है। जो आपको इस न्यायालय में तारीख 08.09.2025 W.S.Issues को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस बात से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकों उपसजाति के लिए जो दिन नियत किया गया। है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन के इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साथियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी। तारीख को इस न्यायालय में उपसजात नहीं जो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपको अनुपस्थित में किया जाएगा।

यह आज तारीख 09 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय को मुद्रा लगाकर दिया गया।


**READER**
**M.A.C.T.**
**MORADABAD.**

# 'एडवांटेज लॉर्ड्स' के लिए उतरेंगे भारत-इंग्लैंड

- इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी पिच की मांग की
- तीसरे मुकाबले में भारत को अपने ट्रंप कार्ड बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड सीरीज में 1-1 की बराबरी हो जाने के बाद गुरुवार से ऐतिहा. सिक लॉर्ड्स मैदान पर होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में 'एडवांटेज लॉर्ड्स' के लिए उतरेंगे। जीतने वाली टीम को सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल हो जायेगी। पहला टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट में जबरदस्त वापसी करते हुए रनों के लिहाज से 336 रन से विदेशी जमीन पर अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। द

ूसरा मैच हारने के बाद इंग्लैंड की टीम भी वापसी करने के लिए बेताब होगी और इसके लिए उसने लॉर्ड्स में तेज और उछाल वाली पिच रखने को अपना लक्ष्य बनाया है। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी 'जीवंत पिच' की मांग की है। इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई 'उपमहाद्वीप जैसी' पिच और टॉस पर गें. दबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। इस मैच में तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और गस ऐटकिंसन की इंग्लिश टीम में वापसी हो सकती है। हैमस्ट्रिंग खिंचाव के बाद एटकिंसन की कमी इंग्लैंड को खली है और उनकी रिकवरी उम्मीद से ज्यादा लंबी रही है। लेकिन उन्हें तीसरे टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय दल में शामिल किया गया है, जिसमें आर्चर, सैम कुक और जैमी ओवर्टन भी अतिरिक्त तेज गेंदबाज के रूप में हैं। एटकिंसन का लॉर्ड्स में शानदार रिकॉर्ड रहा है और उन्होंने यहां दो टेस्ट में एक शतक के साथ-साथ 19 विकेट भी लिए हैं। भारत के तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और आकाशदीप सिंह ने दूसरे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल 17 विकेट लिए थे। सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और आकाशदीप ने दूसरी पारी में छह विकेट झटके थे। उनके प्रदर्शन ने भारत की जीत के लिए आधार तैयार किया था। तीसरे मुकाबले में भारत को अपने ट्रम्प कार्ड जसप्रीत बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी। बुमराह ने पिछली बार 24 जून को हेडिंग्ले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी की थी। उस टेस्ट में उन्होंने कुल 43-4 ओवर फेंके थे। उस दौरान उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लिए और दूसरी पारी में विकेट रहित रहे। कमर की परेशानी को देखते हुए उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में पांच में से तीन टेस्ट खेलने की सलाह दी गई थी। इसी वजह से उन्होंने बर्मिंघम में खेले गए दूसरे टेस्ट से बाहर रहने का फ़ैसला किया। इस फैसले की काफी आला. `चना हुई, क्योंकि कई लोगों को डर था कि भारत 0-2 से पीछे हो सकता है। एक अनुभवहीन तेज गें. दबाजी आक्रमण के साथ इंग्लैंड को फायदा मिलने के काफी आसार थे। लेकिन वो आशंका ग़लत साबित हुई। भारत ने बर्मिंघम में दबदबे वाली जीत के साथ सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। इसके बाद शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम मंगलवार को लॉर्ड्स में अपने पहले अभ्यास सत्र के लिए एक सहज और आत्मविश्वासी माहौल में पहुंची। सबसे ज्यादा सहज बुमराह दिखे, जो इंग्लैंड दौरे की शुरुआत से ही अभ्यास सत्रों में चुलबुले और मजाकिया मूड में रहे हैं। लेकिन गेंद हाथ में आते ही बुमराह की गंभीरता और तीव्रता में कोई कमी नहीं थी। उन्होंने बिना कोई ब्रेक लिए लगभग एक घंटे तक गेंदबाजी की। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ा कि कई प्रमुख भारतीय बल्लेबाज वैकल्पिक अभ्यास सत्र से आराम पर थे। गैरहाजिर खिलाड़ियों में शुभमन गिल, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप शामिल थे। लेकिन बुम. राह ने करुण नायर, बी- साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन और ध्रुव जुरेल की तकनीक और धैर्य की कड़ी परीक्षा ली। बल्लेबाजी में फिलहाल भारत का मजबूत पक्ष है। यशस्वी जायसवाल, राहुल और कप्तान शुभमन गिल की तिकघी एक बार फिर रनों का अम्बार लगाने के लिए तैयार है। ऋषभ पंत इस त्रिकोण में चौथे कोण का काम करते हैं। गिल ने दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 269 रन और दूसरी पारी में 161 रन बनाए थे। पंत ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाए थे। रवींद्र जडेजा दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में अर्धशतक बनाकर मध्य क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस बार मौसम का पूर्वानुमान ठीक-ठाक है, तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।



# अल्काराज-अनिसिमोवा विंबलडन के सेमीफाइनल में

- अल्काराज ने 1:39 मिनट चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नोरी को हराया

**लंदन, वार्ता।** गत विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को और महिला वर्ग में अमेरिका की अमांडा अनि. सिमोवा ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइल में प्रवेश किया। सेंटर कोर्ट में खेले क्वार्टर फाइनल में अल्काराज ने एक घंटे 39 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉरी को 6-2, 6-3, 6-3 से सेमीफाइनल में जगह पक्की की। अल्काराज अब सेमीफाइनल में अमेरिकी टेलर फिट्ज से मुकाबला करेंगे एक नंबर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में अमांडा अनिसिमोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नाटकीय क्वार्टर फाइनल मुक. ाबले में रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-1, 7-6(9) से हराकर पहली बार विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी पहले सेट में दबदबा बनाने और दूसरे सेट में 5-2 से आगे होने के बाद सीधी जीत की ओर अग्रसर दिख रही थीं। लेकिन मैच उस समय रोमांच पैदा हो गया जब बीमारी और थकान से जूझ रही पाव्लुचेनकोवा ने जोरदार वापसी की। रूसी खिलाड़ी ने कई मैच पॉइंट बचाए और सेट को रोमांचक टाई-ब्रेकर में पहुँचा दिया। अनिसिमोवा ने आखिरकार अपने चौथे मैच पॉइंट पर 10-9 के स्कोर पर शानदार रिटर्न के साथ मैच अपने नाम कर लिया। अनि. सिमोवा अब सेमीफाइनल में नंबर 1 वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी।

# रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे गिल

- दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान उपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है शुभमन गिल

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान ऊपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक हमवतन जो रूट को पछाड़ कर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग के अनुसार एजबस्टन में पहली पारी में 158 रन बनाने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने साथी जो रूट को पछाड़ कर जगह शीर्ष स्थान हासिल किया है और अब रूट से 18 अंक आगे हो गए हैं।

जो रूट अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दूसरे टेस्ट में 269 और 161 रनों की ऐतिहासिक पारियां खेलने वाले भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल 15 स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ 807 रेलटग अंक हैं।



इसके अलावा केन विलियमसन (तीसरे), यशस्वी जायसवाल (चौथे) और स्टीवन स्मिथ (पांचवें) हैं। अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 184 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ को भी फायदा हुआ है, वह 16 पायदान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका ऑलराउंडर वियान मुल्डर को बल्लेबाजों और ऑलराउंडरों, दोनों की रैंकिंग में फायदा हुआ है।

# लॉर्ड्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने जोफ्रा आर्चर को टीम में बुलाया

- भारत से मिली हार के बाद इंग्लैंड ने टीम में बदलाव करते हुए जोश टंग की जगह आर्चर को बुलाया

**लॉर्ड्स, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरु होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में वापस बुलाया है। कोहनी और पीठ की चोटों के कारण करीब साढ़े चार साल से सीमित ओवरों के मुकाबलों में खेल रहे जोफ्रा आर्चर को कल लॉर्ड्स में होने वाले मैच के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीम शामिल किया गया है। इंग्लैंड ने पिछले हफ्ते भारत से मिली 336 रनों से करारी हार के बाद टीम में एक बदलाव करते हुए जोश टंग की जगह जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया है। टंग इस सीरीज में 11 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। पिछले महीने उन्होंने ससेक्स के लिए 18 ओवर गें. दबाजी करके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की और उन्हें भारत के खिलाफ उसी मैदान पर होने वाली इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया है जहां उन्होंने छह साल पहले अपना टेस्ट पर्दापण किया था।

इंग्लैंड की टीम: जैक ,डकेट,ब्रूक ओली,रूट,स्टोक्स (कप्तान), जेमी (विकेटकीपर), ब्राइडन कार्स, क्रिस, जोफ्रा और शोएब बशीर।

## उत्तर प्रदेश ने चंड़ीगढ़ को हराया, महाराष्ट्र पंजाब मैच रहा ड्रा

**रांची, वार्ता।** पंद्रहवीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के सातवें दिन बुधवार को जहां उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की, वहीं महाराष्ट्र बनाम पंजाब का मैच ड्रॉ रहा। यहां खेले गए दिन के पहले मैच में महाराष्ट्र ने समूह 'ए' में पंजाब के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। महाराष्ट्र के लिए अन्वी रावत ने (35वें मिनट) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही पंजाब की सलोनी ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें गोल करने में विफल रही और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अगले मैच में उत्तर प्रदेश ने समूह 'ए' में चंडीगढ़ को 4-0 से हराया। उत्तर प्रदेश के लिए रैना ने 34वें, 48वें, 59वें मिनट में गोल की हैट्रिक लगाकर शीर्ष गोल का खिताब अपने नाम किया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चोटिल हसरंगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से हुए बाहर

**कैंडी, वार्ता।** श्रीलंका के शीर्ष स्पिनर वानिंदु हसरंगा चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार से शुरु होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो गए है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले एकदिवसीच मैच में श्रीलंका को मैच में वापसी दिलाने हसरंगा आखिरी एकदिवसीय मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। मेजबान टीम श्रीलंका ने यह एकदिवसीय सीरीज 2-1 से जीती ली थी। हसरंगा के स्थान पर अभी तक किसी अन्य खिलाड़ी का चयन नहीं किया गया है। वह कोलंबो लौटकर हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया शुरू करेंगे। चरित असालंका टीम की कप्तानी करेंगे।

### चोटिल फिन एलन जिम्बाब्वे में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के साथ होने वाली आगामी त्रिकोणीय से बाहर हो गए है। एलन को अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में सैन फांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए खेलते समय पैर में चोट लगी। उन्हें आगे की जाँच के लिए न्यूजीलैंड भेजा जाएगा।

चोट के कारण 26 वर्षीय एलन 14 जुलाई से शुरू होने वाली मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड एलन की जगह किसी खिलाड़ी के नाम की घोषणा करेगा। जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड का पहला मैच 16 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ है।

# सीरीज जीतने का प्रयास करेगी हरमनप्रीत एंड कंपनी





- मेनचेस्टर की पिच पारंपरिक रूप से सीम मूवमेंट देती है लेकिन टी-20 में बल्लेबाजी के लिए अच्छी है

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच मैनचेस्टर में 9 जुलाई को होने वाला मुकाबला इतिहास का हिस्सा बनने जा रहा है। 2012 के बाद पहली बार ओल्ड ट्रेफर्ड मैदान पर कोई महिला टी-20 खेला जाएगा, और भारत पहली बार इस मैदान पर कदम रखेगा। सीरीज के पहले तीन मैचों में रोमांच बना रहा है, लेकिन चौथे मुकाबले में पिच, मौसम और दबाव - तीनों का मिजाज अलग होगा। अगर भारत यह मैच जीतता है तो सीरीज उनके नाम हो जायेगी, वहीं अगर इंग्लैंड जीतता है तो सीरीज बराबर पर आ जाएगी।

मैनचेस्टर की पिच पारंपरिक रूप से सीम मूवमेंट देती है, लेकिन टी-20 में यह बल्लेबाज़ी के लिए अच्छी भी रही है। ऐसे में टॉस अहम भूमिका निभाएगा। यदि बादल छाए रहे, तो पहले गेंदबाजी का फैसला लिया जा सकता है। अक्सर इंग्लैंड की टीम घरेलू परिस्थितियों में मजबूत रही है, लेकिन भारत ने पिछले मुकाबलों में दिखाया है कि वो तेज गेंदबा. जों के सामने टिक सकती है। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी अगर रंग में आ जाए तो इंग्लैंड की गेंदबाजी की परीक्षा होनी तय है। दूसरी ओर, इंग्लैंड पिछले मैच में सलामी जोड़ी द्वारा 137 रनों की साझेदारी के बावजूद नौ विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना पाई थी। ऐसे में नियमित कप्तान नैट सिवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में कार्यवाहक कप्तान टैमी बोमॉन्ट और एमी जोंस पर इंग्लैंड के मध्य क्रम की जिम्मेदारी होगी। भारत इस सीरीज में काफ़ी अच्छी लय में रहा है। इसी कारण से उनकी टीम में शायद ही कोई बदलाव हो। साथ ही इंग्लैंड ने भी अपना पिछला मुकाबला जीता था, वह भी अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं करना चाहेगा।

# रैना आईएससीएल के ब्रांड एंबेसडर बने

**बेंगलुरु, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेट स्टार सुरेश रैना को इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग (आईएससीएल) का आधिकारिक एंबेसडर नियुक्त किया गया है। रैना ने कहा कि मैं जमीनी स्तर के क्रिकेट की अपार संभावनाओं में विश्वास करता हूँ। यहीं से सपनों की शुरुआत होती है और मैं इस लीग का हिस्सा बनकर उत्साहित हूँ जो देश भर की प्रतिभाओं को सामने लाती है। संस्थापक और अध्यक्ष डॉ- गंगाधर राजू के नेतृत्व में इस अभूतपूर्व पहल के माध्यम से रैना का लक्ष्य महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को सामने लाना है। आईएससीएल के पहले सीजन में 32 टीमें विभिन्न भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो



क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के लिए डिजाइन किए गए फेंचाइजी-आधारित मॉडल में होंगी। 29 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ, लीग का लक्ष्य एक मजबूत प्रतिस्पर्धा संरचना स्थापित करना है जो महत्वपूर्ण ध्यान और भागीदारी को आकर्षित करे। इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग 1 दिसंबर से 29 दिसंबर, 2025 के बीच मुख्य रूप से बेंगलुरु के आचार्य स्टेडियम में होगा।

# भारत 'ए' ने हॉकी में आयरलैंड को हराया

- भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने अपने यूरोप दौरे की शानदार शुरुआत करते हुए आयरलैंड को 6-1 से हराया

**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड पर 6-1 की शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। ओरांजे-रूड हॉकी क्लब में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने चारों क्वार्टर में शानदार प्रदर्शन किया।

उत्तम सिंह ने गोलकर भारतीय टीम को बढ़त दिलाई। अमनदीप लाकड़ा ने गोल दागकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद आदित्य लालगे ने लगातार दो गोल दागकर शानदार प्रदर्शन किया। फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल दागकर स्कोर में योगदान दिया। भारत की मजबूत रक्षापंक्ति के आगे आयरलैंड एकमात्र सांत्वना गोल कर सका। भारतीय टीम अपने दूसरे मैच मे आयरलैंड से भिड़ेगी।

इसके बाद, वे अगले दो हफ्तों में भारत फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेंगा।



## आरटीए के करन सिंह बने भारत के नंबर-2 रैंक वाले खिलाड़ी

**चंडीगढ़, वार्ता।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी के करन सिंह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए नवीनतम एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 426 का स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही वह भारत के दूसरे नंबर के एकल खिलाड़ी बन गए हैं, भारत के नंबर 1 सुमित नागल (वर्ल्ड नंबर 307) के ठीक पीछे।

# ज्योति सुरेखा वेन्नम-ऋषभ यादव ने कंपाउंड मिक्सड टीम में तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

**स्पेन, वार्ता।** एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव ने तीरंदाजी विश्व कप 2025 स्टेज 4 में कम्पाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के तंजा गेलेन्थियन और माथियास फुलरटन द्वारा यूरोपियन गेम्स 2023 में बनाए रिकार्ड को तोड़ दिया। वाल्हेर्मोसो स्टेडियम में हुए मुकाबले में ज्योति और ऋषभ ने व्यक्तिगत तीरंदाजी स्पर्धा के क्वालीफाइंग राउंड में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। यादव ने 85 तीरंदाजों के बीच शुरू हुई स्पर्धा में अंत तक नेतृत्व करते हुए 716 अंक बनाए, वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने 715 अंक हासिल किए। ज्योति और ऋषभ ने मिलकर कुल 1431 अंकों का स्कोर बनाया, जो कि डेनमार्क के तंजा गेलेन्थियन और माथियास फुलरटन द्वारा यूरोपियन गेम्स 2023 में बनाए गए पिछले मिक्स्ड टीम वर्ल्ड रिकॉर्ड (1429 अंक) से बेहतर रहा। हालांकि, व्यक्तिगत कम्पाउंड विश्व रिकॉर्ड 718 अंकों पर बरकरार है। यादव ने विश्व आर्चरी के साथ हुए एक साक्षात्कार में कहा, ह्यह बेहद खास है क्योंकि कम्पाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा को हाल ही में ओलंपिक गेम्स में शामिल किया गया है और हम समय के साथ




ऐसी छोटी-छोटी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यादव और ज्योति ने सेंट्रल फ्लोरिडा में सीजन के पहले टूर्नामेंट में मिक्स्ड टीम स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने पुरुष और महिला टीम स्पर्धाओं में भी शीर्ष सीड़िग हासिल की। प्रियांश (710), अमन सैनी (709) और ऋषभ यादव के 716 अंकों ने भारत को पुरुष टीम स्टैंड़िग में 2135 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया। वे तुर्की (2127) और दक्षिण कोरिया (2124) से आगे रहे। ज्योति (715), परनीत कौर (702) और पर्दापण कर रहीं 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप (699) ने भारत को महिला टीम में 2116 अंकों के साथ शीर्ष सीड़िग दिलाई। वे मेक्सिको (2108) और दक्षिण कोरिया (2095) से आगे

# टीएमयू में इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की उड़ान को नए पंख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** क्वालिटी एजुकेशन, रिसर्च और इंडस्ट्री बेस्ड सघन ट्रेनिंग के लिए देश में अपनी अलग शिनाख्त रखने वाली तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की झोली में नैक से 'ए' ग्रेड और यूजीसी की धारा 12-बी भी है। टीएमयू में ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन- एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त बीटेक प्रोग्राम्स में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और सिविल इंजीनियरिंग में देश के कोने-कोने से स्टुडेंट्स इंजीनियरिंग के अपने सपनों में रंग भर रहे हैं। इसके अलावा डिप्लोमा और बीएससी के बाद बीटेक द्वितीय वर्ष में लैटरल एंट्री की सुविधा भी है, जिससे स्टुडेंट्स को टाइम की बचत और करियर में तेजी से प्रगति का अवसर मिलता है। यूनिवर्सिटी में स्टुडेंट्स को उद्योग जगत की नवीनतम आवश्यकताओं के अनुरूप सिविल इंजीनियरिंग- ऑनर्स, सतत अवसंरचना के लिए ऑटोमेशन, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मेकाट्रॉनिक्स, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग- ऑनर्स में इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सरीखे विशेष पाठ्यक्रम भी हैं। एमटेक में भी मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस, इलेक्ट्रिकल पावर एवं ऊर्जा प्रणाली, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, संरचनात्मक एवं निर्माण अभियंत्रण जैसे आधुनिक विषयों पर दक्षता की दृष्टि से विशेष फोकस रहता है। एफओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी कहते हैं,




टीएमयू का प्लेसमेंट रिकॉर्ड भी उल्लेखनीय है। यूनिवर्सिटी अपने सर्वाधिक स्टुडेंट्स को जॉब्स उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रो. द्विवेदी बताते हैं। नतीजतन टीएमयू के स्टुडेंट्स देश-विदेश की प्रमुख कंपनियों जैसे- इंफोसिस, टीसीएसआईओएन, विप्रो, टेक महिंद्रा, वीवो, अल्ट्राटेक, टॉरेंट गैस, कैपिटल वाया आदि में हाई पैकेज के संग पोस्टेड हैं। शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए टीएमयू के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग- एफओई एंड कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी में स्नातक, परास्नातक और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी टीएमयू का नेटवर्क मजबूत है। एफओई के डीन प्रो. द्विवेदी कहते हैं, टीसीएसआईओएन, आईईईई, एनवीआईडीआईए, बीएसएनएल, ऑटोडेस्क, एआईवानसिटी, लीप आदि के साथ अकादमिक साझेदारी के माध्यम से स्टुडेंट्स को वैश्विक मानकों पर एजुकेशन और ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अतिरिक्त मेधावी स्टुडेंट्स, एल्युमिनाई, जैन स्टुडेंट्स, खेल प्रतिभाओं के संग-संग विशेष श्रेणियों के लिए छात्रवृत्तियां दिए जाने का भी प्रावधान है।

# संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने लगाए पौधे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी द्वारा अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में महानगर में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के 37 करोड़ पेड़ लगाने के आह्वान पर उसी क्रम में महानगर में संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी द्वारा 251 पेड़ नगर के पारकर कॉलेज रोड, आवास विकास कॉलोनी, रामगंगा विहार कॉलोनी, कांठ रोड, बुद्धि विहार, टी डी आई सिटी, में सहजन कटहल अर्जुन की छाल आमला बेल अमरूद मोतिया सूरजमुखी गुलाब अशोक आदि के पेड़ लगवाए गए महामंत्री विपिन गुप्ता ने बताया की प्रदूषण से मुक्ति के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है




उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया की पेड़ों से हमारा महानगर हरियाली से युक्त रहेगा और अच्छी ऑक्सीजन मिलेगी वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रियम अग्रवाल, सतपाल गगनेजा, सुशील कुमार सिंह, सुरजीत सिंह डोडा, राजेश चौधरी, नवीन भाऊ, कुलदीप भाटिया, खुशबीलाल मिगलानी, जितेंद्र सिंह जेठी, आनंद जी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सपा कैम्प कार्यालय पर सपा विधायक ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाकबंगले के निकट स्थित सपा कैम्प कार्यालय एम0आई0 हाउस पर बुधवार को सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने जनता दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्राम शेरपुर, मुड़िया भीकम, सफीलपुर, अमरपुरकाशी, मुड़िया राजा, तेवरखास, नगलिया मशकूला, मुड़ियाखेड़ा, डारनी समेत नगर बिलारी के लोग अपनी समस्याएं एवं फरियाद लेकर पहुंचें। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने जनता की समस्या सुनी और उनका समाधान किया। इस दौरान मुख्य रूप से राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास



योजना, क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण, ग्रामीण आबादी को विद्युत लाइन से जोड़ने, घरेलू विवाद, आपसी विवाद संबंधित अनेक मामलों को सुनते हुए सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने सभी समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान मुख्य रूप से मौहम्मद सालिम सैफी, तसलीम अजहरी, सददाम सैफी प्रधान, सोनू राठौर, गफफार प्रधान, शाकिर सलमानी, बसर मलिक, आरिफ सैफी, फारूख आदि मौजूद रहे।

# नागरिक एकता परिषद के तत्वावधान में एक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** प्राथमिक विद्यालय खडुआ में नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट और नागरिक एकता परिषद के तत्वावधान में एक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन विभाग बिलारी के रेंजर रिजुल कंसल के सहयोग से अमरपुर काशी नर्सरी से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना, और सरकार की वृक्षारोपण योजना को समर्थन देना था। विद्यालय परिसर में बच्चों, शिक्षकों, और स्थानीय नेताओं ने मिलकर पौधरोपण किया। विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जिनमें छायादार और फलदार वृक्ष शामिल थे। इस मौके पर ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार ने बच्चों को पर्यावरण और पौधरोपण का महत्व बताया। उन्होंने कहा, पेड़ हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जो हमारे जीवन का आधार है। पेड़ हैं, तभी सांसें हैं। अगर हम पेड़ों की रक्षा नहीं करेंगे, तो एक दिन हमें ऑक्सीजन सिलेंडर साथ लेकर चलना पड़ेगा। उनकी यह बात बच्चों में गहरी छाप छोड़ गई। प्रेम कुमार ने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ का नारा दिया और बच्चों को पेड़ों की देखभाल के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में निम्नलिखित लोगों ने सक्रिय भागीदारी की भगत सिंह, मोहित कुमार, प्रशांत, अर्पित सिंह, चौधरी संजीव, राधिका, इंशानूर, सितारा, मोहम्मद अली आदि मुख्य हैं। कपिलराज ने बच्चों को बताया कि पर्यावरण शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे व्यावहारिक रूप से लागू करना चाहिए। प्रधानाचार्य नीरज शर्मा ने सरकार की वृक्षारोपण स्कीम का उल्लेख किया, जिसमें अधिक से अधिक पौधरोपण को बढ़ावा देने का लक्ष्य है। यह कार्यक्रम इस योजना के तहत एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसमें स्थानीय समुदाय और स्कूल ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दिया।

## एक नजर

### पूर्व चालक ने राणा शुगर मिल की बस को रोककर कर्मचारियों को पीटा, केस दर्ज

**भोजपुर।** मुरादाबाद से राणा शुगर मिल बेलबाड़ा के स्टाफ को लेकर मिल को आ रही बस को पूर्व चालाक ने अपने साथ-आठ साथियों को साथ लेकर रास्ते में रोककर मारपीट की। पुलिस ने चालक व उसके साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राणा शुगर मिल बेलबाड़ा के कर्मचारी बालेंद्र चौधरी ने प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में कहा है कि बुधवार को सुबह को राणा शुगर मिल बेलबाड़ा की बस मुरादाबाद से कर्मचारियों को लेकर मिल को आ रही थी।

गांव गोधी के सामने मिल के पूर्व ड्राईवर गांव इस्लामनगर निवासी फुन्नू उर्फ आलम पुत्र नन्हे ने अपने सात-आठ साथियों को साथ लेकर बस को हाथ देकर रोक लिया। आरोपियों ने बस में चढ़कर मिल कर्मचारियों सुमित कुमार, कौशल चौधरी, सुशील कुमार, सुखवीर सिंह, सौरव सिंह एवं हिमांशु चौधरी को लात घूसों, सरियों एवं डंडों से पीटा। मारपीट में सुमीत कुमार और कौशल चौधरी को गंभीर चोटें आई हैं। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। केस की विवेचना उप निरीक्षक पंकज कुमार कर रहे हैं।

### नगर पंचायत में किया गया पौधारोपण



**डिलारी।** बुधवार को नगर पंचायत ढकिया में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर पंचायत ढकिया में एसडीएम ठाकुर द्वारा प्रीति सिंह, अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल, लिपिक रऊफ अहमद, रिफाकत हुसैन, नगर पंचायत अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन ने सामूहिक रूप से, नीम, जामुन, आम, यूकेलिप्टिस, अर्जुन, शीशम, सागौन, अमरूद, आदि का पौधा रोपण किया गया, एसडीएम ठाकुर द्वारा प्रीति सिंह ने पेड़ों के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने बताया कि मानव जीवन में पेड़ों का महत्व काफी हद तक है, शुद्ध वातावरण, ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में मिलती है।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया गया पौधारोपण



**बिलारी।** वृक्षारोपण महा अभियान के तहत अनेकों स्थान पर पौधों का रोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम लगाया गया ताकि हम भावी पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण दे सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया। अनेकों स्थानों पर पौधारोपण हुए, भाजपा नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान ने पौधारोपण किया। पालिका सहित अनेकों स्थानों पर पौधारोपण हुआ। जिसमें एसडीएम विनय कुमार सिंह, पालिका की अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने पौधरोपण कर लोगों को अधिक से अधिक पौधे रोपने का संदेश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सैनी ने आवंले का वृक्ष लगाकर लोगों को पौधे रोपने के लिए प्रेरित किया। यहां पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हरीश चन्द्रा, भाजपा के बिलारी मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, आरपी वर्मा, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष परमेश्वर नाथ गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा रचित माथुर, अमित मौर्य मनीष चौधरी आदि ने पौधारोपण किया। इसके साथ ही अनेकों भाजपा नेताओं ने पौधे रोपकर लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण का संदेश दिया ताकि पर्यावरण स्वच्छ रह सके। पालिका की ओर से भी पौधों का वितरण किया गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया वृक्षारोपण

**बिलारी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव बेलवाल द्वारा चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हरिश्चंद्र के साथ मिलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी कैंपस में वृक्षारोपण किया जिसमें तरह-तरह के वृक्ष लगाए गए इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी के समस्त चिकित्सा पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा मुख्य रूप से चीफ फार्मासिस्ट आर पी वर्मा चंचल सिंह आजाद मनीष कुमार विकेश कुमार अमित कुमार आरती स्वतंत्र कुमार धनंजय कठत वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वन महोत्सव के अंतर्गत किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भारतीय मानव कल्याण समिति के तत्वाधान में सीता आश्रम स्थित मंदिर परिसर में वन महोत्सव-2025 के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। समिति प्रबन्धक डॉ टी.एस. पाल ने बताया कि इस वर्ष के वन महोत्सव का विषय 'एक पौधा माँ के नाम' है।

हम सभी को अपनी माताओं के सम्मान में एक पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित करता है। चाहे वे जीवित हों या दिवंगत, और उस पौधे को उसी देखभाल, प्यार और समर्पण के साथ पोषित करें, जिस तरह एक माँ अपने बच्चे को पोषित करती है। पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने तथा भावी पीढिघ्यों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। समिति सदस्यों ने इस पहल को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी के रूप में लिया और भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ जयशंकर दुबे ने कहा कि समिति वर्ष में एक बार ही वृक्षारोपण करती है जिसमे एक सौ एक पौधे लगाती हैं तथा समिति सदस्यों को 5-5 पौधों की देखभाल हेतु जिम्मेदारी सौंपती है ताकि पर्यावरण संरक्षण में हम सबकी सहभागिता हो सके। आज शीशम, नीम, लिप्ट्स, जामुन, अर्जुन, शीर्ष, गुड़हल आदि के पौधे लगाए गए। इस दौरान एड हरीश कठैरिया, सुशील भोलेनाथ, डॉ डीके अग्निहोत्री, आकाश कुमार शर्मा, राजवीर सिंह, मुनेश धनगर, मुनीश बाबू, पुष्पेंद्र मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# वर्षा ऋतु में बढ़ते रोग: आयुर्वेद से करें बचाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** इन दिनों मौसम में बदलाव के साथ खांसी, जुकाम, बुखार, एलर्जी, डायरिया (अतिसार) और पेट की एसिडिटी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय बिलारी की सीनियर स्टाफ ममता पांडे के अनुसार, डॉ. वर्णिका रानी प्रतिदिन लगभग 110 मरीज देख रही हैं, जिनमें अधिकतर मरीज वायरल बुखार, एलर्जी, सर्दी-खांसी और पेट की बीमारियों से पीड़ित हैं। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्णिका ने बताया कि इस मौसम में दिल के मरीजों के लिए विशेष सावधानी की जरूरत है। उन्होंने क्षेत्र वासियों को को सलाह दी है कि बारिश के मौसम में बासी खाना बिल्कुल न खाएं। बासी भोजन शरीर में आंव बनाता है,



जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। आयुर्वेद के अनुसार वर्षा ऋतु में स्वास्थ्य की रक्षा कैसे करें? आयुर्वेद में वर्षा ऋतु को दोषों के असंतुलन की ऋतु माना गया है। विशेषकर इस समय वात और पित्त दोष में वृद्धि होती है। इसका प्रभाव पाचन, श्वसन और प्रतिरक्षा प्रणाली पर पड़ता है। इससे सर्दी-खांसी और वायरल बुखार होता है इससे बचाव को तुलसी, अदरक और काली मिर्च का काढ़ा सुबह-शाम पिएं। हल्दी वाला गर्म दूध पीना भी लाभकारी है।नाक में औषध तेल की बूँदें डाला करें, यह श्वसन तंत्र को मजबूत करता है। डायरिया दूषित पानी और पित्त विकृति से होता है। इसमें बेल के फल का चूर्ण या मट्ठा पाचन को ठीक करता है। सौंफ, जीरा और धनिया का उबला पानी पिएं। खाने में सादा और सुपाच्य भोजन लें। एसिडिटी और पेट की गड़बड़ी का कारण पाचन अग्नि कमजोर होना है।

ज्ञात रहे कि बिलारी में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ब्लॉक कार्यालय परिसर में स्थित है यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। आयुर्वेद की दवा ले रहे अखिलेश कुमार का कहना है कि यह औषधि दोष रहित होती है और रोग का समूल नाश करती है इसलिए मेरा और अधिकतर लोगों का इस पर विश्वास दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

# चेयरमैन ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सोमवार को नगर पंचायत पाकबड़ा के नजदीक ग्राम समाथल में समाथल प्रीमियर लीग (सीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पाकबड़ा चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने फीता काटकर किया। यह टूर्नामेंट आलम भाई, अनस भाई, हसन भाई, कमल भाई और सब्बू भाई के नेतृत्व में ग्राम समाथल के समाथल क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट के मुख्य बिंदु: आयोजन: समाथल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ग्राम समाथल में किया गया है। उद्घाटन: पाकबड़ा चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। प्रतिभागी: इस




टूर्नामेंट में विभिन्न टीमों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। स्थल: यह टूर्नामेंट ग्राम समाथल के समाथल क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने कहा इस तरह के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है और क्षेत्र में खेल भावना को बढ़ावा मिलता है। चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने अपनी दुआओं से नवाजा आप लोग इसी तरह से अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर आगे बढ़े और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करें।

# विद्यालय परिसर में किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** हरि मंगल महाविद्यालय बिलारी में सरकार के निर्देशानुसार हरितमा अमृतवन अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 200 पौधे लक्ष्य के रोपित किये गये जिनमें जामुन, नीम, वॉटर ब्रश, सागौन, अमरूद, आमला, करी पत्ता आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक सोनू यादव एवं प्राचार्य डॉ. राजेश रंजन ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि हमें अपने आस-पास की भूमि, धार्मिक स्थलों एवं प्राथमिक विद्यालयों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए, क्योंकि वृक्ष




न केवल हमारे जीवन के लिए बल्कि समस्त जीव-जंतुओं के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति गुप्ता तथा शंकर सिंह सहित डॉ. रश्मि सिंह, सुरेंद्र चौहान, निर्मला यादव, नदीम अहमद, बुशरा नईम, रोहित कुमार, रूमपाल सिंह, यूसुफ अब्दुल्ला, मनोज यादव, मोहित यादव आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। स्वयंसेवकों में अंजली मौर्य, रश्मि मौर्य, आरती, मुस्कान, मरयम, मीनाक्षी, नंदिनी आदि उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**चन्दौसी।** सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को यातायात पुलिस द्वारा एक सराहनीय जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान में शहर के स्कूल के बच्चों को भी सहभागी बनाया गया जिन्होंने रचनात्मक ढंग से स्लोगन लिखे चार्ट पेपर लेकर चौराहे पर खड़े होकर राहगीरों और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों द्वारा सुरक्षित यात्रा-जीवन रक्षा, हेलमेट लगाओ-जीवन बचाओ, तेज रफ्तार मौत की सवारी, सड़क पर चलें नियमों के साथ आदि स्लोगन लिखे गये जिन्होंने न सिर्फ राहगीरों का ध्यान खींचा बल्कि उन्हें विचार करने पर भी मजबूर किया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के महत्त्व, यातायात संकेतों के सही उपयोग, जेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक लाइट और हेलमेट की आवश्यकता के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर श्रेष्ठ स्लोगन प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। अयातायात निरीक्षक ने बताया कि यह पहल केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि एक निरंतर प्रयास है जिससे समाज में सड़क सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि जब बच्चे खुद यातायात नियमों को समझेंगे और दूसरों को समझाएंगे, तो समाज में सकारात्मक बदलाव तेजी से आएगा। इस अभियान ने न केवल बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा की, बल्कि आम लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति सजग रहने का जीवंत संदेश दिया।

# वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोमी चौधरी का महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में आगमन हुआ। रोमी चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष वंदे भारत बनने के बाद पहली बार आगमन पर उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।रोमी चौधरी के साथ-साथ रविंद्र राठी राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आईटी सेल वंदे भारत, कपिल कुमार राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, सोमी चहल, जितेंद्र सिंह का भी आगमन हुआ उनका भी अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष रोमी चौधरी द्वारा मेजर राजीव ढल को वंदे भारत का प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश नियुक्त किया।महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बबीता मेहरोत्रा को बनाया गया वह रति कौशिक को प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा बनाया




गया।इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रोमी चौधरी ने कहा वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन पूरे देश भर में अपना विस्तार कर रहा है और देश के सभी 28 राज्यों में अपने संगठन का विस्तार कर रहा है इसी क्रम में मेजर राजीव ढल को वंदे भारत का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि विश्वास है कि मेजर राजीव ढल के नेतृत्व में वंदे भारत संगठन प्रदेश में नई ऊंचाइयों को छूएगा उन्होंने आगे कहा कि महिला मोर्चा की टीम भी बबीता मेहरोत्रा एवं रति कौशिक के नेतृत्व में मजबूती से काम करेगी। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मेजर राजीव ढल ने कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रोमी चौधरी द्वारा जो मुझे दायित्व सौपा गया है उसके लिए मैं उनका धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूं और जिस उद्देश्य व आशा से उन्होंने यह दायित्व सौपा है निश्चित रूप से कार्य को आगे बढ़ने का कार्य सभी के साथ मिलकर करूंगा इस राष्ट्रवादी विचारधारा के संगठन के साथ राष्ट्रवादी विचारधारा के और लोगों को जोड़कर वंदे भारत की राष्ट्रवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर रविंद्र राठी राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आईटी सेल ने कहा की वंदे भारत का आईटी विभाग लगातार जन-जन तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है इस मौके पर उपस्थित सभी गणमान्य जनों का भी राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया।इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रोमी चौधरी, रविंद्र राठी मेजर राजीव ढल, कपिल कुमार, बबीता मेहरोत्रा, रति कौशिक, राहुल चौधरी, ग्रंथ सिंह, संजय कुमार, सुमित कुमार, विमल कुमार, जितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

गुरुवार, 10 जुलाई 2025

## ब्रिक्स देशों को धमकी

अमेरिका फर्स्ट की नीति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पूरी तरह से एक तरह का भूत सवार है। वह किसी भी मंच से अमेरिका की जरा सी भी आलोचना को सहन करने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं हैं। अब तो उन्होंने ब्रिक्स देशों को ही सीधे निशाने पर ले लिया है और उनको एक अगस्त से दस प्रतिशत एक्सट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दे डाली। गत रविवार को हुई ब्राजील में ब्रिक्स देशों की बैठक में ट्रम्प की व्यापार नीति को लेकर आलोचना की गई थी। चीन ने तो खुलकर यह कहकर विरोध किया था कि व्यापार समानता पर आधारित होना चाहिए और इसमें किसी भी देश की एकतरफा मनमानी नहीं होनी चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष को लेकर भी अमेरिका की आलोचना की गई थी कि वह उसके दबाव में काम करता है। जाहिर है, डोनाल्ड ट्रम्प यह आलोचना नहीं सुनने वाले और उन्होंने अब सीधे तौर से ब्रिक्स पर ही हमला बोल दिया और कहा कि ब्रिक्स ग्रुप अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने यहां तक कह डाला कि ब्रिक्स हमें नुकसान पहुंचाने और हमारे डॉलर को कमजोर करने के लिए ही बनाया गया था। ट्रम्प ने धमकी दे डाली कि जो ब्रिक्स के सदस्य देश हैं, उनको दस फीसदी टैरिफ देना होगा।

इससे अमेरिका डॉलर की ताकत बनी रहेगी और इसे चुनौती देने वालों को बड़ी कीमत चुकानी होगी। वह यह कहने से भी नहीं चूके कि डॉलर राजा है। हम इसे ऐसे ही रखेंगे। उन्होंने सदस्य देशों को चेताते हुए कहा कि अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं, तो वह कर सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। वह दंभई अंदाज में यह भी बोल गए कि उन्हें नहीं लगता कि उनमें से कोई वह कीमत चुकाने के लिए तैयार है। भारत भी इस ब्रिक्स का सदस्य होने के चलते ट्रम्प की इस धमकी के दायरे में आ गया। ट्रम्प ने साफ कहा कि भारत को भी दस फीसदी टैरिफ देना होगा। किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। हालांकि ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार की बात को भी स्वीकारा और आशा जताई कि इस महीने ही या उनकी भारत यात्रा के दौरान एक व्यापारी समझौता हो सकता है और 2030 तक दोनों देश आपसी ट्रेड को 500 डॉलर तक पहुंचा देना चाहते हैं। उन्होंने अपनी टैरिफ नीति का बचाव करते हुए कहा कि अब तक सौ अरब डॉलर से ज्यादा का टैरिफ जमा हो चुका है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भी हमला बोला और कहा कि पिछली बार जैसा मूर्ख राष्ट्रपति होता तो अमेरिकी लोगों का स्टैंडर्ड गिर जाता। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि 1 अगस्त 2025 से टैरिफ लागू होंगे और इसमें कोई बदलाव या छूट नहीं होगी। हालांकि उन्होंने हमेशा की तरह यह जरूर कहा कि अगर कोई देश उनसे अलग से बात करना चाहता है, तो उसके साथ अलग से डील हो सकती है। जाहिर है ट्रम्प के इस कदम से दुनियाभर का व्यापार प्रभावित होगा। जैसाकि कहा जाता है कि ट्रम्प खुद एक बड़े व्यापारी हैं इसलिए व्यापार पर जोर दे रहे हैं, जोकि स्वाभाविक भी है, लेकिन जिस तरह का ट्रम्प आचरण कर रहे हैं और दूसरे देशों पर एक तरह से अपने फैसले थोंप रहे हैं, यह विश्व बिरादरी के लिए अच्छे लक्षण नहीं हैं।

## ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका



जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार के चुनाव को चुराने की साजिश रची जा रही है, इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात करते हैं, भाजपा पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं, ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है, आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा, कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप अपना काम नहीं कर रहे हो, कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ, उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ, लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जीत दर्ज की, कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गया।

**–राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

## ओली के हवा हवाई दावे से भारत का बेफिक्र रहना ही अच्छा





यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की छवि भारत विरोधी की है,यह बात छिपी नहीं है लेकिन वे खुल्लम खुल्ला भारत को चुनौती देने की अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे, यह हैरान करने वाली बात है। वे कभी भारत के खिलाफ तीसरे देश के हाथ की कठपुतली बन जाते हैं तो कभी भारतीय भू क्षेत्र पर अपना दावा ठोक कर भारत को आंख दिखाते हैं। हद तो यह हो गई कि ओली अब भगवान राम के जन्म स्थान तक को नेपाल में होने का दावा कर रहे हैं। ओली के बे सिर पैर के दावे पर नेपाल के ही एक टिप्पणी कार ने कहा इस पर गौर कर दिमाग खपाने से बेहतर है कि भारत बेफिक्र ही रहे।

ओली के इस तरह अनाप-शनाप बकवास के पीछे का एक सच यह है कि वे नेपाल की राजनीति में निष्प्रयोज्य होते जा रहे हैं। अभी वे गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री हैं और उस दल के (नेपाली कांग्रेस) गठबंधन में हैं जो अपेक्षाकृत हिंदूवादी है और उसके भारत के हिंदुवादी नेताओं से अच्छे संबंध है। ऐसे में ओली को यह डर सताता रहता है कि भारत अपने समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का पेंच जरा सा भी कस दिया तो उनकी कुर्सी गई। इस डर के बीच ओली नेपाल की राजनीति में कम्युनिस्ट होते हुए ही हिंदुत्व कार्ड खेलने की रणनीति पर तेजी से काम शुरू कर दिए हैं। जाहिर है भगवान राम भारत और नेपाल में समान रूप से सर्वमान्य और पूज्यनीय हैं। भगवान राम का ससुराल जनकपुर में है जो नेपाल में स्थित है। यह माता सीता का मायका है। इस रिश्ते की वजह से ही भारत और नेपाल के बीच रोटी बेटी जैसे संबंध को प्रगाढ़ता मिली है जो आज भी कायम है।

नेपाल में इन दिनों राज संस्था और हिंदू राष्ट्र की मांग जोर शोर से चल रही है। आने वाले चुनाव में नेपाल में दो ही मुद्दे हावी रहेंगे। एक गणतंत्र और धर्मनिरपेक्ष दूसरे राजशाही और हिन्दू राष्ट्र। ओली संभावित राजनीति की इस धारा को बखूबी समझ रहे हैं और इससे भयभीत भी हैं। यही वजह है कि वे कभी देश भक्ति का कार्ड खेलते हैं तो कभी हिंदुत्व का।

इस बार हिंदुत्व का कार्ड खेलते हुए ओली ने भगवान राम के नेपाल में जन्मने का राग अलापना शुरू किया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के केंद्रीय पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ओली ने स्पष्ट लहजे में कहा कि प्रभु राम का जन्म नेपाल में ही हुआ है यह सच्चाई कहने में किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि नेपाल के चितवन जिले के माड़ी में ही प्रभु राम का जन्म हुआ है। वह पवित्र स्थल राम की जन्मस्थली है। प्रधानमंत्री ओली आगे कहते हैं कि हम पर्यटन की बातें करते हैं, लेकिन राम नेपाल में जन्मे थे यह बात कोई और कहे, यह कब तब चलेगा? केवल कथाएं बना कर किसी और स्थान को जन्मभूमि बताना कहां तक उचित है? ओली का इशारा साफ तौर पर भारत की ओर है। उन्होंने कहा, राम के जन्म के वक्त नेपाल राज्य की क्या सीमाएं थीं, क्या प्रशासन था, वह अलग बात है। शायद वहां था-समुदाय का गांव रहा होगा, लेकिन आज वह भूभाग नेपाल में ही है। इसलिए सच कहने में हिचक क्यों? प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि किसी को यह बात बुरी लग सकती है, इससे डर कर सत्य बोलने से नहीं रुकना चाहिए। उन्होंने कहा, राम भगवान हैं या नहीं, यह हर किसी का व्यक्तिगत विश्वास है, लेकिन जो लोग भगवान राम को मानते हैं, उनके लिए राम की जन्मभूमि एक पवित्र स्थल है। ओली ने कहा अगर सच्चाई बोलने से कोई नाराज होता है तो वह होता रहे।

प्रधानमंत्री ओली ने यह भी दावा किया कि भगवान शिव, ऋषि विश्वामित्र और कौशिक ऋषि भी नेपाल के ही हैं। उन्होंने कहा, शिव यहीं के हैं, विश्वामित्र यहीं के हैं। यह रामायण में खुद लिखा है। प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि वाल्मीकि कृत रामायण में उल्लेख है कि विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण को कोशी नदी पार करके पश्चिम दिशा में यानी नेपाली भूभाग में ही शिक्षा दी थी। यह रामायण में यह लिखा गया है। वाल्मीकि रामायण में यह वर्णित है कि कोशी नदी पार करके विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को शिक्षा दी। इससे स्पष्ट है कि विश्वामित्र चतरा नेपाल के थे।

इतना ही नहीं उन्होंने नेपाल पर्यटन बोर्ड से कहा कि भगवान राम की जन्मस्थली का डिजिटल माध्यम से प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक विदेशी श्रद्धालुओं को नेपाल आने के लिए आकर्षित किया जाय। ओली ने कहा कि नेपाल के धार्मिक स्थलों का प्रचार बिल्कुल आधुनिक तरीके से और आक्रामक ढंग से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि धर्म में विश्वास करना या न करना हर व्यक्ति का स्वतंत्र अधिकार है, लेकिन भगवान राम नेपाल में जन्मे थे और सीता का निधन भी यहीं हुआ था, जैसी बातों का ग्रंथों में उल्लेख है, इसे पूरी दुनिया में प्रचारित करने से डरने की जरूरत नहीं है। इसके पहले ओली जब भारत के उत्तराखंड में स्थित काला पानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा नामक पहाड़ी क्षेत्र को अपने भू भाग का हिस्सा बताते हुए भारत पर कब्जा करने का आरोप मढ़ते हैं तो इससे वे खुद को पक्का देशभक्त साबित करने की कोशिश करते हैं।

यह भू क्षेत्र उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ जिले का हिस्सा है। दर असल यह भू क्षेत्र भारत, नेपाल और चीन सीमा पर स्थित है जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाक. ाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को काला पानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।

1816 में अंग्रेजों और नेपाल के गोरखा राजा के बीच हुए सुगौली समझौते में काली नदी के जरिए भारत और नेपाल के बीच सीमा तय की गई थी। समझौते के तहत काली नदी के पश्चिमी क्षेत्र को भारत का इलाका माना गया, जबकि नदी के पूर्व में पड़ने वाला इलाका नेपाल का हिस्सा माना गया। काली नदी के उद्गम स्थल को लेकर दोनों देशों के बीच विवाद रहा है। भारत नदी के पूर्वी धारा को काली नदी का उद्गम मानता है जबकि नेपाल पश्चिमी धारा को काली नदी का उद्गम स्थल मानता है। इसी आधार पर दोनों देश काला पानी के इलाके पर अपना-अपना दावा करते हैं। ए तीनों इलाके 370 वर्ग किमी में फैले हुए हैं। यहां रहने वाले लोगों की नागरिकता भारतीय है। काला पानी भारत, तिब्बत और नेपाल के बीच ट्राई-जंक्शन पर है। यह क्षेत्र सामरिक तौर पर इतना महत्वपूर्ण है कि यहां से भारत का चीनी सेना पर नजर रखना आसान है।भारत ने पहली बार 1962 के युद्ध में यहां सेना तैनात की थी। अभी भी यहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस तैनात है। लिपुलेख दर्रा उत्तराखंड को तिब्बत से जोड़ता है। भारत से मानसरोवर जाने वाले तीर्थयात्री लिपुलेख दर्रे से होकर गुजरते हैं। 1962 में चीन के हमले के बाद भारत ने लिपुलेख दर्रे को बंद कर दिया था। 2015 में चीन के साथ व्यापार और मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए इसे दोबारा खोला गया। मई 2020 में भारत ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए पिथौरागढ़ से लिपुलेख दर्रे तक 80 किमी लंबी नई सड़क का उद्घाटन किया था, जिसे लेकर नेपाल ने नाराजगी जताई थी। अंग्रेजों के साथ संधि के करीब 100 साल बाद तक इस इलाके को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ। यहां तक कि भारत ने 1962 में चीनी आक्रमण को रोकने के लिए इस इलाके में अपनी सेना तक तैनात कर दी थी। अभी भी इस इलाके के कई हिस्सों में भारतीय सेना तैनात है। फिर ओली इस दुर्गम इलाके को अपना बताते हैं। सवाल उठता है कि यदि ऐसे ही हवा हवाई सबूतों के आधार पर किसी भू क्षेत्र अथवा जन्मस्थली पर दावा ठोकना हो तो भारत भी नेपाल के लुंबिनी को अपने देश का हिस्सा कह सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी है



श्री श्री परमहंस योगानंद

**जब सर्वोच्च सत्य को प्राप्त करने की हमारी लालसा अत्यधिक तीव्र हो जाती है, तो ईश्वर हमें आत्म-साक्षात्कार की चुनौतीपूर्ण यात्रा पर प्रगति करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक ईश्वरीय माध्यम अर्थात गुरु को भेजकर प्रत्युत्तर देते हैं।**

नेहा प्रकाश

गुरु वह अनन्त द्वार हैं जिसके माध्यम से ईश्वर हमारे जीवन में प्रवेश करते हैं। तथा यदि हम अपनी इच्छा और चेतना को गुरु के साथ समस्वर नहीं करते हैं तो सम्भवत: ईश्वर भी हमारी सहायता नहीं कर सकते। आजकल लोग ऐसा मानते हैं कि शिष्यत्व स्वेच्छापूर्वक गुरु को अपनी स्वतंत्र इच्छाशक्ति समर्पित करने के समान है परन्तु गुरु की सार्वभौमिक करुणा के प्रति निष्ठा निश्चित रूप से दुर्बलता का प्रतीक नहीं है।

स्वामी युक्तेश्वरजी ने कहा था, इच्छा की स्वतंत्रता पूर्वजन्म और जन्मोत्तर की आदतों या मानसिक भावनाओं के अनुसार कार्य करने में निहित नहीं है परन्तु, सामान्य मनुष्य अपना दैनिक जीवन वस्तुत: अपनी इच्छाशक्ति का रचनात्मक प्रयोग किए बिना ही व्यतीत करते हैं संकट में, दु:ख में और यहां तक कि आनन्द में भी।

स्वतन्त्रता का वास्तविक अर्थ है अपने अहंकार से मुक्त जीवन जीना। यह तभी सम्भव है जब हम अनन्त ज्ञान, सर्वसमावेशी चेतना, सर्वव्यापी प्रेम पर ध्यान करते हैं, जिसे शिष्य एक सच्चे गुरु की शिक्षाओं के माध्यम से अनुभव कर सकते हैं। गुरु शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है 'गु' का अर्थ है अन्धकार और 'रु' का अर्थ है समाप्त करना या भंग करना।

गुरु जन्म-जन्मान्तर तक हमारे हाथों को थामे रखते हैं जब तक कि हम माया की अन्धकारपूर्ण गलियों को पार कर अपने वास्तविक निवास अर्थात आत्मज्ञान में स्थित होकर सुरक्षित नहीं हो जाते, तो कोई व्यक्ति सच्चे गुरु को कैसे प्राप्त कर सकता है? ऐसा कहा जाता है कि गुरु को हम नहीं खोजते हैं, अपितु स्वयं गुरु ही हमें खोज लेते हैं।

जब सर्वोच्च सत्य को प्राप्त करने की हमारी लालसा अत्यधिक तीव्र हो जाती है, तो ईश्वर हमें आत्म-साक्षात्कार की चुनौतीपूर्ण यात्रा पर प्रगति करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक ईश्वरीय माध्यम अर्थात गुरु को भेजकर प्रत्युत्तर देते हैं। ऐसे गुरु ईश्वर के द्वारा निर्धारित होते हैं। वे ईश्वर के साथ एकाकार होते हैं और उन्हें धरती पर ईश्वर के एक प्रतिनिधि के रूप में उपदेश देने की ईश्वरीय स्वीकृति प्राप्त होती है। गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी हैं। माया के सागर को पार करने के लिए शिष्य गुरु-प्रदत्त साधना का अनुसरण करके ज्ञान की अपनी जीवनरक्षक नाव का निर्माण करता है।

परमहंस योगानन्द एक ऐसे ही सच्चे गुरु थे जो दिव्य गुरुओं की परम्परा से थे और जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व में क्रियायोग मार्ग के ज्ञान का प्रसार करने की दिशा में कार्य किया। क्रियायोग आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करने के सर्वोच्च मार्गों में से एक है। अपने आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ, योगी कथामृत में, जिसने लाखों व्यक्तियों के जीवन को उन्नत किया है, योगानन्दजी लिखते हैं कि क्रियायोग एक मनोदैहिक प्रणाली है जिसके द्वारा मानव रक्त को कार्बन से मुक्त और ऑक्सीजन से संचारित किया जाता है। इस अतिरिक्त ऑक्सीजन के परमाणु प्राणधारा में परिणत हो जाते हैं जिसके द्वारा योगी ऊतकों के क्षय को नियन्त्रित और यहां तक कि रोक भी सकता है। आध्यात्मिक प्रगति की ऐसी शक्तिशाली पद्धति को मानवजाति के साथ साझा करना आवश्यक था और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए योगानन्दजी ने अपने गुरु स्वामी युक्तेश्वरजी के आदेश से सन् 1917 में रांची में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) और सन् 1920 में लॉस एंजेलिस में सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) की स्थापना की। सत्य के साधकों के लिए एसआरएफ और वाईएसएस से आत्म-साक्षात्कार गृह-अध्ययन पाठमाला के माध्यम से क्रियायोग की शिक्षाएं उपलब्ध हैं।

ऐसा माना जाता है कि यदि किसी श्रद्धावान व्यक्ति की लालसा गहन और ईश्वर को जानने की तड़प अथक है, तो एक सच्चे गुरु स्वयं ही अपने शिष्य का मार्गदर्शन करने के लिए आते हैं। यह एक सच्चे गुरु का दिव्य वचन है। गुरु चाहे भौतिक शरीर में हों या न हों, वे सदैव उस शिष्य के निकट रहते हैं जो उनके साथ समस्वर होता है, क्योंकि एक सच्चे गुरु की चेतना शाश्वत होती है। सन्त कबीर के शब्दों में, ह्वह शिष्य अत्यन्त सौभाग्यशाली होता है जिसने एक सच्चे गुरु को खोज लिया है।

## पत्रकारिता की नाक काटने पर तुला गोदी मीडिया



निर्मल रानी

यदि आप गोदी मीडिया से जुड़े भोंपू टीवी चैनल्स पर टी आर पी केंद्रित चोंच लड़ाने व उत्तेजना पैदा करने वाली डिबेट देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जिस दिन गोदी मीडिया के इन टीवी एंकर्स को किसी न किसी डिबेट के सहभागी या दर्शकगण के बीच बैठे किसे जागरूक व्यक्ति के हभाथों घोर अपमान न सहना पड़ता हो। जनता के बीच तो यह लोग अब जाने से ही डरते हैं क्योंकि वहां भी कई बार इन्हें अपमानित होकर वापस आना पड़ा है। स्वयं के सेलेब्रेटी होने का भ्र्म पाले ऐसे कई पत्रकारों को कई बार जनता धक्के देकर भगा चुकी है। आखिर क्या कारण है कि पत्रकारिता जैसा पवित्र व जिम्मेदार पेशा अब इतना बदनाम हो गया है कि गोदी मीडिया से जुड़े वर्तमान भोंपू व पक्षपातपूर्ण एवं झूठी रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों का बर्ताव व उनका मनोभाव देखकर लोग अपने बच्चों को पत्रकारिता सिखाने से परहेज करने लगे हैं?

आम लोग बड़े ही भरोसे के साथ टी वी देखते व पत्र पत्रिकाएं पढ़ते हैं। पत्रकारों का एक राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय नेटवर्क जगह जगह के ताजा हालात के बारे में अपने अपने मीडिया संस्थान को पूरी जिम्मेदारी के साथ अवगत कराता है। इसी सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित कर देश दुनिया को किसी घटना की जानकारी दी जाती है। इसके अतिरिक्त मीडिया सरकार व समाज के दर्पण का भी काम करता है। सत्ता से उसकी नाक. ामियों पर सवाल पूछता है परन्तु गत दस वर्षों से तो यही मीडिया न केवल सरकार का वफादार भोंपू बन चुका है




बल्कि उल्टे सत्ता से सवाल करने वालों को ही कटघरे में खड़ा कर रहा हे। यह सत्ता के बजाए विपक्ष से सवाल करने को ही पत्रकारिता समझता है। गोदी मीडिया सरे आम सांप्रदायिक एजेंडा परोसता है और देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने में अपनी मुख्य भूमिका अदा कर रहा है।

पत्रकारिता को शर्मसार करने वाले ऐसे ही दलाल किस्म के पत्रकारों पर न जाने कितने मुकद्दमे चल चुके हैं और कई पर तो अभी भी चल रहे हैं। देश की अदालतें ऐसे टी वी चौनल्स व पत्रकारों को कई बार डांट फटकार लगा चुकी हैं। अभी पिछले ही दिनों रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ अर्नब गोस्वामी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मानहानि का मामला दायर कर दिया। अर्नब गोस्वामी ने ऑपरेशन सिंदूर की रिपोर्टिंग के समय कांग्रेस पार्टी को राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ी होने वाली पार्टी बताकर कांग्रेस की छवि धूमिल करने की कोशिश की थी। रिपब्लिक टीवी वही न्यूज चैनल है जिसकी स्थापना मई 2017 में अर्नब गोस्वामी व भाजपा सांसद राजीव चंद्रशेखर ने संयुक्त रूप से की थी। राजीव चंद्रशेखर उद्यमी होने के साथ साथ वर्तमान में भाजपा केरल के प्रदेश अध्यक्ष होने के अलावा पूर्व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, उद्यमिता व जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री भी हैं। उधर अर्नब गोस्वामी की तारीफ यह है कि इन्हें 4 नवम्बर 2020 को 53 साल के एक इंटीरियर डिजाइनर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके अलावा भी गोस्वामी के विरुद्ध कई आपराधिक और सिविल मामले दर्ज किए गए थे। इनमें मानहानि, उकसाने, गलत सूचना फैलाने और अन्य संबंधित आरोप शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मुंह पर कालिख पोतने वाला ऐसा दागदार व्यक्ति अब यह प्रमाण पत्र बांट रहा है कि कौन सा व्यक्ति व दल राष्ट्र भक्त है और कौन राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ा है?

कुछ दिन पहले ऐसे ही किसी एजेंडा पत्रकार ने पूरी पत्रकार बिरादरी को उस समय जलील किया जब उसने भारत की अंतर्राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व निदेशक अमरजीत सिंह दुलत का साक्षात्कार किया और उस दौरान उसने दुलत से एक अप्रासंगिक प्रश्न पूछ लिया। उसने पुछा कि कुछ दिन पहले आप पाकिस्तान गए थे? इस सवाल पर पहले तो दुलत ने पूछा की यह किसने बताया आपसे? जवाब न मिलने के बाद वे खड़े हो गए और निकालो इसको साले को...। मालूम है मैं कौन हूं? इसी तरह पिछले दिनों जी न्यूज और CNN-News18 के विरुद्ध पुंछ की अदालत ने एफआईआर का आदेश दिया तथा प्रत्येक पर 5 करोड़ रूपए का जुर्माना सुनाया। मामला यह था कि 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पुंछ में पाकिस्तानी हमले में कारी मोहम्मद इकबाल नामक एक सज्जन व्यक्ति शहीद हो गए थे। उस समय ममछमू और CNN news 18 जैसे चैनल बड़ी ही बेशर्मी से इकबाल को आतंकवादी बता रहे थे तथा बिना किसी सबूत के यह दावा कर रहे थे कि कारी मोहम्मद इकबाल का सम्बन्ध लश्कर-ए-तैयबा से था, जबकि वे स्थानीय लोकप्रिय समाजसेवी थे तथा राष्ट्रभक्त व्यक्ति थे। मरणोपरांत उनकी छवि बिगाड़ने, फर्जी व अपमानजनक सामग्री प्रसारित करने के लिए ही अदालत ने इन चैनल्स पर 5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। निश्चित रूप से यह पक्षपातपूर्ण पत्रकारिता के मुंह पर जोरदार तमाचा है। यह कैसा गैर जिम्मेदार मीडिया है कि दुश्मन की गोली से शहीद होने वाले अपने ही देशवासियों को आतंकवादी बता रहा है?

याद कीजिए 14 जून 2020 का वह दिन जब अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या कर ली थी परन्तु आत्महत्या करने के बाद उसके परिवार वालों ने सुशांत की मित्र अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को इस तरह कटघरे में खड़ा कर दिया था गोया रिया चक्रवर्ती पर दोष मढ़ने के लिए मीडिया के पास सारे सुबूत मौजूद हों। उस दौरान इसी मीडिया ट्रायल की वजह से रिया को 27 दिनों तक जेल में भी रहना पड़ा था।

रिया चक्रवर्ती पर न केवल न केवल सुशांत को आत्महत्या के लिए उकसाने भर का आरोप था बल्कि उस पर 15 करोड़ की हेराफेरी का भी आरोप लगाया गया था। यहां तक कि इस मामले में ड्रग्स के एंगल से भी जांच की गई थी परन्तु पिछले दिनों इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अदालत में दो क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी। सीबीआई की इस रिपोर्ट में अभिनेता की मौत के मामले में किसी साजिश से इनकार किया गया। गोया सीबीआई द्वारा रिया चक्रवर्ती को क्लीन चिट दे दी गई। इस रिपोर्ट के फौरन बाद जी न्यूज के स्वामी सामने आए थे और उन्होंने अपने चौनल पर इस सम्बन्ध में गलत खबर चलाने के लिए मुआफी मांगी। परन्तु बेशर्म पत्रकारों ने मुआफी मांगने की भी जरुरत महसूस नहीं की? देश में जिस तरह मीडिया द्वारा बेशर्मी की सारी हदें पार की जा रही हैं उसे देखकर यही कहा जाएगा कि पत्रकारिता की नाक कटाने पर तुला है गोदी मीडिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रजत जयंती वर्ष 25 YEARS 2000–2025 ... ढाई दशक का सुनहरा सफर

## दैनिक शाह टाइम्स के सभी विज्ञापनदाताओं, पाठकों व शुभचिंतकों को रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**मुनेश कुमार**
शंकर ईंट उद्योग
पता: चन्दैना कोली
तल्हेडी बुजुर्ग

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं




**सचिन पुनिया**
थाना प्रभारी फतेहपुर
जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**मौ. अतहर**
भावी चेयरमैन प्रत्याशी
नगर पंचायत छुटमलपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**डा. फैसल खान**
लाईफ केयर हॉस्पिटल
गंदेवडा छुटमलपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**नीरज पुंडीर**
वरिष्ठ समाजसेवी व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुजफ्फराबाद

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**अंकित वर्मा**
जिला कार्यकारिणी सदस्य
भारतीय जनता पार्टी

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**इमरान अली**
भावी प्रधान प्रत्याशी
ग्राम पंचायत गंदेवडा ब्लाक पुंवारका, सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**सुलतान अहमद**
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन तोमर
भावी प्रधान प्रत्याशी
ग्राम भटपुरा



**फरमान अली**
पूर्व प्रधन भटपुरा
भावी जिला पंचायत प्रत्याशी
वार्ड नंबर 3

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**चांदनी राठौर**
वरिष्ठ समाजसेवी
व भाजपा नेत्री

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**सुधीर प्रकार सैनी**
ग्राम प्रधान
बादशाहपुर
बिहारीगढ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**हरेन्द्र कश्यप**
वरिष्ठ समाजसेवी
ग्राम पंचायत
इस्माईलपुर, बिहारीगढ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं



**सईद अहमद त्यागी**
व्यापार मण्डल अध्यक्ष
तल्हेडी बुजुर्ग

BRAIN DISCOVERY GLOBAL SCHOOL
Pathway to wisdom

**ADMISSION OPEN**
Pre- Nursery to Class 9
Day Boarding School
Run by Ex-DPS PRINCIPALS AND PROFESSORS



PROF. MOHAMMAD KAMIL
Prof. M. Kamil, an aluminous of Birla Institute of Technology and Science (BITS) – Pilani, is a humble teacher, an educationist, an administrator, and has expertise in Software Systems. With a career span of over 36 years, he served Jamia Millia Islamia in the Faculty of Engineering and Technology. Recently he completed his five-year assignment as Director, Centre for Information Technology, Maulana Azad National Urdu University (MANUU) Hyderabad.

He has a firm belief that learning windows are always open where the child, and adult learns to make wholesome happiness.

Free Meals, Tuition, Foundation Classes
Home work completed at school only
Enroll Now 9911002019, 9911002046
NH-344 Dehradun National Highway, Near Health Centre, Haroda, Saharanpur - 247769 U.P.
Website - www.braindiscoverysaharanpur.in operated by GGF

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**विनोद कुमार**
थाना प्रभारी
गागलहेडी



दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**धनराज सिंह**
यूनिट हैड
दया शुगर मिल
गागलहेड़ी



दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त इंग्लिश मीडियम शिक्षण संस्थान **राष्ट्र देव इंटरनेशनल एकेडमी** में कक्षा नर्सरी से इंटरमीडिएट तक के प्रवेश प्रारम्भ

शिक्षण संस्थान में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कंप्यूटर क्लास व उचित क्रीडा स्थल आदि की विशेष सुविधाएं उपलब्ध



**शिवानी अग्रवाल**
पता: तल्हेडी बुजुर्ग से पनियाली मार्ग, तहसील देवबंद जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल**

सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा नर्सरी से इंटरमीडिएट तक प्रवेश प्रारम्भ।



**चेयरमैन प्रमोद त्यागी**
पता: तल्हेडी बुजुर्ग तहसील देवबंद जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**विपिन कुमार**
चौकी प्रभारी
तल्हेडी बुजुर्ग



दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**बाबूराम**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेगमपुर
तल्हेडी बुजुर्ग



सभी देशवासियों को शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं



**अंकुर सैनी**
(सभासद)
वार्ड नंबर 7
नगर पंचायत छुटमलपुर